

राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा कहा- संसद के बजाय वाशिंगटन से क्यों मिल रही है जानकारी- 10



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद - 10



ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब, भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया - 11



अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत - 12


आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
10.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.02
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 12:09 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 4 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 308, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये



रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
(A UNIT OF ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE)

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

NABH ACCREDITED
A unit of Rohilkhand Medical College

On the Occasion of World Cancer Day - 4th February
Free Consultation
Breast Cancer Mammography
Rs 200/- only
Cervical cancer testing
Rs 100/- only

200 BED का Cancer अस्पताल पिछले 5 वर्षों से आपकी सेवा में



रेडियोथेरेपी के लिए वेरियन ट्रूबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर)

High Definition MLC, SRS, SBRT, IMRT, IGRT, Rapid ARC, RGSC, VMAT, 3D CRT, 6D Couch,
3 Energy Phototherapy
5 Energy Electron Therapy



● बरेली का एकमात्र PET CT
● पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

● प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
● मुख्यमंत्री राहत कोष योजना द्वारा फ्री में इलाज की सुविधा

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY



Academic Programmes
M.D. Radiation Oncology (4 Seats)
Diploma in Radiotherapy Technician (30 Seats)
Fellowship in Oral Oncology & Reconstructive Surgery (3 Seats)

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

हमारी सेवाएं
● सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ● रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ● डे केयर कीमो थेरेपी ● इम्यूनोथेरेपी ● कैंसर आईसीयू ● फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री ● मैमोग्राफी ● कैंसर के रोकथाम की ओपीडी ● टर्मिनल कैंसर मरीजों की देखभाल ● इण्टरवेशनल रेडियोलॉजी ● पैलिएटिव केयर ● End of Life Care

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस, नजदीक सुरेश शर्मा नगर,
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली उ.प्र. 243006
हैल्पलाइन : 7891235003, पैट सीटी बुकिंग के लिए : 91 9811187117,
आपातकालीन 9258116087

Home Visit Also Available
upto 20 Kms (Radius) From hospital
Just ₹ 2000/-
For More Info Call Us
95209 78926
Teleconsultation also available on patient's request

www.rohilkhandcancerinstitute.com
Follow us in : /rohilkhand cancer institute

# मतदाता बनने को 78,000 नागरिकों ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 6 फरवरी तक लिए जाएंगे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में दावे व आपत्तियां

**अमृत विचार:** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अभियान में एक तरफ जहां अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी कर उनसे दस्तावेजी साक्ष्य के साथ आपत्तियां ली जा रही हैं। वहीं नये मतदाता बनने के लिए भी आवेदन किए जा रहे हैं। इसमें नये मतदाता बनने के लिए आवेदन करने वालों में अधिकांश ऐसे भी हैं जिनके नाम पुनरीक्षण के दौरान किसी वजह से मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं।

2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण का अभियान चल रहा है। इसमें उन मतदाताओं से दस्तावेज के साथ आपत्ति भी ली जा रही है जिनको अनमैप्ड होने के चलते नोटिस जारी किया गया है। ऐसे मतदाताओं की संख्या 1,78, 000 हैं। करीब एक लाख को नोटिस अभी भेजा जा चुका है। जिसमें से 30,000 नोटिसों का जवाब दाखिल किया जा चुका है। 6 फरवरी तक दावे व आपत्तियां लेने के बाद आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। बीएलओ के साथ बीएलए से भी प्रशासन सहयोग मांग रहा है। जिससे पारदर्शिता के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो सके। 27 तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि 78,000 लोगों ने दावा किया है।

## रामपुर से 15 सौ से दो हजार करोड़ के मेंथा का प्रतिवर्ष होता है कारोबार, व्यापारियों में जश्न का माहौल

# अमेरिका के आयात शुल्क घटाने से खिलेगा रामपुर का मेंथा कारोबार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शुल्क बढ़ने से 30 से 40 प्रतिशत कारोबार में आई थी कमी

**अमृत विचार:** भारत की अमेरिका के साथ ऐतिहासिक ट्रेड डील और आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने के फैसले के बाद रामपुर सहित पश्चिमी उप्र के मेंथा सहित सभी वर्ग के व्यापारियों में जश्न का माहौल है। मेंथा और एलाइड प्रोडक्ट्स से जुड़े निर्यातकों ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक जीत बता केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

रामपुर से मेंथा का करीब 15 सौ से दो हजार करोड़ का कारोबार प्रतिवर्ष होता है। साल 2025 में अमेरिका द्वारा भारतीय हस्तशिल्प, मेटल वेयर और मेंथा, मेंथॉल क्रिस्टल पर टैक्स बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर देने से मुरादाबाद रामपुर, संभल, बदायूं और बाराबंकी का निर्यात 30 से 40 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया था। नीरू मेंथाल के डायरेक्टर और शहर के बड़े उद्यमी अमृत कपूर ने बताया कि अमेरिकी ट्रेड डील और टैक्स में कटौती 50 से 18 प्रतिशत केवल एक कागजी समझौता नहीं है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के मेंथा उद्योग की रीढ़ की हड्डी को सीधा और मजबूत करने वाला फैसला है। जो पिछले कुछ महीनों से भारी अमेरिकी टैक्स की वजह से अपना कारोबार बंद करने की कगार पर थे। मेंथा और उससे जुड़े उत्पादों को अक्सर हरा सोना कहा जाता है और उत्तर प्रदेश इसका ग्लोबल हब है। दुनिया का 80 प्रतिशत मेंथा भारत में पैदा होता है और भारत का 90 प्रतिशत मेंथा उत्तर प्रदेश में पैदा होता है। इसमें भी रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बदायूं और बाराबंकी इस बेल्ट का दिल है।

अमेरिका के साथ व्यापार समझौता और टैरिफ में 50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की कटौती भारतीय अर्थव्यवस्था और विशेष रूप से यूपी के किसानों-निर्यातकों के लिए गेम चेंजर साबित होगी। पिछले कुछ समय से अमेरिका में सिंथेटिक मेंथॉल (कृत्रिम) का चलन बढ़ रहा था, क्योंकि भारतीय नेचुरल मेंथॉल पर टैक्स ज्यादा होने से वह महंगा पड़ रहा था। ड्यूटी 18 प्रतिशत होने से नेचुरल मेंथॉल के दाम गिरेंगे। उद्यमियों ने बताया कि अमेरिकी कंपनियां सिंथेटिक की जगह वापस शुद्ध भारतीय मेंथा तेल खरीदना पसंद करेंगी।


रामपुर में स्थापित मेंथॉल फैक्ट्री।


रामपुर और मुरादाबाद में कई सुगंधित तेल की इकाइयां हैं। आयात शुल्क कम होने पर अमेरिका से ऑर्डर नियमित आएंगे, तो मेंथा के रेट में जो भारी उतार चढ़ाव होता था, वह कम होगा। किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिलेगा। जब निर्यात का रास्ता साफ होगा और बड़े ऑर्डर आएंगे, तो मंडी में स्थिरता आएगी। यह डील उसे गिरते हुए बाजार में संभाल लेगी।
**-अमृत कपूर,** डायरेक्टर नीरू मेंथॉल


अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ को 50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत किये जाने पर उद्योग जगत ने स्वागत किया है। भारत ने स्थिति को नियंत्रण में रखने की नीति अपनाई, कोई रिश्ते खराब करने के बयान सरकार की ओर से नही दिए गए, वार्ता जारी रखी। टैरिफ की घोषणा से उद्योग जगत में उत्साह का माहौल है। रामपुर के निर्यातको को भी इसका लाभ होगा। **-श्रीष गुप्ता,** आईआईए चेयरमैन


"टैरिफ कम होने से रसायन, कृषि आधारित उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग सामान और विशिष्ट सामग्री जैसे भारतीय निर्यात क्षेत्रों में मांग बढ़ने की संभावना है। मेन्थॉल, आवश्यक तेल, सुगंधित रसायन और अन्य मूल्यवर्धित कच्चे माल जैसे उत्पाद जिनमें भारत की वैश्विक बाजार में पहले से ही मजबूत स्थिति है। भारतीय निर्माताओं को अमेरिकी खरीदारों के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंधों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है।
**-संचित गुप्ता,** अध्यक्ष, रामपुर मेंथा एसोसिएशन।

## ब्रीफ न्यूज

### 60 वर्ष की आयु पर मिलेगी 3000 रुपये पेंशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम) प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के पात्र श्रमिकों एवं व्यापारियों का पंजीयन कराया जाएगा। यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी से 15 फरवरी, 2026 तक और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 फरवरी से 15 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होगें जिनकी मासिक आय रुपये 15000/- या उससे कम है और जो आयकरदाता या ईपीएफ. ईएसआई अथवा एनपीएस के सदस्य नहीं है। इसके अन्तर्गत रिक्शा चालक, फेरीवाले, घरेलू कामगार, मिड-डे-मील, ईट भट्ठा मजदूर, निर्माण श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, खेतिहर मजदूर, हथकरघा, बीड़ी, चमड़ा उद्योग से जुडे कामगार, आंगनवाडी कार्यकत्री, आशा सहित अन्य असंगठित कर्मकार शामिल है।

### मानसिक मंदित महिला की सड़क हादसे में मौत

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनेली पूर्वी में सोमवार को वाहन की चपेट में आकर मानसिक मंदित महिला की मौत हो गई। शिनाख्त ना होने पर पुलिस ने शव को पीएम हाउस में रखवा दिया। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि मानसिक मंदित महिला की सड़क हादसे में मौत हुई है। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त नहीं होने पर शव का अंतिम संस्कार प्रशासन द्वारा कराया जाएगा।

### आज सदस्य करेंगी महिला जनसुनवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन की अध्यक्षता में आज सर्किट हाउस सभागार में 11:00 बजे महिला जनसुनवाई होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि इस महिला जनसुनवाई में पीड़ित महिलाएं सर्किट हाउस सभागार में शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

### आज लगेगा शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के व्यक्तियों को अपना स्वयं का रोजगार एवं नई इकाई/उद्योग स्थापित करने के लिए बिना ब्याज के लोन बैंक के माध्यम से दी जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी योजना के अन्तर्गत अपना आवेदन विभाग की वेबसाइट पर आनॅलाइन भेज सकते हैं। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि दोपहर 12 बजे तहसील परिसर बिलारी, अपरान्ह 1 बजे ब्लॉक परिसर बिलारी और दोपहर बाद 3 बजे ब्लाक कुन्दरकी में शिविर लगेंगे।

# अवैध रूप से संचालित स्टार हेल्थ सेंटर सील

## डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुलाबबाड़ी और पाकबड़ा में की छापेमारी

- ऑपरेशन के बाद दर्द से तड़पती मिली मरीज को जिला अस्पताल भिजवाया, डॉक्टर व स्टाफ गायब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार को बिना पंजीकृत व नियमों के उल्लंघन पर क्लीनिकों व अस्पतालों की जांच करने के लिए पाकबड़ा और गुलाबबाड़ी में पहुंची। गुलाबबाड़ी में अवैध रूप से संचालित स्टार हेल्थ सेंटर को सील कर दिया। पाकबड़ा में जांच के दौरान झोलाछापों में हड़कंप मचा रहा।

स्वास्थ्य विभाग की जांच में मंगलवार को स्टार हेल्थ सेंटर में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद उसे सील कर दिया गया। एक शिकायत के आधार पर जब टीम जांच के लिए सेंटर पहुंचीं, तो मौके पर डॉक्टर मौजूद था और न ही नर्सिंग व अन्य स्वास्थ्य कर्मी। मरीज निर्मला मिलीं, जिनका हाल ही में ऑपरेशन किया गया था। गंभीर बात यह रही कि ऑपरेशन किस डॉक्टर ने किया, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। दर्द से तड़पती मरीज की स्थिति देखते हुए उसे तुरंत जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।


स्टार हेल्थ सेंटर में जानकारी करते डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल। • अमृत विचार

### दुकानों के शटर गिराकर भागे झोलाछाप

टीम पाकबड़ा में एक अस्पताल एवं लैब पर पहुंची, जिससे झोलाछापों में हड़कंप मच गया। कुछ लोग अपने दुकानों के शटर गिराकर भाग निकले। टीम के जाने के बाद झोलाछापों ने राहत की सांस ली। टीम ने डींगरपुर रोड पर स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल में जांच की। अल्फा पैथोलॉजी लैब पहुंचने पर कई लैब वाले दुकानों के शटर गिराकर भाग निकले। डॉ संजीव बेलवाल ने बताया कि पाकबड़ा के ग्लोबल अस्पताल में डॉक्टर मौजूद थे लेकिन बायो वेस्ट निस्तारण में कमी थी। जिसमें सुधार करने की हिदायत दी है। अल्फा पैथोलॉजी लैब पर कुछ नहीं मिला है।

डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गंभीर खामियां मिलीं।

डॉक्टर व स्टाफ के अलावा ऑपरेशन से जुड़े दस्तावेज, मरीजों का रिकॉर्ड और स्टाफ रजिस्टर भी संतोषजनक नहीं मिले। नियमों का उल्लंघन व मरीजों की जान के साथ लापरवाही पर सेंटर को सील कर दिया गया। रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेज दी गई है।

"किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जांच में नियमों के गंभीर उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**-डॉ. कुलदीप सिंह,** सीएमओ

# मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड के अनुसार जिले में 283 सरकारी व निजी अस्पताल पंजीकृत
- जिले के कई अस्पतालों में ओपीडी व आईपीडी का रजिस्ट्रेशन दिखाकर सर्जरी भी हो रही

**अमृत विचार :** जिले में अस्पतालों और नर्सिंग होम के ओपीडी-आईपीडी के साथ-साथ ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का अवैध संचालन हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार जिले में कुल 283 सरकारी और निजी अस्पताल ही पंजीकृत हैं, जबकि हकीकत में 600 से अधिक अस्पताल और नर्सिंग होम बिना स्वीकृति और रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई संस्थान बिना ओटी रजिस्ट्रेशन के चोरी-छिपे सर्जरी कर रहे हैं।

पाकबड़ा स्थित मीर अस्पताल और डींगरपुर रोड पर स्थित सन हॉस्पिटल इस अव्यवस्था की बानगी माने जा रहे हैं। मीर अस्पताल के पास ओपीडी और आईपीडी का रजिस्ट्रेशन तो है, लेकिन ओटी का रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसके बावजूद यहां सर्जरी किए जाने के आरोप हैं। अस्पताल प्रबंधन ने ओटी के लिए आवेदन तो किया है, लेकिन स्वीकृति मिलने से पहले ही ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसी तरह सन हॉस्पिटल पर भी बिना ओटी रजिस्ट्रेशन के ऑपरेशन थिएटर संचालित करने के आरोप हैं। बीते दिनों एमओआईसी डॉ. अमित सक्सेना ने मीर अस्पताल में बिना रजिस्ट्रेशन के ओटी संचालन को बंद कराया था, लेकिन कुछ समय बाद फिर से संचालन शुरू हो गया।

यह स्थिति साफ तौर पर स्वास्थ्य विभाग के भीतर मौजूद लापरवाही और सांठगांठ की ओर इशारा करती है। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि जिन अस्पतालों से आवेदन हुए हैं वहां व्यवस्था व रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

# जिला अस्पताल में खुलेगा कैंसर डे सेंटर, खत्म होगी बाहर की दौड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कैंसर से पीड़ित मरीजों के लिए जिला अस्पताल में जल्द कैंसर डे-केयर सेंटर की सुविधा मिलेगी। पिछले साल जून में लाए गए इस प्रस्ताव पर स्वास्थ्य निदेशालय की औपचारिक मंजूरी मिल गई है। इससे जिले के मरीजों को काफी राहत मिलने की उम्मीद जगी है, क्योंकि अब इलाज के लिए उन्हें दिल्ली, लखनऊ, मेरठ या ऋषिकेश एम्स जैसी जगहों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

पिछले माह स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से कैंसर ट्रीटमेंट के लिए डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से चिकित्साधिकारियों से नाम मांगे गए थे। अपर निदेशक एवं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए जनरल सर्जन डॉ. आशीष कुमार सिंह, ईएमओ डॉ. जुनैद अहमद अंसारी और चार नर्सिंग स्टाफ के नाम भेज दिए गए हैं। इनका प्रशिक्षण केजीएमयू लखनऊ में होगा। प्रशिक्षण पूरा होते ही कैंसर डे-केयर सेंटर को शुरू कर दिया जाएगा। इसी वर्ष मरीजों को इस सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो सकता है। कैंसर डे-केयर सेंटर की शुरुआत के बाद बायोप्सी, दवाइयों की उपलब्धता और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएं जिला अस्पताल में ही मिलेंगी। डॉक्टरों और स्टाफ की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद 10 बेड वाले पैलिएटिव केयर वार्ड में कैंसर डे-केयर सेंटर का संचालन किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से यहां ऑन्कोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की होगी।

### कैंसर की अंतिम स्टेज के मरीजों के लिए है पैलिएटिव वार्ड

जिला अस्पताल में पिछले साल कैंसर की अंतिम स्टेज के मरीजों के लिए 10 बेड का पैलिएटिव केयर वार्ड शुरू किया गया था, लेकिन यहां मरीजों की संख्या न के बराबर रही है। चिकित्साधिकारियों के अनुसार, वार्ड में मरीज के साथ परिजन को भी रुकना पड़ता है, जिससे लोग कम ही यहां पहुंचते हैं। अधिकतर मामलों में अंतिम समय में मरीजों को घर पर ही रखकर दर्द निवारक दवाएं और इंजेक्शन दिलवाए जाते हैं। पूरे साल में केवल चार-पांच मरीज ही पैलिएटिव केयर वार्ड तक पहुंचे। हालांकि, इस वार्ड में अंतिम स्टेज के मरीजों के लिए दर्द निवारक इंजेक्शन, दवाइयां और मानसिक स्वास्थ्य के लिए थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है।

# जीएसटी चोरी: बसों से ढोया जा रहा बिना बिल का माल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिलारी क्षेत्र में जीएसटी चोरी की शिकायतें बढ़ रही हैं। बिना वैध बिल और दस्तावेजों के कच्चा माल बसों से दिल्ली के लिए रवाना हो रहा है। इन पर अंकुश नहीं लग रहा है।

यह बसें दिल्ली जाने वाली सवारियां भी ले जा रही है। छत और बस की डिग्गी में सामान ढो रही हैं। वाणिज्य कर विभाग की आंखों में धूल झोंक कर यह काम हो रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों पर तो सख्ती की जाती है लेकिन जो खुलेआम जीएसटी चोरी कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही। इससे राज्यकर और उत्तर प्रदेश सड़क राज्य परिवहन निगम को प्राइवेट बसों में दिल्ली गाजियाबाद की सवारियों को ढोकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।


दिल्ली जा रही बस में ढोया जा रहा माल।

"अनाधिकृत तरीके से सवारियां ढोने वाली कई डग्गामार बसों को बंद किया गया है। सामान्य दिनों में डग्गामार बसों बंद कर जुर्माना वसूला गया है। बिलारी में यदि इस तरह बसें सवारियां और माल ढो रही हैं तो उनको बंद किया जाएगा। – **संदीप कुमार पंकज,** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)

# गलत दिशा से ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पिकअप को मारी टक्कर, चालक की मौत

- पट्टी कला में खटीमा पानीपत मार्ग पर सोमवार देर रात हुआ हादसा एक घायल

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचार:** पट्टी कला में खटीमा पानीपत मार्ग पर सोमवार देर रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में जसपुर जा रही एक पिकअप को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृतक चालक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

सोमवार की रात करीब 10 बजे उत्तराखंड के थाना जसपुर के मोहल्ला जूल्हान निवासी भूरे अहमद (55) पुत्र मोहम्मद यासीन रामपुर क्षेत्र के मैरिज हॉल से सामान भरकर जयपुर लौट रहे थे।

पट्टी कला के खटीमा पानीपत नेशनल हाईवे पर मिल्क नौकरी अंडरपास से ऊपर की ओर गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। दोनों घायलों को काशीपुर के हायर सेंटर भेजा गया। डॉक्टरों ने पिकअप चालक को मृत घोषित कर दिया। मसवासी पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू कराया।

शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर मोर्चरी भेज दिया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की दुर्घटना में मृत्क के परिजनों की ओर से दुर्घटना की तहरीर नहीं मिली है।


क्षतिग्रस्त पिकअप।


मृतक भूरे अहमद।

### कैंटर ने बाइक को रौंदा युवक की मौत, एक घायल

**स्वार, अमृत विचार :** घने कोहरे के चलते मंगलवार सुबह स्वार क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मटर से लदी तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के पिता बैनामा लेखक हैं और वो टाइल्स लगाने का काम करता था। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीनगर जागीर हड़पुरा निवासी शांति प्रसाद सैनी तहसील में बैनामा लेखक हैं। उनका पुत्र हरीश सैनी उर्फ बाबू (23) टाइल्स व पत्थर लगाने का कार्य करता था। मंगलवार की सुबह गांव का ही अभिषेक कुमार पुत्र पप्पू कश्यप बाइक से हरीश को दढियाल छोड़ने जा रहा था। बाइक जैसे ही मुरादाबाद नैनीताल हाईवे पर गांव मुंशीगंज के आगे पहुंचे, तभी मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार मटर से लदी कैंटर ने घने कोहरे के कारण बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार हरीश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन समेत फरार हो गया। पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी पर आए परिजनों के आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे।


मृतक हरीश सैनी।


REQUIREMENT

- Junior Copy Editor/Junior Copy Writer
- Marketing Executive

Working Location
• Lucknow • Bareilly
• Moradabad • Rampur
• Haldwani • Rudrapur • Kashipur

Experience : 1-2 years
(Freshers can also apply)
Salary : As per qualification

If you want to build a career in the media, this is the right opportunity for you.

Send your CV :
head.hr@amritvichar.com
9220796663

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
अमृत विचार

H.O. : Near Satellite Bus Stand, Pilibhit bypass Road, Bareilly


### आज आएगी फर्जीवाड़े की रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक प्रोत्साहन विवाह योजना के अंतर्गत 2025 में 5 दिसंबर को कुंदरकी में आयोजित समारोह में फर्जीवाड़े की शिकायत के बाद जांच तेज हो गई है।

जांच समिति की अध्यक्षता कर रहे जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक ने बताया कि कुंदरकी में सामूहिक विवाह समारोह में 805 जोड़ों की शादी को लेकर शिकायतें मिली थीं। गंभीरता को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी द्वारा जिले के तीस अधिकारियों को प्रत्येक लाभार्थी की जांच का दायित्व सौंपा गया था। सभी अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट मंगलवार शाम तक सौंप दी है। अब इन रिपोर्टों का अध्ययन कर बुधवार को समेकित जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को दी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

उम्मीद

## पचास की जगह भारतीय उत्पादों पर अब सिर्फ अठारह प्रतिशत टैरिफ

# टैरिफ घटने से निर्यातकों में खुशी, कारोबार होगा मजबूत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हालांकि अभी भी निर्यात पर पड़ रही भारी मार, कुछ सहूलियत मिलने पर निर्यातकों में खुशी

**अमृत विचार:** अमेरिकी के द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाने से मुरादाबाद के निर्यातकों में खुशी है। हालांकि अभी भी अठारह 18 प्रतिशत टैरिफ लगा रहेगा। लेकिन पचास प्रतिशत को घटाकर अठारह प्रतिशत करने की घोषणा से हस्तशिल्प के क्षेत्र में भी बेहतरी की उम्मीद जगी है।

ट्रप टैरिफ की मार से बेजान हो रहे निर्यात में अब टैरिफ कम होने से जान आ गई है। नये आर्डर मिलने के लिए निर्यातक आशान्वित हैं। उन्हें टैरिफ की मार से कारोबार को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। क्योंकि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कई आशंकाओं के चलते पिछले कई महीने से हस्तशिल्प व पीतल इंडस्ट्री से जुड़े हर चेहरे पर मायूसी थी। वह सरकार की ओर नजर लगाए था। वहीं वैश्विक बाजार में नई संभावनाएं तलाश कर पर्यटन वाले देशों की ओर रुख किया जा रहा था। अब ट्रंप टैरिफ में पचास की जगह अठारह प्रतिशत करने की घोषणा से नई रोशनी मिली है। इसका हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद ने स्वागत किया है।

ईपीसीएच के मुख्य संयोजक अवधेश अग्रवाल ने कहा कि ट्रंप टैरिफ में रियायत मिलने से हस्तशिल्प सेक्टर को मजबूती मिलेगी। इस राहत की फुहार से नये आर्डर आने की संभावना बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि वह यूके में हैं और इस घोषणा से विदेशी कारोबारियों में भी उत्साह है। वह वीजा पाने में जुट गए हैं। यहां के कारोबारियों से हम लगातार संपर्क में रहे हैं।


अवधेश अग्रवाल।

### व्यापार समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि

भारत अमेरिका व्यापार समझौता समझौते की लंबे समय से इंतजार थी। यह समझौता श्रम-प्रधान उद्योगों को वास्तविक लाभ देगा। अमेरिका, विश्व की लगभग 3% आबादी के साथ वैश्विक क्रय-शक्ति का लगभग चौबीस प्रतिशत नियंत्रित करता है। यह ऐसा बाज़ार है, जिसे भारत किसी भी स्थिति में नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता था। राष्ट्रपति ट्रम्प की रणनीति भी इसी आर्थिक शक्ति का लाभ उठाने पर केंद्रित रही है। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ के साथ जिस ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया उसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। उसके साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौता निश्चित ही हमारे श्रम-प्रधान क्षेत्र जैसे फुटवियर एवं लेदर गुड्स, वस्त्र एवं परिधान, हस्तशिल्प, खिलौने तथा अन्य एमएसएमई आधारित उद्योगों में 3 से 5 गुना तक रोज़गार और निर्यात वृद्धि संभव होगी। यह मुक्त व्यापार समझौते भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे।


राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा कहा- संसद के बजाय वाशिंगटन से क्यों मिल रही है जानकारी- 10


अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद - 10


ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब, भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया - 11


अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत - 12

आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.02
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 12:09 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082
बुधवार, 4 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 308, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से झूमा बाजार, रुपया मजबूत, सोना-चांदी ऊपर चढ़े

## चौतरफा दिखी हरियाली, सेंसेक्स 2073 और निफ्टी 639 अंक चढ़े, अडाणी के शेयर 11% तक चढ़े



**मुंबई, एजेंसी**

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा से उत्साहित भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल आया। मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद 4,205.27 अंक यानी 5.14 प्रतिशत उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली होने से यह 2,072.67 अंक यानी 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,252.80 अंक यानी 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,341.20 अंक तक पहुंच गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत के बाद कहा था कि भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। हालांकि, अभी समझौते का विवरण सामने नहीं आया है। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 9.12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। वहीं अडाणी के शेयरों में 11% तक उछाल दर्ज किया गया।

### निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को बड़ी छलांग लगाई जिससे निवेशकों की पूंजी एक ही कारोबारी सत्र में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। दिग्गज कंपनियों में बढ़त के बीच मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी खासी तेजी दर्ज की गई। इस चौतरफा तेजी के बीच बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 12,10,877.45 करोड़ रुपये बढ़कर 4,67,14,754.77 करोड़ रुपये (5.16 लाख करोड़ डॉलर) हो गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,304 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 981 शेयरों में गिरावट रही और 137 अन्य अपरिवर्तित रहे।

### मजबूत वैश्विक संकेतों व कमजोर डॉलर के बीच चांदी 24,000 रुपये चढ़ी



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच चांदी और सोने की कीमतों में तीन दिन की तेज गिरावट का माहौल मंगलवार को खत्म हो गया और राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में इनमें मजबूत उछाल आया। इस दौरान चांदी 24,000 रुपये बढ़कर 2.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई तथा सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर जा पहुंचा।

### रुपया 122 पैसे की छलांग के साथ 90.27 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने एक कारोबारी सत्र में 122 पैसे या 1.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि समझौते होने के बाद भारतीय रुपया ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू शेयर बाजार में भी लगभग 2.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सोमवार को रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### भारत ने अहम प्रौद्योगिकी एसएफडीआर का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने मंगलवार को ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में सहायक होगी और शत्रु पर रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र स्थित चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। रक्षा मंत्री ने एसएफडीआर प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग जगत की सराहना की।

### 18 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड परीक्षाएं

**प्रयागराज।** उप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होंगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 18 जिलों को संवेदनशील घोषित किया गया है। 20 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान और इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र, 23 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी, 25 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान, 26 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व इंटरमीडिएट भूगोल तथा 27 फरवरी की दूसरी पाली में संबंधित विषयों की परीक्षाओं के दौरान अति उच्च सतर्कता और विशेष निगरानी रहेगी।

# मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें, डेटा शेयर की इजाजत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने गोपनीयता नीति पर लगाई फटकार, कहा- देश की निजता सबसे ऊपर

- नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष कोर्ट ने गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सएप को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए। पीठ मेटा और व्हाट्सएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जो एनसीएलएटी के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं, जिसने विज्ञापन से जुड़े डेटा साझा करने के मामले में सीमित राहत देते हुए प्रभुत्व के दुरुपयोग संबंधी सीसीआई के निष्कर्षों को बरकरार रखा था। सीजेआई ने कहा, आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक शब्द भी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे, या तो आप लिखित वचन (अंडरटेकिंग) दें, आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते।



### गोपनीयता शर्तें चालाकी से तैयार की गईं, आम आदमी समझ ही नहीं सकता

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक सभ्य तरीका है, हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे... आपको लिखित वचन देना होगा, अन्यथा हमें आदेश पारित करना होगा।

### उच्च न्यायालयों में महीनों फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा एक चिह्नित बीमारी, इसे खत्म किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने समय पर न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा 'एक चिह्नित बीमारी' है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल चार दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक वकील को पूरा फैसला उपलब्ध कराया जाए। देरी का जिक्र करते हुए, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, ऐसा लगता है कि सिर्फ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है, कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के न्यायाधीश होते हैं। उन्होंने कहा, एक मेहनती न्यायाधीश होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं। कुछ न्यायाधीश ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते। हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं। यह कोर्ट के सामने एक चुनौती है और यह पहचानी हुई बीमारी है। इसका इलाज होना चाहिए।

# संसद में टूटी मर्यादा, विपक्षी सांसदों ने कागज उछाले, आठ निलंबित

- सत्तापक्ष-विपक्ष में टकराव बढ़ा हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अगले दिन तक के लिए स्थगित की गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय को लेकर जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को उस वक्त सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का नया मोर्चा खुल गया जब आसन के समीप कागज उछालने के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के सात सदस्यों और माकपा के एक सांसद को सदन से निलंबित किया गया है।

सदन में गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित लेख का हवाला देकर चीन का विषय उठाने का प्रयास किया, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। हालांकि उन्होंने इस लेख को सत्यापित किया और सदन के पटल पर रखा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए।


सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी पर उछाले गए कागज के टुकड़े।


संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल के बीच हुई बहस।

### आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे

इससे पहले, राहुल गांधी के चीन का विषय उठाने का प्रयास करने, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते तथा कुछ अन्य विषयों को लेकर सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी थी। विपक्षी सदस्यों ने सदन में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं मिलने के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे। उस समय आसन पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी बैठे थे।

# भारत-अमेरिका समझौता बड़ा फैसला : प्रधानमंत्री


नई दिल्ली में संसदीय दलों की बैठक में शिरकत करने जाते प्रधानमंत्री मोदी।

- मोदी ने राजग की संसदीय दल की बैठक में कहा- हर देशवासी के लिए व्यापार समझौता लाभदायक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है जो हर देशवासी के लिए लाभदायक होगा। बैठक में शामिल सांसदों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने राजग के संसदीय दल की बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है।

राजग के घटक दलों के सदस्यों ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी और कहा कि इससे भारतीय विनिर्माताओं, निर्यातकों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। बैठक में शामिल सांसदों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है और देश में सभी को इससे लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए है जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय उत्पादों पर शुल्क को कुल 50 प्रतिशत से कम करके 18 प्रतिशत करेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि पूरे देश में इस समझौते को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा, सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नौ व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं जो ऐतिहासिक है। देश में बहुत अच्छा माहौल है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'राजग संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया, जहां हमने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सदस्यों ने भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

# 60 हजार करोड़ के घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी**



- शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. में बतौर निदेशक तैनात था आरोपी अतुल

शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े बहुचर्चित 60 हजार करोड़ के निवेश घोटाले में कंपनी के निदेशक अतुल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) टीम ने गुडंबा इलाके से मंगलवार को दबोचा।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के अनुसार, शाइन सिटी कंपनी ने प्रदेश के कई जनपदों में सस्ते भूखंड और अन्य प्रलोभनकारी योजनाओं के नाम पर निवेशकों से 60 हजार करोड़ रुपये निवेश कराए। रुपये लेने के बाद न तो भूखंड दिए गए और न ही निवेश की गई धनराशि वापस की। कंपनी के निदेशक और अधिकारी कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे। अतुल सिंह लखनऊ स्थित शाइन सिटी के आर स्क्वायर, विपुल खंड कार्यालय में प्रॉपर्टी सेल्स का काम संभालता था। निवेशकों को लुभावनी योजनाओं में फंसाकर निवेश कराने में सक्रिय भूमिका निभाता था। उसके खिलाफ थाना गोमतीनगर में वर्ष 2021 में दो एफआईआर दर्ज किए गए थे। जिसकी जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला का मल निवासी अतुल गुडंबा के स्मिथ अपार्टमेंट में रहता था, जहां से ईओडब्ल्यू की क्रैक टीम ने उसे दबोच लिया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा 8 से 10 जून तक

- 32,679 पदों के लिए तीन दिन, दो पालियों में परीक्षा, आयु सीमा में तीन वर्ष की बड़ी राहत

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में सिपाही बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत होने वाली लिखित परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी सूचना के अनुसार सिपाही भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आठ जून (सोमवार), नौ जून (मंगलवार) और 10 जून (बुधवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा तीनों दिनों में दो-दो पालियों में कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में कुल 32,679 पदों को भरा जाएगा। परीक्षा केंद्र, एडमिट कार्ड, शिफ्ट टाइमिंग और अन्य दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर समय से जारी किए जाएंगे। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिपाही भर्ती-2025 में अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण दिया गया है। गौर है कि वर्ष 2024 में उप्र पुलिस में 60,244 सिपाही पदों पर भर्ती की गई थी, जो अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती थी।

**उपलब्धि** देश-विदेश की फार्मा कंपनियों के साथ 5525 करोड़ रुपये के हुए 11 समझौते, हजारों लोगों के रोजगार की उम्मीद, फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती

# यूपी फार्मा कॉन्क्लेव में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का एलान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' के दौरान प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर को बड़ी निवेश सौगात मिली। कुल 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि मंच से औषधि, मेडिकल डिवाइस और संबद्ध क्षेत्रों में 5,525 करोड़ रुपये के 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश के फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती मिलने के साथ ही हजारों नए रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।

प्रमुख निवेशकों में अर्ना फार्मा और बायोजेंटा लाइफ साइंसेज ने 1,250-1,250 करोड़, शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स ने 737 करोड़, वाल्टर बुशनेल एंटरप्राइज ने 590 करोड़ रुपये, ज्ञानविका लैब्स ने 553 करोड़ रुपये और कोरो हेल्थ ने 418 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा मार्क लेबोरेटरीज (300 करोड़), हाई ग्लांस लैबोरेटरीज (120 करोड़), रासपा फार्मा (107 करोड़), रोमसंस मेडवर्ल्ड (100 करोड़) और कोटक हेल्थकेयर (100 करोड़) ने भी यूपी में निवेश के लिए एमओयू किए। इन निवेशों से फार्मा मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च, मेडिकल डिवाइस और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव 1.0' में रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी,टोरंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता,मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल व सन फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन पद्मश्री दिलीप सांघवी प्रमुख रूप से मौजूद थे।


फार्मा कॉन्क्लेव में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी। साथ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व अन्य।

### भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा : योगी

योगी ने कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को आज एक विश्वसनीय वैश्विक साझेदार के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत किसी दबाव में झुकने वाला देश नहीं है और 'सत्यमेव जयते' के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। यह आत्मविश्वासी भारत की पहचान है।

### 24 घंटे में खाली हुई 65 हजार एकड़ जमीन

मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद किए गए भूमि सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन के बाद 24 घंटे के भीतर 65 हजार एकड़ सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई गई, जो आज प्रदेश का मजबूत लैंड बैंक बनी है। इसी के माध्यम से उद्योगों और निवेश को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है।

### पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए

कॉन्क्लेव के दौरान योगी ने एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती जरूरी है। कहा कि अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए?

## न्यूज ब्रीफ

### अति पिछड़ा महासंघ ने यूजीसी पर जताई चिंता

मुरादाबाद, अमृत विचार : अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के हितों से जुड़े यूजीसी प्रावधानों को लेकर अखिल भारतीय अति पिछड़ा महासंघ ने चिंता जताई है। संगठन की ओर से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया। मंगलवार को दिए ज्ञापन में अखिल भारतीय अति पिछड़ा महासंघ के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. राजकुमार कश्यप ने मांग की है कि केंद्र सरकार द्वारा देश के बड़े कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए समान अवसर और शैक्षिक भेदभाव समाप्त करने के उद्देश्य से यूजीसी से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए जाने का निर्णय लिया गया था। जो सामाजिक न्याय की दिशा में एक सराहनीय कदम था। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन प्रावधानों को अधर में रखे जाने से वंचित वर्गों के विद्यार्थियों में निराशा है। उन्होंने कहा है कि इस संबंध में सकारात्मक पहल करते हुए सुप्रीम कोर्ट में उत्पन्न बाधा को दूर कराया जाए।

### बैठक में चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

मुरादाबाद, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज में यूपी. एजू. मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन जनपद शाखा की बैठक मंगलवार को हुई। जनपदीय कार्यकारिणी के गठन एवं चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान जनपदीय कार्यकारिणी का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। चुनाव की समय-सारिणी पर सदस्यों ने विचार रखे। निर्णय लिया गया कि चुनाव प्रक्रिया बोर्ड परीक्षा के बाद कराई जाएगी। चुनाव संबंधी निर्णय लेने के लिए मंडल अध्यक्ष सैयद आसिफ हसन को अधिकृत किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक कर चुनाव कराए जाएंगे। इस प्रस्ताव पर सदन ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की। यह भी निर्णय लिया गया कि नये चुनाव होने तक वर्तमान जनपदीय कार्यकारिणी अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी। बैठक में मनुराज शर्मा, रश्मि यादव, मालिनी शर्मा, अतुल कुमार, प्रवीण कुमार, भूपेन्द्र यादव, रूपकिशोर, रविचन्द्र, शेर सिंह, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजपाल सिंह, फराज हैदर, दिलदार हुसैन, राजेश शर्मा, नरेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पवन तिवारी बने शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पवन तिवारी के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन एसएस इंटर कॉलेज में चार फरवरी को दोपहर एक बजे होगा। समारोह में प्रदेश एवं जनपद स्तर के राज्य कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनु. 0942831 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनु. 0716754 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गए है। हरप्रीत सिंह पुत्र चरनजीत सिंह, निवासी मौ. विशारतनगर तह. बिलासपुर (रामपुर)

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1994 अनु. 0394501 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। इन्दरपाल कौर पुत्री परमजीत सिंह, निवासी मौ. बाजार कलां तह. बिलासपुर (रामपुर)

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनु. 0917751 का प्रमाण पत्र, सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। पूजारानी पुत्री चेतराम, निवासी गांव महूनागर तह. स्वार (रामपुर)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## दिन भर नहीं निकली धूप, प्रभावित हुआ जनजीवन

# मौसम का यू टर्न...सूरज ओझल, कोहरे व पाले से गलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


ठंड में बच्चे को शाल में हुडा कर ले जाती महिला।

अमृत विचार : मंगलवार को मौसम ने एक बार फिर अपना मिजाज बदलते हुए लोगों को ठंड का अहसास कराया। पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए, जिससे वातावरण में ठिठुरन बनी रही। सुबह घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई। लोग देर से घरों से निकले और कई स्थानों पर वाहनों की रफ्तार भी कोहरे के चलते प्रभावित हुई। दो दिन धूप निकलने से लोग ठंड की विदाई मान रहे थे लेकिन अचानक मौसम पलटने से लोग स्वेटर, जैकेट पहन कर निकले।

सुबह करीब 11 बजे तक पाला गिरता रहा, जिससे ठंड और अधिक बढ़ गई। खेतों, छतों और खुले स्थानों पर जमी सफेद परत दिखी। पाले के कारण सब्जी उत्पादक किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह पाला पड़ता रहा तो आलू, सरसों और हरी सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। दिन भर धूप न निकलने से ठिठुरन का असर साफ नजर आया। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे और अलाव का सहारा लेते दिखाई दिए। बाजारों, चौराहों और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह लोग आग जलाकर ठंड से बचाव करते रहे। खासकर बुजुर्गों और बच्चों पर ठंड का असर ज्यादा देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हालांकि तापमान बहुत नीचे नहीं गया, लेकिन धूप न निकलने और नमी बढ़ने के कारण ठंड ज्यादा महसूस की गई।

### अगले कुछ दिनों तक सुबह और रात में रहेगी ठंड

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले कुछ दिनों तक सुबह और रात के समय ठंड बनी रह सकती है। ठंड बढ़ने से अस्पतालों में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें, सुबह के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

# ठंडी हवा कर रही बच्चों को बीमार पसली चलने से पहुंचे अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला अस्पताल में रोज आ रहे 8-10 निमोनिया के मामले

अमृत विचार : इन दिनों चल रही तेज ठंडी हवा बदलते मौसम का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। खांसी, जुकाम और बुखार के साथ सांस लेने में दिक्कत की शिकायत लेकर बच्चे जिला अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओपीडी में पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रतिदिन 8-10 बच्चे निमोनिया से पीड़ित होकर इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार मौसम में अचानक ठंड बढ़ने और दिन-रात के तापमान में अंतर के कारण बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है। खासकर नवजात और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे इससे अधिक संक्रमित हो रहे हैं। अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही कतार लग रही है। कई मामलों में बच्चों को भर्ती कर ऑक्सीजन और दवाओं से इलाज किया जा रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह ने बताया कि इस समय बच्चों को विशेष देखभाल की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि तेज ठंडी हवा और नमी के कारण बच्चों में सर्दी-जुकाम तेजी से निमोनिया का रूप ले सकता है। यदि बच्चे को तेज बुखार, लगातार खांसी, सांस फूलना या सीने में जकड़न की शिकायत हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। लापरवाही भारी पड़ सकती है। अभिभावकों को सलाह दी जा रही है कि बच्चों को ठंड से बचाकर रखें, सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनाएं और ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचाएं।

## अंतर महाविद्यालय फुटबॉल का ट्रायल

मुरादाबाद, अमृत विचार: गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के तत्वावधान में स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का ट्रायल किया गया। शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने गुब्बारे उड़ाकर किया।

मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से टीमें आईं। प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। गुरु जम्भेश्वर विवि के खेल विशेषज्ञ प्रो. मनु मिश्रा व पर्यवेक्षक डॉ. नीतू सिंह मौजूद रहीं। संयोजन खेल संयोजिका प्रो. मीनाक्षी शर्मा एवं प्रो. सीमा गुप्ता ने किया। आयोजन खेल प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया।

# समरसता, संस्कृति और राष्ट्रबोध पर चिंतन

## रामलीला मैदान व हनुमान नगर में हिंदू सम्मेलन आयोजित, पंच परिवर्तन पर वक्ताओं ने रखे विचार

- हिंदू मान्यताओं से जुड़े मठ, मंदिर और गुरुद्वारे सरकारी नियंत्रण से मुक्त होने चाहिए: डॉ. पवन सिन्हा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



लाजपत नगर में विराट हिंदू सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डॉ पवन सिन्हा।


हिंदू सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ता। • अमृत विचार

अमृत विचार : हिंदू समाज की एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। पहला लाजपत नगर स्थित रामलीला मैदान और दूसरा हनुमान नगर की गंगा मंदिर बस्ती में हुआ।

लाजपत नगर रामलीला मैदान में जात-पात की करो विदाई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई के बोधवाक्य को साकार करते हुए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और सनातनी समा ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि पावन चिंतन धारा आश्रम से आए डॉ. पवन सिन्हा ने कहा कि हिंदू मान्यताओं से जुड़े मठ, मंदिर और गुरुद्वारे सरकारी नियंत्रण से मुक्त होने चाहिए। उन्होंने युवाओं से सांस्कृतिक परंपराओं को समझने और उसी अनुरूप जीवन जीने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री धनीराम ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर कहा कि संघ बड़ा बनने के लिए नहीं, बल्कि निरंतर समर्पित भाव से राष्ट्र सेवा करने के लिए बना है।

विशेष अतिथि डॉ. दीप्ति सिंघल ने कहा कि पेड़ केवल हरियाली नहीं, बल्कि धरती माता की संतान हैं। विभाग संघचालक सुरेंद्र पाल सिंह ने कुटुंब प्रबोधन, भारत के 'स्व' और नागरिक कर्तव्यों पर समाज से गंभीर चिंतन का आग्रह किया। कार्यक्रम में शबद कीर्तन, वेद पाठ, श्रीराम व मां सरस्वती पर नृत्य प्रस्तुति सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। अध्यक्षता गौरव अग्रवाल व संचालन अनमोल मेहरोत्रा ने किया।

वहीं, हनुमान नगर की गंगा मंदिर बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने की। संचालन अजय सोती (अतुल) ने किया। महानगर सह कार्यवाह प्रमोद जोशी ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला, जबकि एबीवीपी के प्रांत प्रमुख छात्र शक्ति सनी ने हिंदुत्व विषय पर विचार रखे। पंच परिवर्तन के अंतर्गत नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध और पर्यावरण संरक्षण विषय पर संजीव चौधरी ने अपने विचार रखे। इस मौके पर धीरशांत दास, एसवीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अवधेश पाठक, हनुमान नगर के नगर कार्यवाह दीपक रस्तोगी, सह नगर कार्यवाह अभिषेक रस्तोगी, संजय, साकार, कुन्नू शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता आदि रहे।

# शब-ए-बरातः इबादत, तौबा और दुआओं में बीती रात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कब्रों पर दुआ पढ़ते बच्चे।

अमृत विचार : शब-ए-बरात की पाक रात मुसलमानों ने पूरी तरह इबादत, तौबा और दुआओं में गुजारी। इस अवसर पर लोगों ने पूरी रात जागकर अल्लाह की बारगाह में अपने गुनाहों की माफी मांगी और रहमत व मगफिरत की दुआएं कीं। इबादत का सिलसिला देर रात से शुरू होकर तड़के फज्र की नमाज तक लगातार जारी रहा।

मुस्लिम समाज में शब-ए-बरात को बेहद अहम और फज़ीलत वाली रात माना जाता है। इस रात अल्लाह की रहमत नाजिल होने की मान्यता है। इसी विश्वास के साथ मंगलवार को शाम ढलते ही महानगर से लेकर देहात क्षेत्रों तक मुसलमानों ने मस्जिदों का रुख किया। ईशा की नमाज अदा करने के बाद लोग कब्रिस्तानों में पहुंचे, जहां अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनके लिए मगफिरत की दुआ की। कब्रिस्तान में हाजिरी के बाद मुसलमान पूरी रात मस्जिदों में इबादत में मशगूल रहे। इस दौरान नफ्ल नमाज, कुरान की तिलावत और तौबा-इस्तेगफार का सिलसिला चलता रहा। देर रात जामा मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद समेत शहर की अन्य मस्जिदों में सामूहिक दुआएं हुईं, जहां लोगों ने भावुक होकर रो-रोकर दुआ मांगी। नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने बताया कि शब-ए-बरात की रात अल्लाह की खास रहमत बरसती है और इसी वजह से यह रात इबादत और तौबा के लिए बेहद खास मानी जाती है।

# बिना सुरक्षा सीवर में नहीं उतरेंगे सफाई मित्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देते अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह। • अमृत विचार

- सफाई मित्रों की सुरक्षा व सम्मान को समर्पित 'नमस्ते' योजना लागू
- नगर निगम की ओर से मॉक ड्रिल व जागरूकता रैली का आयोजन

अमृत विचारः नगर निगम मुरादाबाद की अनुबंधित आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) एजेंसी द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नमस्ते (नेशनल एक्शन फॉर मकेनाइज्ड सैनिटाइजेशन ईकोसिस्टम) योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए जागरुकता रैली निकालने के साथ मॉक ड्रिल किया गया। इसका उद्देश्य सीवर एवं नालों की सफाई प्रक्रिया को पूरी तरह मशीनीकृत कर सफाई मित्रों को जोखिम मुक्त, सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है।

इसका आरंभ मंगलवार को अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। सीवर सफाई में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक यंत्रों एवं वाहनों को प्रदर्शित किया गया। जिसमें सीवर जेटिंग मशीन एवं सक्शन मशीन, पावर बकेट एवं जेटिंग-कम-सक्शन मशीन, गली एम्पटीयर, सुरक्षा उपकरण जैसे गैस मास्क, श्वसन उपकरण, गैस मॉनिटर और विशेष सेफ्टी बॉडी सूट शामिल रहा। नगर निगम के जलकल विभाग की टीम ने सीवर होल की मशीनीकृत सफाई का सजीव प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से दिखाया गया कि आधुनिक मशीनों की सहायता से बिना किसी मानव हस्तक्षेप के सीवर की सफाई किस प्रकार सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से की जा सकती है। अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह ने सफाई मित्रों के अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्हें सुरक्षा किट और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नमस्ते योजना का उद्देश्य सफाई मित्रों को केवल कर्मी नहीं, बल्कि स्वच्छता उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। सरकार का संकल्प है कि अब कोई भी सफाई मित्र बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में नहीं उतरेगा। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार त्रिपाठी, राज्य नमस्ते परियोजना समन्वयक आकाश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायत निधि में गड़बड़ी पर मंडलायुक्त सख्त

मुरादाबाद, अमृत विचारः ग्राम पंचायतों की विकास निधि में गड़बड़ियों पर मंडलायुक्त ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने उप निदेशक पंचायत राज को 150 शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया है।


उप निदेशक पंचायत राज अभय कुमार यादव ने मंडल के पांचों जिलों के जिला पंचायत राज अधिकारियों (डीपीआरओ) से संबंधित शिकायतों का विस्तृत विवरण तलब किया है। जिन ग्राम पंचायतों में अनियमितताएं पाई गई हैं, वहां के ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी करने के लिए डी पीआरओ को निर्देश दिया। लगभग 150 ग्राम पंचायतों में पिछले कई वर्षों से विकास कार्यों की निधि से संबंधित ऑडिट लंबित है। ऑडिट के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिसकी जानकारी जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने मंडलायुक्त को दी है। कि कई ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों द्वारा विकास कार्यों से संबंधित खर्च के बिल एवं वाउचर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिसके चलते ऑडिट प्रभावित हो रही है।

## सिटी डायरी



### पार्क में ताला लगाने के विवाद में एसएसपी को दिया ज्ञापन

मुरादाबाद, अमृत विचार : दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर कॉलोनी के पार्क में ताला लगाने को लेकर विवाद हो गया। मामले में एक महिला के साथ मारपीट से गुस्साई महिलाओं ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। मानसरोवर कॉलोनी निवासी महिला कलावती ने आरोप लगाया कि कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने 31 जनवरी को पार्क में उसकी मां के द्वारा लगाए ताले को खोलने के लिए कहा जिस पर आरोपी ने उसे पीटा। इसकी तहरीर महिला ने मझोला पुलिस को दी थी। पीड़ित महिला का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने में ढिलाई बरत रही है। जिसके चलते पीड़िता ने मोहल्ले की रहने वाली वाली अन्य महिलाओं के साथ बसपा जिलाध्यक्ष निर्मल के नेतृत्व में एसएसपी कार्यालय पर ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।




### छह फरवरी को रिलीज होगी फिल्म चक्कर चवन्नी

मुरादाबाद, अमृत विचार : फिल्म चक्कर चवन्नी को लेकर कांठ रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई। बताया कि फिल्म का निर्माण दीक्षित फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। इसके निर्माता डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित व रमा दीक्षित हैं, जबकि निर्देशन महानगर के ही डीपी सिंह (देव) ने किया है। निर्देशक डीपी सिंह ने बताया कि फिल्म का मुख्य उद्देश्य दर्शकों को स्वस्थ, सार्थक और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करना है, जिसे हर आयु वर्ग के लोग एक साथ बैठकर देख सकें। यह हास्य फिल्म हैं। इसमें आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हालात को हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में मुंबई कलाकारों के साथ ही हास्य कलाकार स्वर्गीय राजू श्रीवास्तव के भाई दीपू श्रीवास्तव अपने मदमस्त अंदाज में नजर आएंगे। बताया कि फिल्म छह फरवरी को मूवी टाइम सिनेमाघर में लगेगी। इस मौके पर शिव मिगलानी, राजेंद्र कुमार टंडन, आरएन बाजपेई, राकेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।



### पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ का समापन

मुरादाबाद, अमृत विचार : पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ एवं श्री शिव कथा महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को मां पीतांबरा बगलामुखी देवी यज्ञ हुआ। इसमें मुख्य यजमान शरद सिन्हा, कमल गुप्ता, अमित अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल और अशोक यादव ने आहुति दी। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर कल्याण की कामना की। अनुष्ठान श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी के निर्देशन में आचार्य उत्तम पांडे, यश पांडे व तेजनारायण मिश्र ने कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने माता रानी के भजनों का आनंद लिया और श्रद्धा के साथ आरती की। माता रानी से परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। अनुष्ठान के बाद भंडारा का आयोजन हुआ, इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रिया अग्रवाल, प्रणीत गुप्ता, केके गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल मल्लू, दिनेश अग्रवाल, वरुण, नरेश सक्सेना, विकास ममगाईं, मुकेश कौशिक, विपिन अग्रवाल, अनिता श्रीवास्तव, सुमन सक्सेना समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### विद्यार्थियों ने की बजट पर चर्चा

मुरादाबाद, अमृत विचार : तीर्थंकर महावीर विवि के अंतर्गत तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एवं आईएसटीडी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बजट पे चर्चा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की वित्तीय समझ को सुदृढ़ करना रहा। बजट पे चर्चा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं अनुभवी एजुकेटर अभिनव अग्रवाल रहे। उन्होंने केंद्रीय बजट की संरचना, प्रमुख प्रावधानों, कर प्रणाली में हुए परिवर्तनों तथा बजट का आम नागरिक, उद्योग और युवा वर्ग पर पड़ने वाले प्रभावों को सरलता से समझाया। कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आर्थिक दिशा और प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब होता है। एक इंटरएक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बजट, टैक्सेशन, सरकारी योजनाओं और आर्थिक नीतियों से जुड़े प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान टिमिट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने कहा कि ऐसे समसामयिक एवं अकादमिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर की वास्तविक आर्थिक दुनिया से जोड़ते हैं।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू


लाजपत नगर से निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लाजपत नगर स्थित शिव मंदिर में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया और पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत जी को सिर पर रखकर लाजपत नगर के मार्गों से होकर शोभायात्रा निकाली।

वृंदावन से आए कथाव्यास पंडित राधे-राधे महाराज ने पहले दिन प्रवचन में श्रीमद्भागवत कथा का माहात्म्य सुनाया। कहा कि कथा मानव को धर्म, भक्ति, सदाचार और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इस मौके पर पंडित मनमोहन तिवारी, संजय अरोड़ा, गौरव अनेजा, काले पहलवान, राजीव गुंबर, लवी अरोड़ा, तुषार अग्रवाल, शोभित रस्तोगी, अमन टंडन, मोना अरोड़ा, नीता टंडन, पूजा छाबरा, मीनाक्षी छाबरा, रमा अग्रवाल मौजूद रहीं।

# सीडीओ ने की आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा बैठक में की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाने वाले घटकों पर चर्चा हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग, पोषण वाटिका तथा वाल पेंटिंग कराने की प्रगति की समीक्षा की। इन कार्यों में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए सुझाव दिए। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, केंद्रों पर हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन, पीएमएमवीवाई, एफआरएस, पोषाहार वितरण, वीएचएसएनडी सत्रों के आयोजन एवं पर्यवेक्षण, एनआरसी में सैम बच्चों के संदर्भन तथा केंद्रों पर बच्चों के वजन जैसी गतिविधियों की भी प्रगति देखी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि सक्षम केंद्रों पर कार्य जल्द पूरा कराएं। केंद्रों पर हॉट कुक्ड फूड योजना का संचालन सुनिश्चित करने आदि का निर्देश दिया।


कार्यों की समीक्षा करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। • अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर खादर निवासी सलोनी चौहान पुत्री सुरेंद्र सिंह की शादी सुमित उर्फ नवनीत कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम मोर मखदूमपुर, बिजनौर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति सुमित, ससुर व अन्य लोग दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे थे। इस संबंध में कई बार पंचायतें हुई। अगस्त 2025 में उसका पति उसे मायके छोड़कर चला गया। विवाहिता के दो बेटियां हैं उनका भी खर्चा उसका पति नहीं दे रहा है। दहेज में 10 लाख रुपए की मांग उसके ससुराल वाले कर रहे हैं। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम हुआ घोषित

**बिलारी, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट में 2 फरवरी से कक्षा 12 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। प्रधानाचार्य रघुपति देव ने बताया कि 4 फरवरी को भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा, 5 फरवरी को भौतिक विज्ञान एवं गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा, 6 फरवरी को जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा एवं 7 फरवरी को रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित होनी है। सभी संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र-छात्राएं अपनी प्रयोगात्मक परीक्षा में उपस्थित हो।

### कब्रिस्तानों में फातिहा पढ़कर की मगफिरत की दुआ

अगवानपुर, अमृत विचार : मंगलवार की रात शब-ए- कद्र के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर देर रात तक बुजुर्गों की मगफिरत के लिए दुआएं कीं। कमेटियों द्वारा साफ-सफाई के साथ-साथ कब्रिस्तान में रोशनी का भी इंतेज़ाम कराया ताकि कब्रिस्तान में दुआएं करने के लिए आने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो। मस्जिदें भी नमाजियों से खचाखच भरी नजर आईं। मोहल्ला कुरेशियान, वह मोहल्ला सैफियान, कलालपुरी वह मोहल्ला ढाप के अलावा अन्य कब्रिस्तानों को भी रोशन किया गया साथ ही नगर की दरगाहों पर भी भीड़ उमड़ी रही वहां भी मन्नतों का सिलसिला जारी रहा। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती फरीद रजा मिस्वाही ने बताया कि यह रात बरकतों की रात है। इबादत को कुबूल करके अल्लाह अपने नेक बंदों के गुनाहों को माफ कर देता है। नगर के शिया समुदाय के कब्रिस्तानों में भी साफ-सफाई के साथ रोशन किया गया।

# बेटियों की सुरक्षा, संस्कृति की रक्षा को सजग रहें

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सम्मेलन में साध्वी प्राची ने हिंदुओं से की एकजुटता की अपील

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में साध्वी डॉ. प्राची दीदी के ओजस्वी, प्रखर और कटाक्षपूर्ण उद्बोधन ने श्रोताओं को झकझोर कर रख दिया। उनके भाषणों से पूरा पंडाल राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कृति और सामाजिक चेतना के नारों से गूंज उठा।

साध्वी प्राची ने हिंदू समाज की एकता, संस्कृति की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले सौ वर्षों से समाज को जोड़ने और राष्ट्र को सशक्त करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने शताब्दी वर्ष को केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और आत्मबल जागृत करने का अवसर बताया।

साध्वी प्राची ने लव जिहाद के मुद्दे पर तीखा कटाक्ष करते हुए समाज को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को अपनी बेटियों की सुरक्षा, संस्कृति की रक्षा और सामाजिक जागरुकता के लिए सजग रहना होगा। उन्होंने युवाओं से भावनाओं में बहने के बजाय सोच-समझकर निर्णय लेने और परिवार व समाज की मर्यादाओं को समझने का आह्वान किया।



सम्मेलन में मंच पर बैठे महामंडलेश्वर व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**● लव जिहाद पर प्रहार और हिंदू समाज से जनसंख्या बढ़ाने का किया आह्वान**

साध्वी प्राची दीदी ने हिंदू समाज से संख्या बढ़ाने और सामाजिक मजबूती की दिशा में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि संगठित और जागरूक समाज ही अपने अस्तित्व और संस्कृति की रक्षा कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब समाज अपने मूल्यों को भूल जाता है, तब बाहरी प्रभाव उसे कमजोर करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में हिंदू समाज को संगठित होकर जात पात से दूर रहकर अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के गौरव को बनाए रखना होगा।

उन्होंने युवाओं से अपनी जड़ों को पहचानने, सनातन संस्कृति पर गर्व करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। अगर हिंदू घटेगा तो कटेगा । जब जब हिंदुओं की संख्या घटी तब उन पर अत्याचार किए गए । अपने धर्म के आगे जात-पात न लिखकर सिर्फ हिंदू लिखें । और गर्व से कहो हम हिंदू हैं । उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों को काटकर नष्ट कर रहे हैं । उसके स्थान पर नया पौधा रोपण नहीं कर रहे हैं । इससे पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है । अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें । कहा हिंदू अपनी जनसंख्या बढाएं ।


हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रमुख विजय गोयल, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री अरुण ने भी अपने विचार व्यक्त किए । संचालन अभय शर्मा ने किया । संघ के तहसील प्रचारक शिवांशु, मुदित अग्रवाल, सुनील पुठिया, नरदेव सिंह, रघुवर दयाल, हीरालाल एडवोकेट, कमलेश कुमार, ओम कुमार, पवन पुष्पद , मास्टर सत्यपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, साजन शर्मा, पंकज पाल , धर्मेंद्र पाल, नागेंद्र लामा, आशुतोष अग्रवाल, पूर्व प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह, व संघ से जुड़े स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नगरवासी मातृशक्ति उपस्थित रहे।



सम्मेलन को संबोधित करतीं साध्वी प्राची।

### विदेश में नौकरी का झांसा दे एक लाख 33 हजार ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उत्तराखंड के एक युवक से 1 लाख 33 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

उत्तराखंड के रामनगर स्थित खताड़ी निवासी हैदर अली ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर बताया कि गांव सरकड़ा परम निवासी अयूब और अतीक फुरहमान ने उसे विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। दोनों ने वीजा, पासपोर्ट और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर उससे अलग-अलग किश्तों में कुल एक लाख 33 हजार रुपये ले लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो उसे विदेश भेजा गया और न ही रुपये वापस किए गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने एक आरोपी अतीक फुरहमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे आरोपी अयूब की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## भाकियू प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह किया स्वागत


भाकियू टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी विजेंद्र सिंह यादव का स्वागत करते पदाधिकारी।

**बिलारी, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र यादव का इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर जोरदार स्वागत किया गया।

बिलारी मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के कार्यालय तक ट्रैक्टर एवं गाड़ियों की रैली निकाली। इस दौरान तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन अंसारीष कुंदरकी ब्लाक अध्यक्ष प्रेमपाल प्रजापति, जिला मुख्य महासचिव दीपक चौधरी, प्रदेश सचिव नरेश प्रताप सिंह, अभिनव चौधरी, रणधीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ बिलाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, अंकित चौधरी, अनीस अहमद प्रधान, रामबाबू यादव प्रधान, भानु यादव प्रधान, सद्दाम हुसैन प्रधान, अकरम मलिक, रंजीत सिंह यादव, रईस पाल यादव, राजकुमार यादव प्रधान, विक्की यादव प्रधान, बबलू यादव प्रधान आदि मौजूद रहे।

## नवोदय विद्यालय में लगा स्वास्थ्य कैंप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से कैंप का आयोजन किया गया। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कैंप में एनएमएस मोहम्मददीन एवं पीएमडब्ल्यू कुलवंत सिंह द्वारा कुष्ठ रोग की पहचान, लक्षण और समय पर उपचार के बारे में बाया गया। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का समय पर इलाज संभव है। शुरुआती पहचान से रोग को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। जनरल सर्जन डॉ. जुनैद आलम ने बताया कि कुष्ठ रोग के कारण शरीर में आई विकृति को रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के माध्यम से काफी हद तक ठीक किया जा सकता है।



जवाहर नवोदय विद्यालय में कुष्ठ के प्रति जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

**● कुष्ठ जागरुकता पखवाड़े के तहत दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

कैंप में डॉ. आकाश दिवास, फार्मासिस्ट दीपक कुमार, नेत्र परीक्षण अधिकारी वेदप्रकाश, लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार एवं स्टाफ नर्स साक्षी उपाध्याय ने अपनी सेवाएं दीं। सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य का विशेष सहयोग रहा।

## स्टेट बैंक के सामने कीचड़ से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** नगर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने कीचड़ होने से उपभोक्ता को काफी समस्या का सामना करना पड़ा है। कई बार उपभोक्ता गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

नगर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने थोड़ा सा भी पानी इकट्ठा होने के कारण कीचड़ हो जाती है। स्टेट बैंक जाने के लिए आम यही एक रास्ता है। कई बार मोटर मोटरसाइकिल सवार गिर जाते हैं। बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि नगर में पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप बिछाई जा रहे हैं। इसके लिए बार-बार सड़कों को तोड़ा जाता है और उसके कारण नालियों का पानी इकट्ठा हो जाता है। इसकी शिकायत नगर पंचायत में जल निगम से कई बार की जा चुकी है लेकिन कोई भी ठीक करने के लिए नहीं आता है। नगर के ही अशोक सैनी ने बताया कि दो दिन पूर्व एक वृद्ध फिसल कर घायल हो गया था।


स्टेट बैंक के बाहर हुई कीचड़।

## तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** तहसीलदार के खिलाफ चल रहा वकीलों का प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। उन्होंने तहसील में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और अपनी मांग को दोबारा से दोहराया।

अधिवक्ता पिछले 24 दिनों से तहसीलदार कोर्ट के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किए हुए हैं। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने आरोपों की जांच कराए जाने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसीलदार का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं है। जब तक उनका स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, भूप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, सलमान खान, बृजपाल सिंह, कमल विश्नोई, कपिल विश्नोई, वैभव विश्नोई, शुभम विश्नोई, नन्हें खां, नाजिम सैफी, चरन सिंह, मोहम्मद वकील अहमद, शहजाद रफी, डॉ. विनीत नैन, सचिन राजपूत, मोहम्मद अय्यूब ,साजिद हुसैन, सतपाल गुर्जर, अतुल राजपूत, महावीर सिंह, मुसर्रत हुसैन, महेंद्र सिंह प्रजापति, नाजिम सैफी मानू बिश्नोई, लक्ष्मण सिंह, संजीव कुमार विश्नोई, पुष्पेंद्र धामा, यशवीर सिंह, प्रदीप कुमार, आदि अधिवक्ता रहे।


प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**● वकीलों का प्रदर्शन जारी नारेबाजी कर जुलूस निकाला**

### शब-ए-बरात पर बुजुर्गों की कब्रों पर पढ़ी फातिहा

**कुंदरकी, अमृत विचारः** मुस्लिम समुदाय ने शब-ए-बरात पर अकीदत के साथ इबादत की। लोगों ने कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने बुजुर्गों व पूर्वजों की कब्रों की साफ-सफाई की, गुलपोशी कर फातिहा पढ़ी और अल्लाह से मगफिरत की दुआ मांगी।

कुंदरकी नगर के प्रमुख कब्रिस्तानों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जहां उन्होंने पहले कब्रों की सफाई की, चादरें चढ़ाईं (गुलपोशी), नमाज अदा की और चिराग जलाए। पेंठ बाजार में एक जलसे का भी आयोजन किया गया। महिलाएं घरों व मस्जिदों में जुटीं। गांवों में भी मुस्लिमों ने कब्रों पर फूल-चादर चढ़ाकर साफ-सफाई की, रात भर इबादत की और हलवा बांटा। नमाज और जलसे के बाद देश में तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई।






### पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं राजेंद्रा एकेडमी का युग्मन

**कांठ, अमृत विचारः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष्य में पीएम श्रीउच्च प्राथमिक विद्यालय कांठ (कंपोजिट) का निजी विद्यालय राजेंद्र एकेडमी भीकनपुर के साथ युग्मन किया गया।

युग्मित विद्यालय के बीच अकादमी और सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों, विचारों, दृष्टिकोण और शिक्षण विधियां, तकनीक की पहचान और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने हेतु अवसर प्रदान किया गया 30 छात्र छात्राओं ने शिक्षण विधियां, विचारों, पुस्तकालय, लैब, सांस्कृतिक कार्यक्रम को साझा किया। आयशा, अदीबा, आयत, वर्षा, खुशी, वंदना, रिजवाना , कैफ़िया, ओकाशा ,यश,प्रियांशी, शादान, इल्मा, साजिया, विकास, मोहम्मद शान आदि बच्चे रहे। उदयवीर सिंह कार्यवाहक प्रधानाध्यापक, वंदना बिश्नोई, पारुल जैन सोनी श्रीमती बदर जहां, सुमन कुमार अध्यापक अध्यापिकाएं रहे।

## एसआईआर के काम में न हो लापरवाही


बीएलओ व सुपरवाइजरों की बैठक लेतीं एसडीएम प्रीति सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा की एसडीएम प्रीति सिंह ने शनिवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यक्रम को लेकर तहसील सभागार में पेपर के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

**● एसआईआर को लेकर एसडीएम प्रीति सिंह ने ली बीएलओ व सुपरवाइजरों की बैठक**

एसडीएम ने निर्देश दिए कि एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची को पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र व मृत मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। फील्ड स्तर पर घर-घर जाकर सत्यापन करने पर विशेष जोर दिया गया।

एसडीएम प्रीति सिंह ने वीएलओ और सुपरवाइजरों से कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखें और प्राप्त आपत्तियों व दावों का निस्तारण नियमानुसार समय से करें। बैठक में कार्य में आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा उनके समाधान के निर्देश दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों ने घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मामूली बात पर उपजे विवाद में दो युवकों ने मां-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव महतोष निवासी जरीना पत्नी मोहम्मद हसन अपनी पुत्री नेहा के साथ रोते बिलखते थाने पहुंच गई और पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगाई। आरोप लगाया कि गांव निवासी शालिमन और इलियास से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते दोनों युवक उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसे और उसकी बेटी पर हमला कर दिया और उन्हें बेरहमी से पीटा। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि दोनों हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट कर ली गई है।

### रुपये के लेनदेन को लेकर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ की

**स्वार, अमृत विचार :** पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट और महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला मसवासी निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि 11 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे जाकिर पुत्र फरजंद निवासी ग्राम नया गांव नजीबाबाद, शहाबुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला धीमरी ख्वाजा नगर थाना कटघर मुरादाबाद, अलाउद्दीन पुत्र छोटे निवासी खपरैल की मिलक थाना मूंढापांडे मुरादाबाद तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने पैसों के लेनदेन को लेकर उनके घर में घुसकर गाली गलौज की और लात घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि जब वादी को बचाने के लिए उनके छोटे भाई पत्नी बीच-बचाव करने आईं तो आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ दिए। घटना के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## परियोजना यूपी-112 मासिक रैंकिंग में 17वीं बार अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** यूपी-112 परफॉरमेंस डैशबोर्ड पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में जनवरी 2026 में यूपी-112 परियोजना रामपुर ने प्रदेश में 17वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

परियोजना यूपी-112 में यूपी-112 परफॉरमेंस डैशबोर्ड पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में रामपुर जिला लगातार सितंबर 2024 से जनवरी 2026 तक 17 महीनों में उत्तर प्रदेश में अव्वल रहा है। रैंकिंग सिस्टम में सभी पीआरवी का औसत रिस्पांस टाइम, एक्नॉलेजमेंट, इनरुट, अराईव टाइम, पीआरवी उपलब्धता, कॉलर फीड बैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेंट क्लोजर सिस्टम, अर्ली अराईव व विजिलेंस जांच रिपोर्ट के अंकों के आधार पर जनपद की रैंकिंग तय की जाती है।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यूपी 112 के कुशल नेतृत्व में परियोजना यूपी-112 रामपुर जिले का शानदार प्रदर्शन जारी है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने यूपी 112 जिला रामपुर की टीम टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह टीम के समर्पण का फल है और इसी प्रकार निरंतरता के साथ प्रयास करते रहें।

### सुबह से छाया घना कोहरा, दृश्यता हुई शून्य, सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

## फरवरी में दिसंबर सा मौसम, हल्की फुहार से बढ़ी ठंड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



सुबह 9 बजे कोहरे के बीच स्कूल जाता साइकिल सवार व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एक बार फिर सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। फरवरी में दिसंबर सा मौसम रहा मंगलवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा और हल्की फुहार से सर्दी बढ़ गई। सुबह करीब 7:30 बजे घना कोहरा होने पर दृश्यता शून्य हो गई थी। हालांकि दिन चढ़ने के साथ दृष्टतया बहाल हुई लेकिन, शाम तक सूरज नहीं निकला।

कोहरे के बीच हेड लाइट जलाकर सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से गलन बढ़ गई है। लोग जरूरी कार्यों से ही घरों से बाहर निकले। सुबह घना कोहरा छाया रहा जिसके कारण दृष्टया काफी घट गई जिसके कारण हाईवे पर वाहन रेंगते रहे। हालांकि, मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने मंगलवार को पूरे दिन कोहरा छाए रहने के लिए पूर्व अनुमान जताया था। इससे पहले मौसम वैज्ञानिकों ने गरज-चमक के साथ रविवार और सोमवार को बारिश होने की चेतावनी दी थी। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्व अनुमान के मुताबिक रविवार और सोमवार को गरज चमक के साथ बारिश हुई थी और मौसम में ठंडक हो गई। मंगलवार को भी हल्की फुहारें पड़ने से सर्दी बढ़ गई। सर्दी बढ़ने पर लोग घरों में रहे और जरूरी कार्यों से ही बाहर निकले। बाजारों में भी आम दिनों के मुकाबले ग्राहकों की आवाजाही कम रही। मौसम का मिजाज बदलने पर बच्चों को भी खेलने के लिए बाहर नहीं निकलने दिया गया।

● पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से बढ़ गई गलन

> बुधवार को मौसम सामान्य रहने का अनुमान है, जबकि पांच फरवरी कल कोहरे की संभावना है।
> – डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ।

**हाल-ए-मौसम**

अधिकतम तापमान– 19 डिग्री सेल्सियस

न्यूनतम तापमान– 11 डिग्री सेल्सियस

आद्रता– 66 प्रतिशत

वायु वेग– 8 किमी. प्रतिघंटा

## 2.28 करोड़ से होगा सड़क निर्माण

### शहर विधायक व पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने किया भमरौआ मार्ग का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक भमरौआ शिव मंदिर को जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू होगा। करीब 2.28 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क का शिलान्यास शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने नारियल फोड़कर किया। इसके बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया।

भमरौआ स्थित श्री पातालेश्वर शिव मंदिर को जाने वाली सड़क काफी समय से बदहाल थी। ऐसे में ग्रामीणों के साथ मंदिर आने जाने वाले लोगों को अत्यधिक दिक्कतें हो रही थीं, जिसके बाद लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की मांग की थी। ऐसे में शहर विधायक ने प्रस्ताव शासन को भेज दिया। शासन से मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से मंगलवार को सड़क का शिलान्यास किया गया। शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर मार्ग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भमरौआ शिव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की पहचान भी है। वर्षों से संकरी सड़क होने के कारण श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क के चौड़ीकरण से अब यातायात सुचारु होगा, दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी और श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने कहा कि नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता रही है। भमरौआ रोड का चौड़ीकरण क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आसपास के मोहल्लों को भी लाभ मिलेगा और क्षेत्र का स्वरूप बेहतर होगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हर्षित जैन, रामगोपाल, मयंक सक्सेना, संजू बाबा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



शिलान्यास करते विधायक आकाश सक्सेना व पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना व अन्य।

● पातालेश्वर शिव मंदिर को जाने वाली सड़क काफी समय से बदहाल थी

**30 लाख की लागत से बनेगी रामलीला मैदान की सड़क**

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से लेकर रामलीला ग्राउंड उत्सव पैलेस तक जाने वाली सड़क का भी शिलान्यास किया। इस सड़क के निर्माण में करीब 30 लाख रुपये की लागत आएगी। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रामलीला मैदान की सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह इसलिए भी क्योंकि रामलीला मैदान के साथ ही दो बड़े-बड़े इंटर कालेज भी इस मार्ग पर स्थित हैं। इसके अतिरिक्त उत्सव पैलेस में बड़ी संख्या में सार्वजनिक आयोजन होते हैं। ऐसे में सड़क के बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## मौसम बदला तो जिला अस्पताल में बढ़े अस्थमा व सांस रोगी

**रामपुर, अमृत विचारः** मौसम के उतार-चढ़ाव, विशेषकर दो तीन दिन से बारिश और कोहरे के कारण जिला अस्पताल में अस्थमा और सांस के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। ओपीडी में सांस लेने में तकलीफ, जकड़न और खांसी के मामले बढ़े हैं। मंगलवार को चिकित्सक कक्षों के सामने मरीजों की भीड़ लगी रही। डॉक्टरों ने मरीजों को सुबह टहलने से बचने, मास्क लगाने और गर्म तरल पदार्थ लेने की सलाह दी है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना सैकड़ों मरीज सांस, खांसी और बुखार की समस्या लेकर आ रहे हैं, जिनमें अस्थमा के मरीज विशेष रूप से परेशान हैं। छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि तापमान में अचानक बदलाव और सर्द हवा के कारण सांस की नली में सूजन या जकड़न बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और अस्थमा रोगियों को ठंडी हवा से बचना चाहिए और वे गुनगुना पिएं। दवाएं नियमित रूप से लेनी चाहिए। धूल और धुएं से अपना बचाव करने के साथ गर्म कपड़े पहनें।

## स्कूलों में हेरिटेज क्लब गठित कर बढ़ेंगी इंटेक की गतिविधि



स्कूल पहुंचे इंटेक रुहेलखंड चैप्टर संयोजक नवेद मियां व सह संयोजक काशिफ खां।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखंड चैप्टर द्वारा जिले के स्कूलों में गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए हेरिटेज क्लब गठित किए जाएंगे। इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर संयोजक पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और सह संयोजक काशिफ खां मंगलवार को मिलक के लर्निंग लैडर स्कूल पहुंचे।

ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, शुभांक प्रकाश गंगवार और दर्शिता गंगवार ने उनका स्वागत किया। नवेद मियां ने स्कूल भ्रमण कर बच्चों से बातचीत की और लर्निंग लैडर स्कूल के शैक्षिक स्तर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूलों में इंटेक द्वारा मुख्य रूप से विरासत क्लबों के माध्यम से छात्रों को भारतीय कला, संस्कृति और विरासत के प्रति जागरूक और संरक्षित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करता है।

इसमें हेरिटेज वॉक, क्विज प्रतियोगिताएं, कला कार्यशालाएं, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण और सांस्कृतिक उत्सव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इंटेक द्वारा शिक्षकों को भी विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

## अब्दुल्ला आजम को जेल में नहीं मिल रहीं सुविधाएं:अजय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को जिला कारागार में बंद अब्दुल्ला आजम से सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने मुलाकात की। सपा जिलाध्यक्ष ने जेल में अब्दुल्ला आजम को मूलभूत सुविधाएं ना मिलने का आरोप लगाया है। हालांकि जेल अधीक्षक राजेश यादव ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



अजय सागर।

सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने कहा कि वह उनके मुकदमों के सिलसिले में मिलने गए थे। आरोप लगाया कि मुलाकात के दौरान एलआईयू के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे बातचीत नहीं हो सकी। जेल में अब्दुल्ला आजम को मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जा रहीं, जो मानसिक उत्पीड़न के समान है। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने कहा कि सपा नेताओं के आरोप निराधार और भ्रामक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब्दुल्ला आजम और आजम खान दोनों को जेल मैनुअल के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। इससे पहले भी तंजीन फातिमा और अन्य सपा नेताओं द्वारा जेल प्रशासन पर इसी तरह के आरोप लगाए जा चुके हैं, जिन्हें हर बार खारिज करता रहा है।

### दो पैनकार्ड मामले में सजा के खिलाफ आज होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : सेशन कोर्ट में सपा नेता अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सजा के खिलाफ आज सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में आजम खान के अधिवक्ता की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। आज से अभियोजन के वकील मामले में बहस करेंगे। सरकार की ओर से एडीजीसी सीमा राणा ने कोर्ट में दलील दी थी कि एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला पूरी तरह कानूनी और तथ्यों पर आधारित है। उन्होंने अदालत से निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को बरकरार रखने की अपील की।

## विहिप नेता ने लगाया मारपीट का आरोप, तहरीर दी

**बिलासपुर, अमृत विचारः** विहिप नेता ने एक व्यक्ति पर उनके स्टाफ से गाली-गलौज, अभद्रता कर उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया। पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी विश्व हिन्दू परिषद के नगर मंत्री प्रदीप गंगवार ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसमें कहा कि सोमवार की रात दस बजे वह अपने स्टाफ के साथ घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान खंड विकास कार्यालय के सामने मामूली बात में उनके स्टाफ के एक युवक से मोहल्ला सोमवार का बाजार निवासी एक व्यक्ति गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया गया तो, उक्त व्यक्ति हाथापाई पर शुरू हो गया। साथ ही उसने मारपीट के चलते उनकी मोटरसाइकिल तक में तोड़फोड़ की। हंगामे के बाद

आरोपी फरार हो गया। उन्होंने घटना दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की। इस पर कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## क्रिकेट: महिलाओं ने खूब लगाए चौके-छक्के



क्रिकेट मैच जीतने के बाद महिला कल्याण क्लब की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** महिला कल्याण क्लब नीरू लॉन में डॉ. हेमलता द्वारा मंगलवार को क्रिकेट मैच कराया गया। खेलों का प्रारंभ विजय दिवाकर, डॉ. लाल स्मिता जैन, प्रीती कपूर, पुष्पा गुप्ता, प्रीती जैन, आशा सहाय, डॉ. विजय लक्ष्मी, अर्चना विद्यार्थी सहित सभी सदस्यों ने राष्ट्रगान धुन के साथ किया।

महिला कल्याण क्लब और इनर व्हील क्लब के मध्य एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। जिसका थीम आओ मिलकर तिरंगा फहराएं गणतंत्र दिवस को खास बनाएं रही। खेलों में महिलाओं ने खूब चौके छक्के उड़ाए। महिला कल्याण टीम विजयी रही। महिला कल्याण टीम में आभा सिंह, श्वेता अग्रवाल, आरती गोयल, वंदना रस्तोगी, अंजलि गोयल, नीलम रस्तोगी, रश्मि रस्तोगी, सीमा अरोड़ा, सुरभि जैन, वर्षा जैन, सरिता सिंघल, इनर व्हील क्लब में हर्षिता पुथिया, प्रीती कपूर, नेहा सिंघल, मिनी अग्रवाल, नामित गुप्ता, नीलम सिंगल, निशा अग्रवाल, अंजना अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा जैन, चारू जिंदल, रुचि जिंदल, ममता गुप्ता, रजनी सिंगल रही।

विशिष्ट अतिथि महिला आयोग अध्यक्ष सुनीता सैनी ने ट्रॉफी और मेडल वितरित किए। प्लेयर ऑफ द मैच आभा सिंह, बेस्ट वेस्ट वूमेन आरती गोयल, बेस्ट कैच सीमा अरोड़ा, बेस्ट बॉलर वंदना रस्तोगी रहीं।

## सिटी डायरी



### देश को नई रफ्तार देगा केंद्र सरकार का बजट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को गांव लाला नगला स्थित रालोद जिलाध्यक्ष के आवास पर बैठक हुई। इसमें रालोद जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही नीतियां देश को तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रही हैं। बजट उत्तर प्रदेश को नई रफ्तार देने और सशक्त उत्तर प्रदेश, समृद्ध भारत के संकल्प को मजबूती देता है। बजट में किसान, शिक्षा, रोजगार, टेक्नोलॉजी, कौशल विकास और महिला शक्ति पर दिए गए विशेष फोकस की खुलकर सराहना की। इन क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों से प्रदेश के गांव-शहर दोनों में व्यापक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बजट में कौशल विकास, शिक्षा और नई तकनीकों पर दिए गए ज़ोर को पार्टी उनकी दूरदर्शी सोच का प्रतिफल मानती है। इस मौके पर सुमन सिंह परिहार, नवाब खां, प्रभात भारदुयज़, मोहम्मद राशिद, अख्तर अली, रामस्वरूप लोधी, सुलतान, ओम प्रकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।



### एसपी व एएसपी ने कंधों पर स्टार लगाकर दी बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नत हुए आईजीआरएस शाखा में तैनात उप निरीक्षक सरताज को स्टार लगाए गए। वह आईजीआरएस प्रभारी भी हैं। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर बधाई दी। अधिकारियों ने कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### एसपी ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ रात थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया। साथ ही थाना परिसर स्थित कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल की साफ-सफाई का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### डीएम ने आयुष्मान कार्ड व आवास किया आवंटित

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए स्वास्थ्य और छत की समस्या से जूझ रहे परिवारों को राहत दी। सदर तहसील के शिव विहार कॉलोनी निवासी राजेश ने वृद्ध माता मुन्नी देवी के साथ समस्याओं से अवगत कराया। राजेश ने पुत्र रघुवीर यादव की दिल की गंभीर बीमारी और आर्थिक तंगी का हवाला दिया, जिसपर डीएम ने मौके पर ही इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया। परिवार के आवासीय संकट को देखते हुए उन्होंने काशीराम आवास भी आवंटित किया। इसके अलावा सदर तहसील के ग्राम पंजाबनगर निवासी राकेश और उनकी पुत्री रितिका को उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड सौंपे। जनता दर्शन में स्वास्थ्य, आवास, राशन कार्ड और चकबंदी जैसे जनहित के कई मामले आए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का समाधान फाइलों में नहीं, धरातल पर दिखना चाहिए। कहा कि केवल शिकायत का निस्तारण ही काफी नहीं, शिकायतकर्ता की संतुष्टि अनिवार्य है।





### मोबाइल की दुकान में लगी आग चार लाख का माल जला

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खरसौल गांव में शॉट सर्किट के कारण मोबाइल की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों का माल जलकर राख हो गया। मंगलवार सुबह दुकान स्वामी को हादसे की जानकारी हुई, जिस पर लोगों की मदद से काबू पाया गया। थाना क्षेत्र के देवीपुरा गांव निवासी बृजेश पाल की खरसौल गांव में नए मोबाइल की दुकान है। इस दुकान से वह शादियों की वीडियो बनाने का काम भी करता है। बताया कि सोमवार की शाम वह हर दिन की तरह अपनी दुकान बंद करके घर गया था। मंगलवार की सुबह पड़ोसियों ने बताया कि दुकान से धुंआ निकल रहा है, जिसके बाद वह तुरंत दुकान पर पहुंच गया दुकान का शटर खोला तो अंदर आग लगी थी। लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन जब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान स्वामी बृजेश पाल ने बताया कि दुकान के अंदर नए मोबाइल फोन, लैपटॉप कैमरा आदि सहित करीब चार लाख का माल जलकर राख हो गया है। जिससे दुकान स्वामी काफी सदमे में है। आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है।

## पुत्री की शादी के लिए मिलेंगे 65 हजार रुपये

**रामपुर, अमृत विचारः** सहायक श्रमायुक्त राजकुमार ने बताया कि निर्माण श्रमिक की पुत्री के विवाह के लिए 6 माह के भीतर योजना के अंतर्गत समस्त अभिलेखों सहित बोर्ड की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। श्रमिक की पुत्री या पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक की शादी के लिए 65 हजार रुपये दिए जाएंगे।

अंतर्जातीय विवाह करने पर 75 हजार मिलेंगे। बताया कि श्रम विभाग में संचालित कन्या विवाह सहायता योजना का लाभ प्रदान किए जाने के लिए योजना में संशोधन किया गया है। आवेदक द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना के तहत लाभ प्राप्त किए जाने के लिए इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र में स्पष्ट करना होगा कि उनके द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा किसी प्रकार का कोई विवाह संबंधी लाभ प्राप्त नहीं किया गया है।

## एक मंच पर आएं मछुआ समाज

● माता संतोषी के मंदिर में बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सराय गेट स्थित माता संतोषी के मंदिर में बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में प्रदेश भर के मछुआ समाज को एक मंच पर लाने के लिए चर्चा की गई। इसमें देवरिया निवासी समाजसेवी अवधेश कुमार साहनी ने कहा कि मछुआ समाज की सभी जातियों को एक मंच आना होगा।

उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में मछुआ समाज पर अन्याय हो रहा है, बच्चों को डराकर धमका कर रखा जाता है। समाज के लोगों पर जघन्य अपराध हो रहे है। जिसकी आवाज उठाने वाला हमारे समाज का कोई नेता नहीं है, जो हैं वो चुप हैं ये निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मछुआ समाज के साथ वाल्मीकि समाज, पटेल समाज, प्रजापति समाज, राजभर समाज समाज आदि को साथ लेकर इनके अधिकारों की लड़ाई भी हम सभी लोग मिलकर लड़ेंगे। कानपुर के दीपू निषाद उर्फ सागर एडवोकेट कहा कि हमारा कोई संगठन नहीं है और ना हम किसी पार्टी मे कार्यकर्ता हैं। हम समाज को एक मंच एक पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से रामपुर में तुरैहा मछुआ समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि शोषित व पिछड़े समाज को एक मंच पर लाने के प्रयास में सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में सभासद विनोद कुमार, जिलामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट, अजय कुमार प्रधान, अर्जुन सिंह तुरैहा, रामकिशोर तुरैहा, गोपाल, अर्जुन कुमार, अरविंद कश्यप, धर्म सिंह, पवन कुमार, हरिशंकर, कमल कुमार मुन्ना, प्रीतम सिंह, कोमल कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने किया।



मछुआ समाज की बैठक में शामिल अतिथि और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## दूरस्थ माध्यम से 15 तक लें प्रवेश

**रामपुर, अमृत विचारः** प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने बताया कि राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि इग्नू में प्रवेश की तिथि 15 फरवरी हो गई है।

सह समन्वयक डॉ. सोमेन्द्र सिंह ने कहा कि यूजीसी अध्यादेश 2022 एवं 2025 के अनुसार एक रेगुलर कोर्स के साथ एक प्राइवेट कोर्स भी साथ-साथ किया जा सकता है। अध्ययन केंद्र पर बीए, बीकॉम, बीबीए, बी लिब, एमए ,एमकॉम, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट उपलब्ध हैं। पुस्तकें इग्नू द्वारा डाक से भेजी जाती हैं। स्नातक एवं कुछ अन्य पाठ्यक्रमों के शुल्क में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार 50 प्रतिशत छूट की व्यवस्था है। प्रवेश समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से भरे होंगे। परीक्षाएं जून एवं दिसंबर 2026 में महाविद्यालय केंद्र पर होंगी।

## सिटी ब्रीफ

### बिलासपुर में आज तीन घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखंड अशोकनगर के अंतर्गत 33/11 केवीए पर मरम्मत कार्य के दौरान चार फरवरी को तीन घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने जानकारी दी। कि चार फरवरी को विद्युत वितरण उपखण्ड के अंतर्गत 33/11 केवीए डिबडिबा की मैन लाइन के रोड क्रॉसिंग के कार्य का परीक्षण किया जाएगा। जिसके चलते ग्यारह से दो बजे तक तीन घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी।

### खनन के 1379 वाहनों की जांच की, 16 का चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन की सख्ती के चलते रात्रिकालीन अभियान में 1379 वाहनों की जांच, 16 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर सोमवार रात जिले की सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित किए गए। इनमें रात 8 बजे से प्रात: 7 बजे तक प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1379 वाहनों की सघन जांच की गई। वाहनों के वैध प्रपत्रों, निर्धारित लोड क्षमता व खनिज परिवहन से संबंधित अभिलेखों की गहनता से पड़ताल की गई। नियमों के उल्लंघन पर 16 वाहनों का चालान किया गया। डीएम ने अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना प्रताड़ित किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सोमवार की शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली गेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था। संगठन के नगराध्यक्ष प्रमोद दिवाकर ने बताया कि नगर के मोहल्ला भट्टी टोला निवासी आसिफ सैफी कारपेंटर है। उससे नगर निवासी एक महिला ने फर्नीचर का काम करवाया था। आरोप है कि उसने किसी तरह महिला का अश्लील वीडियो बना लिया और उसे ब्लैकमेल करने लगा। वीडियो के दबाव में वह महिला से धर्म परिवर्तन कर पति को छोड़ने व शादी करने का दबाव बनाते हुए प्रताड़ित करने लगा। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी आसिफ सैफी निवासी मुहल्ला भट्टी टोला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## टेंपो चालकों का तहसील में प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अवैध वसूली का आरोप

**अमृत विचार:** टेंपो चालकों ने बिलासपुर तहसील में प्रदर्शन किया और इसके बाद उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। चालकों की मांग है कि स्थानीय अड्डे पर अवैध वसूली व अभद्र व्यवहार करने वाले मुंशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

टेंपो चालकों का नेतृत्व कर रहे आनंद स्वरूप ने बताया कि वह सब टेंपो चालक हैं और मिलक-बिलासपुर के बीच अपने सीएनजी टेंपो चलाकर आजीविका कमाते हैं। बताया कि स्थानीय अड्डे पर मुंशी बनकर बैठा एक व्यक्ति टेंपो चालकों से अवैध वसूली करता है। मना करने पर अभद्र व्यवहार करता है। बताया कि वसूली व प्रताड़ना से वह तंग आ चुके हैं। जबकि उनके द्वारा यातायात के सभी नियमों का पालन किया जाता है और टेंपो से संबंधित सभी कागजात वह अपने साथ रखते हैं। यह भी बताया कि पूर्व में यही मुंशी कई टेंपो चालकों से मारपीट भी कर चुका है। कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मुंशी द्वारा अवैध वसूली को रुकवाने का आदेश कर सख्त कार्रवाई कराएं। एसडीएम ने आश्वासन दिया। इस मौके पर दिनेश कुमार, जय प्रकाश, थान सिंह, दीपक मौर्य, नन्हेलाल, सतपाल, कांता प्रसाद, सूरजपाल, मुमताज, नासिर, सुरेंद्र कुमार, विवेक कुमार, आरिफ, सुभाष, गोविंदराम, मनमोहन आदि शामिल रहे।

### रोजमर्रा की जरूरतों के सामान के दामों में लगी है आग, 11 फरवरी को पेश होगा प्रदेश सरकार का बजट

## प्रदेश के बजट में महंगाई से राहत मिलने की आस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** यूपी के बजट में आम महिलाओं को महंगाई से राहत मिलने की आस है। इसलिए महिलाओं की नजरें प्रदेश सरकार के बजट पर टिक गई हैं। महिलाएं दो टूक बोलती हैं कि रोजमर्रा की जरूरतों के सामान के दामों में आग लगी हुई है। यूपी का बजट 11 फरवरी को सदन में पेश होगा। वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव है और वर्ष 2026-27 का चुनाव से प्रभावित हो सकता है।

महिलाएं बोलती हैं कि केंद्र के बजट ने आम महिलाओं को महंगाई से कोई राहत नहीं दी है। दीर्घकालिक बजट पूंजीपतियों के लिए अच्छा हो सकता है लेकिन बजट की चक्की में मध्यम वर्ग की महिला पिस जाती है। महिलाएं बताती हैं कि प्रदेश के बजट में जरूरत के सामान को सस्ता करना चाहिए। बताती हैं कि सरसों का तेल 170 से 200 रुपये किलो है। वनस्पति घी के दाम 140 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। देसी घी खाना मध्यम वर्ग के बूते से बाहर हो गया है। खुले बाजार में देसी घी छह सौ सात सौ रुपये प्रति किलो बिक रहा है। दाल, आटा, चावल के दाम आसमान छू रहे हैं। कोई दाल 100 रुपये किलो से नीचे नहीं है। सरकार मध्यम वर्ग की परेशानियों को मद्देनजर रखते हुए बजट पेश करे ताकि, मध्यम वर्ग को महंगाई से कुछ राहत मिल सके।



यूपी सरकार का बजट मध्यमवर्गी महिलाओं को राहत देने वाला होना चाहिए। क्योंकि, गरीबों के लिए सरकार ने तमाम योजनाएं चला रखी हैं। उन्हें गेहूं, चावल, मकान, सीबीएसई स्कूलों में बच्चों की शिक्षा भी मुफ्त है।

\- डॉ. प्रियंका शुक्ला



वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव है। उम्मीद है कि प्रदेश सरकार का बजट चुनाव से प्रभावित होगा। इससे आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार को महंगाई पर काबू लगाने वाला बजट पेश करना चाहिए।

–सरिता विश्नोई



उत्तर प्रदेश सरकार के बजट से मध्यम वर्गीय महिलाओं को बहुत आस है। क्योंकि, महंगाई बढ़ने से उनकी रसोई का बजट गड़बड़ा जाता है। सरसों का तेल, घी, चाय, दालें, आटा सबकुछ बहुत महंगा हो चुका है इन्हें काबू करने की जरूरत है। –प्रतिभा अग्रवाल



केंद्र सरकार के बजट में भी ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने और नौकरीपेशा महिलाओं को सुरक्षित बुनियादी ढांचा प्रदान करने को बड़ा कदम उठाया गया था। उम्मीद है कि यूपी सरकार के बजट में नौकरियों को बढ़ावा दिया जा सकता है। –डॉ. अंकिता

## शबे बरात पर इबादत कर मांगी दुआ

### कब्रिस्तानों में चरागां, सजीं मस्जिदें, कब्रों पर चढ़ाए फूल, हलवे पर दीं बुजुर्गों की फातिहा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को शबे बरात पर जिले भर में कब्रिस्तानों में शाम को लोग पहुंच कर अपने-अपने पूर्वजों की कबरों पर चरागां और गुलपोशी कर फातिहा पढ़ी। रात भर मस्जिदों में इबादत हुई। शबे बरात पर जामा मस्जिद समेत शहर की तमाम मस्जिदों को सजाया गया।

मस्जिदों में पूरी रात इबादत हुई और उलमा ने शबे-बरात की फजीलत बयान की। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि शबे-बरात की पूरी रात जो भी शख्स इबादत करता है अल्लाह के दरबार में उसके गुनाह माफ किए जाते हैं। इसीलिए लोग इस रात को रात भर इबादत करते हैं। कहा कि इस्लाम में ऐसी चार रातें हैं, जिनमें लोग निजात हासिल करने के लिए रात भर इबादत करते हैं। इनमें पहली आशूरा की रात, दूसरी शबे मेराज, तीसरी शबे बरात और चौथी शबे कद्र है। शबे बरात पर लोग अपने इस दुनिया से गुजर चुके लोगों की निजात के लिए दुआएं मांगते हैं और फातिहा कराते हैं। शाम को कब्रिस्तान में पहुंचकर लोगों ने चरागां किया और कबरों पर फातेहा पढ़ी। कब्रिस्तानों में लोगों ने कब्रों पर पहुंचकर दुआएं पढ़ीं और फूल चढ़ाए और अगरबत्ती, मोमबत्तियां रोशन कीं।

शबे-बरात पर कब्रिस्तानों ने रंग-रोगन कर सजाया संवारा गया और कब्रों पर भी लोगों ने कलई चूना कराया। देर शाम तक लोगों ने अपनों की कबरों पर चिराग रौशन किए और दुआएं पढ़ीं।

**गुनाहों की माफी मांगी:** सैफनी नगर में अकीदत और एहतराम के साथ लोगों ने मस्जिदों में जाकर नमाज़ अदा कीं। अल्लाह की बारगाह में सजदा किया और अपने गुनाहों की माफी मांगी।

इसके बाद अकीदतमंदों ने कब्रिस्तानों में जाकर दुनिया से जा चुके अपने माँ-बाप, बुजुर्गों और अजीजों की मगफिरत के लिए दुआएं की। अकीदतमंदों ने भूरे शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर भी हाजिरी लगाई और मुल्क में अमन-चैन,खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआएं कीं। रातभर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे, कुरान की तिलावत की, नफ्ल नमाजें अदा कीं। दुआओं में मुल्क, समाज और इंसानियत की भलाई मांगी।



हजरत शेख भूरे शाह बाबा की दरगाह में मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### रंग-बिरंगी रोशनियों से नहाई मस्जिदें

शहर की जामा मस्जिद सहित शहर और देहात क्षेत्रों में शबे बरात पर मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। मंगलवार की रात को उलमा ने तकरीर की और लोगों से नेक राह पर चलने का आह्वान किया। इमाम मौलाना रेहान खां ने कहा कि शबे बरात की रात इबादत की रात है। इस रात की इबादत का बहुत सवाब मिलता है। कहा कि शबे बारात की रात इबादत कर मुसलमान अपने गुनाहों से तौबा करें।



अपनों की कबरों पर चरागां करते लोग। ● अमृत विचार

## हरमीत हत्याकांड का आरोपी भाई गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** भूमि के बंटवारे और कर्ज को लेकर विवाद में हुए हरमीत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद किया है। 26 जनवरी की शाम डोहरिया निवासी किसान हरमीत सिंह का छोटे भाई नवदीप सिंह से भूमि के बंटवारे और कर्ज को लेकर विवाद हो गया था। झगड़ा बढ़ने पर नवनीत उर्फ नवदीप सिंह ने तमंचे से हरमीत पर गोली चला दी थी। जिससे उसकी इलाज को लेकर जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।

बाद में पुलिस ने उसके बहनोई जयदीप सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट की थी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि हत्याकांड के आरोपी भाई नवनीत उर्फ नवदीप सिंह नैनीताल हाइवे स्थित नवीन मंडी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचे को भी बरामद कर कब्जे में ले लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक महेश चंद्र, दीपांशु चौधरी, अनिल कुमार शामिल रहे।

## मानपुर ए ने जीती ट्रॉफी




वॉलीबॉल टूर्नामेंट फाइनल जीतने वाली टीम को पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, मसवासी

- मानपुर उत्तरी में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल
- मानपुर ए टीम के फरदीन अहमद को मिला बेस्ट खिलाड़ी का खिताब

**अमृत विचार:** मानपुर उत्तरी में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में उतरी मानपुर ए टीम ने फाइनल टूर्नामेंट जीतकर ट्रॉफी कब्जा कर लिया। ग्राम प्रधान ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया और आयोजन कमेटी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मंगलवार को फाइनल टूर्नामेंट जीतने के लिए मानपुर ए टीम ने सेमीफाइनल में हुसैन क्लब को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। जबकि मानपुर बी टीम ने लाडपुर टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कड़े संघर्ष के बाद मानपुर ए टीम ने बी टीम को हराकर फाइनल टूर्नामेंट जीत लिया। ग्राम प्रधान साजिद हुसैन ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किए। जबकि बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार मानपुर ए टीम के खिलाड़ी फरदीन अहमद को दिया गया जबकि मानपुर बी टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी आरिश अहमद को भी पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर अपना दल एस जिला सचिव शकील अहमद अंसारी, जमशेद अहमद अंसारी, नईम अहमद, खालिद अहमद, फरदीन अहमद, जुनैद, आशू, रईस अंसारी, बिलाल अंसारी, आरिफ पाशा, शमीम अहमद, अनस अंसारी आदि शामिल रहे।

## हाईटेंशन लाइन में फिर हुआ ब्रेकडाउन 12 घंटे गुल रही बिजली, परेशान रहे लोग

संवाददाता, मसवासी

- लोग बोले, मामूली हवा में तार टहनियों से उलझ जाने से बाधित होती है बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार:** हाईटेंशन लाइन में रात फिर ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार शाम 4:00 बजे बिजली आपूर्ति दुरुस्त हो सकी। सोमवार की देर रात लगभग एक बजे टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही हाई टेंशन लाइन में जटपुरा के निकट ब्रेकडाउन हो गया।

जिससे मसवासी नगर समेत बिजारखाता मोतीपुरा खोदकला सीतारामपुर चाउपुरा भूबरा अलीगंज मजरा फतेहगंज सेमरा लाडपुर मंसूरपुर कुंदनपुर रहमतगंज मंसूरपुर धर्मपुर उत्तरी मानपुर किशनपुर मौलागढ़ शिकारपुर शिवनगर बब्बरपुरी मजरा हसन नन्हे का मजरा सेड़ू का मजरा खानपुर उत्तरी नानकार रानी समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही जिससे नागरिकों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। नगर क्षेत्र के लघु उद्योग धंधे बाधित रहे।

मामूली हवा में हाई टेंशन लाइन के तार पेड़ों की टहनियों से उलझ जाते हैं और एचटी लाइन के तारों में ब्रेकडाउन हो जाता है। मंगलवार की दोपहर बिजली कर्मियों ने लाइन पर पेट्रोलिंग की और ब्रेकडाउन दूर किया। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि आपूर्ति दुरुस्त कर दी गई है। उधर भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने चरमराई बिजली आपूर्ति को लेकर आक्रोश जता शिकायत उच्च अधिकारियों से की है।




टांडा बाजपुर मार्ग के किनारे चढ़कर ब्रेकडाउन दूर करता बिजली कर्मचारी।

## मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को परखेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 6, 7 व 8 फरवरी को रामपुर में रहेगी शासन की दो सदस्यीय टीम

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को परखने के लिए शासन से दो सदस्यीय टीम 6 को आएगी और 8 फरवरी को आएगी। जिला अस्पताल समेत सीएचसी-पीएचसी का निरीक्षण करने के बाद टीम जिला अस्पताल की रिपोर्ट एडी हेल्थ के माध्यम से शासन को भेजेगी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि टीम जिला अस्पताल में तीन दिन में किसी भी दिन आ सकती है। जिला अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा है। पिछले दिनों सर्जन की संविदा का कार्यकाल पूरा हो चुका है इसके अलावा एक फिजीशियन की भी संविदा पूरी होने वाली है। जिला अस्पताल में 30 चिकित्सकों के पद हैं जिसमें 18 पद लंबे समय से रिक्त हैं। ईनएटी, सर्जन, त्वचा रोग विशेष का लंबे से टोटा है। जिसके चलते मरीज इलाज कराने के लिए भटकते हैं। मरीजों पर दया कर कोई भी चिकित्सक उन्हें देख लेता है और दवा लिख देता है। लेकिन यह बात मरीज या उसके तीमारदारों को पता नहीं होती कि जो मर्ज है यह चिकित्सक उस मर्ज का विशेषज्ञ नहीं है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए कई बार शासन को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन, जिला अस्पताल को कोई चिकित्सक नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल को सीसी कैमरों से लैस करा दिया गया है। निरीक्षण के लिए टीम 6 फरवरी को आएगी और तीन दिन रामपुर में रुक कर सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पताल का निरीक्षण करेगी।

## कुरआन मजीद को पढ़कर उस पर अमल करने से अल्लाह की होगी नेमत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नालापार स्थित मदरसा अकबर-उल-उलूम में कुरआन मजीद का हिफ्ज मुकम्मल करने वाले बच्चों की उलमा ने दस्तारबंदी की। शारिब ने प्रथम मोहम्मद रय्यान ने द्वितीय जबकि मोहम्मद समीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौलाना मुफ्ती नासिर खां ने कहा कि कुरआन मजीद को पढ़ना, समझना और उस पर अमल करना अल्लाह की बड़ी नेमत है।

मदरसे के संचालक मौलाना फुरकान ने कहा कि मदरसा अकबर-उल-उलूम का उद्देश्य बच्चों को कुरआन की तालीम देकर उनकी दीन और दुनिया दोनों को संवारना है।

शहर इमाम मौलाना मुफ्ती नासिर खां ने हाफिज-ए-कुरआन बनने वाले बच्चों को सनद और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले मौलाना नासिर खां ने कहा कि हाफिज-ए-कुरआन अपने वालिदैन ही नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए फख्र का सबब होते हैं। कुरआन इंसान को सही राह दिखाता है, अखलाक सुधारता है और दुनिया व आखिरत दोनों में कामयाबी देता है। कहा कि मोहम्मद उजैब, मोहम्मद अकबर खां एवं मोहम्मद तंजीम ने कुरआन मजीद का हिफ्ज मुकम्मल कर मदरसे और अपने खानदान का नाम रोशन किया है।



दस्तारबंदी कार्यक्रम में मौजूद बच्चे एवं उलमा। ● अमृत विचार

- मदरसा अकबर उल उलूम में दस्तारबंदी कार्यक्रम में बोले मौलाना नासिर

### प्रतियोगिता

### जिला विज्ञान क्लब की ओर से मुर्तजा इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

## पोस्टर में चांदनी और निबंध में आयशा को प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राहे रजा स्थित राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में मंगलवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन प्रबंधन कार्यक्रम हुआ। निबंध प्रतियोगिता में आयशा इमरान प्रथम, शेफाली द्वितीय और तृतीय स्थान पर तुलसी रहीं। जबकि सांत्वना पुरस्कार राहेमीन को दिया गया। चार्ट-पोस्टर प्रतियोगिता मे चांदनी प्रथम, इकरा द्वितीय और तृतीय स्थान पर आफरीन रहीं।

कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यतिथि वीर खालसा समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि वाहनों और औद्योगिक कारखाने से निकलने वाला धुआं हमारी वायु को दूषित कर रहा है। राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु प्रदूषण के दुष्परिणाम भोगने पड़ रहे हैं। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना है। हमें मोटर वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. शालू कौशल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। सारी बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से ही फैल रही हैं। हमें पॉलिथीन का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनगर डॉ. सुमन लाल ने कहा कि हमें सबसे पहले संक्रामक रोगों पर विजय प्राप्त करनी है।

डायट के प्राचार्य ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए लोगों को हवा और पानी शुद्ध मिलना चाहिए। राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रवक्ता अनूप सिंह ने कहा कि भले ही गरीबी हो लेकिन, स्वास्थ्य बेहतर होना चाहिए। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक सोमपाल सिंह ने सभी से क्लब से जुड़ने का आह्वान किया और आभार जताया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया। अध्यक्षता राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र पाल सिंह ने की। श्याम रस्तोगी, नाजिया, खतीजा, हरपाल सिंह, मोहिनी, रमन चंद्रा, रूमा खान, अंजलि, सुनीता गौड़, आकाश कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह, शरद कुमार आदि।

**ये रहे विजेता:** भाषण प्रतियोगिता में श्री हरि इंटर कॉलेज के वंश प्रथम, शम्सी गर्ल्स इंटर कॉलेज की सादिया शुऐब द्वितीय, राजकीय खुर्शीद इंटर कॉलेज की मीत भाटिया तृतीय रहीं। सांत्वना पुरस्कार राजकीय इंटर कालेज की शिफा खान और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के इशांत को मिला।



विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि अवतार सिंह।



कार्यक्रम में प्रमाण पत्रों के साथ विजयी प्रतियोगी। ● अमृत विचार

### मूल्यांकन समिति

श्याम रस्तोगी प्रवक्ता रसायन विज्ञान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अंजू सिंह सहायक अध्यापिका गणित राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़ी गेट, ज्ञानेंद्र कुमार सहायक अध्यापक जीव विज्ञान राजकीय इंटर कॉलेज केमरी, सुधीर कुमार सहायक अध्यापक विज्ञान राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज।

## छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**टांडा, रामपुर :** पुलिस ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने और अश्लील वीडियो वायरल करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी के पिता ने कोतवाली में पत्र देकर बताया था कि आरोपी जमशेद और उसके साथी ने नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली उसकी बेटी को स्कूल जाते समय रोका और जबरन जंगल की ओर खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई और अश्लील हरकत की गईं। जिसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मकी दी गई कि यदि उसने किसी को बताया तो उसके साथ बलात्कार कर उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को आरोपी जमशेद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि दूसरे की तलाश है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर, मुरादाबाद**

**(खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ०प्र०)**

**प्रवेश सूचना**

खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर, डिप्टी गंज, मुरादाबाद में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण स्वरोजगार योजना अन्तर्गत एक मासीय कुकरी (पाककला) / बेकरी द्वित्तीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जो दिनांक–10.02.2026 से दिनांक–11.03.2026 तक संचालित किया जाना है हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | एक मासीय प्रशिक्षण कुकरी/बेकरी |
|---|---|
| राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र,मुरादाबाद | कुल–30 सीट |

**आरक्षण–चयन** हेतु प्रदेश सरकार की आरक्षण निति का पालन किया जायेगा।
**शैक्षिक योग्यता–** साक्षर होना आवश्यक है।
**आयु सीमा–** आयु कम से कम 18 वर्ष अनिवार्य है।
**चयन प्रक्रिया–**प्रवेश हेतु अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में चयन मैरिट/लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा।
**प्रशिक्षण शुल्क–** नि:शुल्क।
–प्रवेश फार्म प्राप्त करने एवं जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक–09.02.2026 तथा अधिक जानकारी हेतु कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें। **सम्पर्क हेतु सम्पर्क सूत्र–9410038886**

UP - **245066** दिनांक: 02/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र**
**जिला पंचायत परिसर मुरादाबाद**

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर में मांस के अवशेष मिलने से हड़कंप

संभल,अमृत विचार : नरौली कस्बा के मोहल्ला तेली वाला स्थित पुराने शिव मंदिर में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे मंदिर के नल और आसपास मांस जैसे अवशेष दिखाई देने पर श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। नरौली पुलिस चौकी से पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकरी मिली तो मंदिर पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। कुछ ही देर में तमाम लोग आ गए। पुलिस ने दर्जनों लोगों से पूछताछ के साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। करीब पांच घंटे की गहन जांच के बाद शाम करीब पांच बजे पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची कि किसी पक्षी के मुंह से मांस का टुकड़ा मंदिर परिसर मे गिर गया था। सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर दीपक कुमार, मोहन, मोहित सैनी, राजकुमार, कमलकांत, दीपक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि बरात की तैयारियां तेज

चंदौसी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांवड़ सेवा समिति ने मंगलवार को कैथल गेट स्थित नए मंदिर में बैठक आयोजित की। बैठक में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात के आयोजन पर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि बारात मझावली मार्ग से चन्दौसी पहुंचेगी, जहां सड़क की स्थिति खराब है। इस बार 11 झांकियां, 10 डीजे और काली का अखाड़ा शामिल होगा। जलेसर का भूत-पिशाच नृत्य और मेरठ की शिव बारात विशेष आकर्षण रहेंगी। बैठक में प्रवीण गुप्ता, सौरभ बंटी, गिरीशचंद्र और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### राज्य महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह आज संभल आएंगी

संभल,अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह का जनपद संभल भ्रमण कार्यक्रम 4 फरवरी को प्रस्तावित है। अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई पूर्वाह्न 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में होगी। जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों को सुना जाएगा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इसके साथ ही उनके द्वारा जनपद में स्थित चिकित्सालयों, विद्यालयों, बालिका एवं महिला गृहों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाना भी प्रस्तावित है।

# शब-ए-बरात पर मस्जिदों और कब्रिस्तानों में उमड़े अकीदतमंद

## कब्रिस्तानों में बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी, मगफिरत के लिए दुआएं मांगीं

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचारः शब-ए-बरात के मौके पर संभल शहर पूरी तरह इबादत, रूहानियत और अमन-चैन के माहौल में डूबा नजर आया। गुरुवार शाम से ही मस्जिदों, इमामबाड़ों और कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों की आवाजाही शुरू हो गई थी, जो देर रात तक जारी रही। लोगों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा कर अपने गुनाहों की माफी और मरहूम रिश्तेदारों की मगफिरत के लिए दुआएं मांगीं। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा।

शब-ए- बरात के मद्देनजर संभल में मंगलवार को सुबह से ही चलह पहल नजर आ रही थी। सुबह से दोपहर तक लोगों ने कब्रिस्तान में जाकर अपने बुजुर्गों की कब्रों पर साफ सफाई करने का काम किया। इसके बाद शाम को कब्रिस्तानों में चिराग जलाकर रोशनी की गई। लोग इबादत में मशगूल नजर आये। कब्रिस्तानों में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अकीदतमंदों ने अपने बुजुर्गों और मरहूम रिश्तेदारों की कब्रों



संभल में कब्रिस्तान में इबादत करते लोग। ● अमृत विचार



शबे बरात पर इबादत करते नन्हें बच्चे।

● शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा

पर फातिहा पढ़ी, फूल चढ़ाए और चराग़ रोशन किए। कब्रिस्तानों में रूहानी माहौल बना रहा और हर तरफ दुआओं की गूंज सुनाई देती रही। शहर की प्रमुख मस्जिदों में नफ्ल नमाजों, कुरानख़्वानी और ज़िक्र-ए-इलाही का सिलसिला पूरी रात चलता रहा। इमामों और मौलानाओं ने शब-ए-बारात की फज़ीलत बयान करते हुए कहा कि यह रहमत, बरकत और मग़फिरत की रात होती है, जिसमें अल्लाह अपने बंदों की दुआओं को खास तौर पर कुबूल फरमाता है। इसी अकीदे के साथ अकीदतमंदों ने पूरी रात इबादत में गुजार दी। शब-ए-बारात के मौके पर अकीदतमंदों ने न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरे मुल्क में अमन-चैन, भाईचारा, खुशहाली और तरक़्क़ी के लिए भी विशेष दुआएं कीं। बच्चों और युवाओं में भी इस पाक रात को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। कई परिवारों ने इबादत के साथ-साथ जरूरतमंदों को सदका और खैरात भी दी। त्योहार को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। नगर पालिका की ओर से कब्रिस्तानों और मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई, जबकि बिजली विभाग ने रोशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। देर रात तक इबादत का सिलसिला जारी रहा और माहौल रूहानियत में रंगा नजर आया।

## जंगल में नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

संभल,अमृत विचारः नीम के पेड़ से एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान 22 वर्षीय भूपेंद्र सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी गांव गढ़ा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार भूपेंद्र हरियाणा के गुड़गांव में ठेली लगाकर चाट-पकौड़ी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता था। करीब 14 दिन पहले वह गुड़गांव से गांव लौटा था। परिजनों ने बताया कि सोमवार देर शाम भूपेंद्र यह कहकर घर से निकला था कि थोड़ी देर में लौट आएगा, लेकिन रात भर वापस नहीं आया। मृतक चार भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था।

**बीएलओ की ब्रेन हेमरेज से मौत, परिजनों में कोहराम,**

**संभल,अमृत विचारः** चंदौसी के ब्लॉक बनियाखेड़ा अंतर्गत थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी बृजपाल सिंह गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थे और वर्तमान में बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रहे थे। 25 जनवरी की रात हार्ट अटैक के बाद ब्रेन हेमरेज हो गया। मुरादाबाद के अस्पताल में नौ दिन तक इलाज चला। सोमवार देर रात उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## संकरी सड़क पर बजरफुट लदा ट्रक खाई में पलटा



खंदक में गिरा ट्रक। ● अमृत विचार

संवाददाता,चंदौसी

अमृत विचारः तहसील क्षेत्र के गांव कुढ़फतेहगढ़ में बिलारी-आसफपुर मार्ग पर थाने से लगभग 200 मीटर आगे बरी चौराहे की दिशा में सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में बजरफुट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया।

ट्रक चालक बृजकुमार , निवासी नगलिया थाना बिलारी हल्द्वानी से बजरफुट लादकर चन्दौसी जा रहा था। जैसे ही ट्रक कुढ़फतेहगढ़ के पास पहुंचा, सामने से अचानक वाहन आ जाने पर चालक ने संतुलन खो दिया और ट्रक खाई में जा गिरा। चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। दो क्रेनों की मदद से ट्रक को खाई से निकाला गया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। कुढ़फतेहगढ़ थाने से उपनिरीक्षक आकाश यादव मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्योंडारा से भूडी चौराहे तक संभल जनपद की सीमा में सड़क केवल साढ़े तीन मीटर चौड़ी है, जबकि मुरादाबाद और बदायूं जनपद की सीमा में यही मार्ग सात मीटर चौड़ा बना हुआ है। संकरी सड़क के कारण इस क्षेत्र में आए दिन हादसे होते रहते हैं।

# महिला को बंधक बना नकदी, जेवर लूटे

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचारः संभल में रजपुरा क्षेत्र के गांव सेमरी में देर रात लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बदमाशों ने एक घर में घुसकर अकेली महिला के साथ मारपीट की और उसे बंधक बना लिया। बदमाश घर से नकदी समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूट ले गये। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांव सेमरी में सीताराम का मकान गांव के बाहरी छोर पर बना है। सोमवार की रात को सीताराम की पत्नी कैलाशो देवी घर पर अकेली सो रही थीं। रात करीब एक बजे तीन बदमाश घर में घुस आए और चारपाई पर सो रही कैलाशो को धमकाते हुए चुप रहने को कहा। कैलाशो ने शोर मचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और



लूट की वारदात के बाद घर में इकट्ठा महिलाएं व जानकारी देती कैलाशो देवी।

● रजपुरा के गांव सेमरी में बाहर के लिए बने घर में घुसे बदमाश

मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने उसे चारपाई से बांध दिया। बदमाशों ने आराम से घर की अलमारी व संदूक खंगाले । इस दौरान बदमाश घर में रखी 15 हजार रुपये की नकदी के साथ ही लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लूट कर ले गए। कैलाशो देवी ने बताया कि बदमाश लगातार उसके साथ बदतमीजी करते रहे और जान से मारने की धमकी देकर दहशत फैलाते रहे। घटना की सूचना मिलने पर रजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

# बदायूं पुलिस ने दी दबिश , ग्रामीण की मौत

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचारः कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में दबिश देने पहुंची बदायूं पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और रिश्तेदारों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने पुलिस पर हाथापाई और धक्का देने से मौत होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

हयातनगर थाना क्षेत्र के हैबतपुर का रहने वाला हरचरण मंगलवार को अपनी पत्नी जयवती के साथ ससुराल कैला देवी के गांव नारंगपुर आया था। हरचरण के बेटे अनिकेत पर आरोप है कि वह करीब 10 दिन पहले बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला-फुसलाकर ले गया था। इस



जानकारी देते मुतक के परिजन। ● अमृत विचार

मामले में युवती के परिजनों की तहरीर पर बिसौली थाना पुलिस ने अनिकेत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को बिसौली थाना पुलिस ने हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर में अनिकेत के घर पर दबिश दी लेकिन आरोपी घर पर नहीं मिला। इसके बाद पुलिस लोकेशन के आधार पर आरोपी के पिता हरचरण की ससुराल कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने वहां हरचरण को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान हरचरण भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।

परिजनों का आरोप है कि पकड़ने के दौरान पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की की गई, जिससे हरचरण जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। हरचरण

● परिजनों ने पुलिस पर धक्का-मुक्की का लगाया आरोप

की हालत बिगड़ती देख बिसौली थाना पुलिस मौके से लौट गई। इसके बाद परिजनों ने कैला देवी थाना पुलिस को सूचना दी और पुलिस पर मारपीट कर मौत का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने स्थिति को शांत कराते हुए शव का पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की और पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है। कैला देवी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# होली के स्थान को लेकर विवाद, पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता,संभल/ कैला देवी

अमृत विचारः पंवासा ब्लॉक क्षेत्र के साकिन शोभापुर मुंजब्ता गांव में होली रखने के स्थान को लेकर विवाद खड़ा हो गया। रविवार को गांव के जिम्मेदार व बुजुर्ग लोगों की सहमति के बाद मुख्य चौराहे पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होली रखी गई थी। उस समय किसी भी पक्ष ने विरोध नहीं किया।

सोमवार को मुख्य चौराहे के सामने रहने वाले कुछ ग्रामीणों ने होली हटाने को लेकर पुलिस से शिकायत कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से मुख्य चौराहे से होली हटाने के लिए कहा, लेकिन गांव के जिम्मेदार और बुजुर्ग लोगों ने इससे इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर पुलिस और ग्रामीणों



संभल के शोभापुर गांव में रखी होली जिसे लेकर विवाद हुआ।

के बीच जमकर नोकझोंक हुई। गांव निवासी सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि शोभापुर खालसा और शोभापुर मुंजब्ता एक ही ग्राम पंचायत हैं और जिस स्थान पर पहले होली रखी जाती थी, वहां अब आसपास मकान बन चुके हैं। ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, पास में पीपल का पेड़ है और परिक्रमा के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं बचा है। इसी कारण ग्राम पंचायत की तीन सदस्यीय समिति की अध्यक्ष पार्वती के नेतृत्व में दोनों गांवों के लोगों से चंदा एकत्र कर रविवार शाम मुख्य चौराहे पर होली रखी गई थी।

सोमवार को शिकायत के बाद पुलिस द्वारा होली हटाने का दबाव बनाए जाने से दोनों गांवों के ग्रामीणों ने दूसरे स्थान पर होली

● पुलिस और ग्रामीणों में हुई तीखी नोकझोंक

रखने से मना कर दिया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने परिषदीय विद्यालय के पास ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि में होली रखने का सुझाव दिया। पुलिस के जाने के बाद गांव के महादेव मंदिर परिसर में ग्रामीणों की पंचायत हुई। पंचायत में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मुख्य चौराहे से होली नहीं हटाई जाएगी, जबकि अगले वर्ष ग्राम समाज की खाली भूमि में होली रखी जाएगी। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि गांव साकिन शोभापुर मुंजब्ता में मुख्य चौराहे पर होली रखने को लेकर शिकायत मिली थी। मौके पर पहुंचकर जांच की गई है। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बात की जा रही है।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल

संभल/सौंधन,अमृत विचारः थाना केला देवी क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रुदायन निवासी महावीर पुत्र बृजपाल अपने दोस्त रिंकू निवासी ग्राम अझरा के साथ बाइक से संभल की ओर जा रहे थे। रायपुर रोड पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर राजू पुत्र जगदीश और अतीक पुत्र नासिर निवासी ग्राम सौंधन सवार थे। दोनों बाइकों की गति काफी तेज थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चारों सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

## न्यूज डायरी

### राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर से मिला केमिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



संभल, अमृत विचार : केमिस्ट एसोसिएशन संभल के अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में अंकुश त्यागी और अतुल कुमार त्यागी ने आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केमिस्ट बंधुओं की समस्याओं, विभागीय अधिकारियों के सहयोग तथा शासन से अपेक्षाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अजय कुमार ने मंत्री से केमिस्ट एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। अंकुश त्यागी ने कहा कि मंत्री के संभल आगमन से केमिस्ट बंधुओं, विभागीय अधिकारियों और आम जनता में उत्साह, निष्ठा और समर्पण की भावना मजबूत होगी। वहीं अतुल कुमार त्यागी ने बताया कि मंत्री के संभल आगमन पर आयोजित होने वाले अभिनंदन कार्यक्रम में केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी, भारतीय इतिहास संकलन समिति, चिकित्सक संगठनों, समाजसेवियों एवं ब्राह्मण संगठनों से जुड़े विशिष्ट जनों और आम जनता को आमंत्रित किया जाएगा।



### हनुमानगढ़ी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकली कलशयात्रा

चंदौसी, अमृत विचार : हनुमानगढ़ी स्थित शनिदेव व काली मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मंगलवार को शुरू हुआ। पहले दिन महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा में भगवान स्वरूप में सजे कलाकार नृत्य करते हुए शामिल थे कथा वाचक ओमप्रकाश शर्मा भी यात्रा में मौजूद रहे और इसके बाद प्रवचन दिया। कार्यक्रम में उमाकांत शर्मा, अशोक शर्मा, बल्लू शर्मा, कुलदीप वार्ष्णेय, दिनेश शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बाल विवाह की सूचना , दोनों लड़कियां निकलीं बालिग

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : जनपद संभल में बाल विवाह की सूचना मिलने पर मंगलवार को पुलिस और प्रशासन के साथ एनजीओ की टीमों ने दो जगह कार्रवाई की। जिन लड़कियों की शादी रोकी गई वह बालिग निकली तो दोनों लड़कियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मंगलवार शाम करीब चार बजे चंदौसी एसडीएम आशुतोष तिवारी को ना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में बाल विवाह की सूचना मिली। पुलिस के साथ नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर गांव पहुंचे। कड़े विरोध के बीच अधिकारी लड़की को लेकर थाने पहुंचे। इसके बाद ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रालियों से थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। प्रधान समेत 10 लोगों ने चंदौसी मजिस्ट्रेट के नाम एफिडेविट दिए, जिनमें लड़की के बालिग होने की पुष्टि की गई। दस्तावेजों की जांच के बाद पुलिस ने लड़की को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं कैलादेवी क्षेत्र के गांव ठाठी में डायल 112 पर बाल विवाह की सूचना दी गई थी। प्रारंभिक जांच में लड़की बालिग पाई गई। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने स्वयं परिवार रजिस्टर की जांच की, जिसमें लड़की का जन्म वर्ष 2003 दर्ज मिला। पुलिस के अनुसार बाल विवाह की झूठी सूचना देकर शादी रुकवाने का प्रयास किया गया था। फर्जी कॉल करने वालों की पहचान की जा रही है।

### श्री कल्कि सेना के स्थापना दिवस को लेकर चर्चा



संभल,अमृत विचार : प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल के 33वें स्थापना दिवस के दो दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक में अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि 33वां स्थापना दिवस 21 और 22 अप्रैल को मनाया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री गगन वार्ष्णेय ने कहा कि कार्यक्रम में दिल्ली, मैनपुरी, इटावा, सुन्नामई सहित अन्य स्थानों से कल्कि भक्तों के आने की संभावना है। सुषमा गुप्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा, उज्ज्वल सक्सेना, सुभाष त्यागी, सोनू गोला, मुदिता गुप्ता, निरुपमा गोयल, आकाश चौहान, रानू गुप्ता, अनुराग रस्तोगी, यश गुप्ता, नमन शर्मा, मनीष गुप्ता, प्रियांशु अग्रवाल, हर्षित गुप्ता, संजू कश्यप, सौरभ शर्मा, अर्पित कश्यप, महेंद्र प्रताप, हर्ष कुमार, मिंकु खुराना सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा जबकि संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

# अनुज चौधरी मामलाः याचिका पर सुनवाई 9 फरवरी को

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचारः इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल हिंसा मामले में डीएसपी अनुज चौधरी सहित दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के संबंध में सुनवाई मंगलवार को न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने की। शिकायतकर्ता यामीन की ओर से अधिवक्ता ने वकालतनामा दाखिल किया।

न्यायालय के समक्ष बहस के दौरान यह बताया गया कि राज्य द्वारा अनुच्छेद 227 के अंतर्गत एक अन्य याचिका दाखिल की गई है, जो लंबित है और वह वर्तमान मामले से संबंधित है, इसलिए न्यायालय ने दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई करने का विचार किया।

● अनुज चौधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर के दिए गए हैं निर्देश

अंत में कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई आगामी 9 फरवरी 2026 को सुनिश्चित की है। बता दें कि 9 जनवरी 2026 को संभल के पूर्व सीजेएम विभांशु सुधीर ने पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी और अन्य 20 पुलिस कर्मियों के खिलाफ फिर दर्ज करने का आदेश दिया था। यह आदेश आलम के पिता यामीन द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया था, जिसमें शिकायतकर्ता ने अपने बेटे पर गोली चलाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संभल/बबराला, अमृत विचारः बबराला में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की नौकरी के पहला ही दिनकोहरे के बीच सड़क पार करते समय युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।

रविंद्र कुमार (27) पुत्र जगबीर निवासी आदर्श नगर कॉलोनी, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़ बबराला में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के रूप में नौकरी करने के लिए आया था। मंगलवार को उसकी नौकरी का पहला ही दिन था। तड़के करीब तीन बजे रविंद्रकिसी काम से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान घने के कोहरे के बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। काफी देर तक युवक के वापस न लौटने पर साथी उसे तलाशने निकले, तब वह सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिमृत घोषित कर दिया।

# रमजान पर लाउडस्पीकर की इजाजत नहीं देगा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचारः रमजान माह के दौरान संभल की जामा मस्जिद पर लाउडस्पीकर बजाने की इजाजत देने को प्रशासन तैयार नहीं है। जामा मस्जिद सदर ने एक दिन पहले लाउडस्पीकर की अनुमति के लिए जिलाधिकारी को जो प्रार्थना पत्र दिया था उस पर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं किया गया है लेकिन अफसरों ने साफ कर दिया है कि वह ऐसी कोई इजाजत नहीं देंगे।

जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र देकर रमजान में लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति मांगी थी। कहा था कि वह सरकारी मानकों के अनुसार ध्वनि का प्रयोग करेंगे। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया इस प्रार्थना पत्र पर आधिकारिक तौर पर

● जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामला कोर्ट में विचाराधीन

कोई आदेश जारी नहीं किया है लेकिन अपनी मंशा साफ करते हुए कहा है कि वह ऐसी कोई अनुमति नहीं दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि जामा मस्जिद भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग की संरक्षित इमारत है साथ ही इसे लेकर शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामला चंदौसी कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसी के चलते जिला प्रशासन कुछ भी नया करने की इजाजत देने को तैयार नहीं है। जामा मस्जिद कमेटी सदर जफर अली ने कहा कि रमजान 18 फरवरी से शुरू हो रहा है, नमाजियों को इमाम साहब की आवाज आसानी से आ जाए, दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई भ्रम पैदा ना हो, इसके लिए लाउडस्पीकर लगाने की मांग की गई थी।

अमृत विचार



## जेई पर महिला ने लगाया अवैध संबंध का आरोप

**अमरोहा, अमृत विचारः** एक महिला ने बिजली विभाग के जेई पर प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने कहा कि जेई ने उसे उसके पति से अलग कर दिया। उसके साथ रहते हुए उसने एक बेटे को जन्म दिया। अब जेई महिला से मारपीट करता है।

मंडी धनौरा क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति बाहर मजदूरी करता था। इसी दौरान बिजली बिल जमा करने के अभियान के तहत जेई उसके घर आया। जेई ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके पति से रिश्ते खत्म करा दिए। जेई गजरौला में एक किराए के मकान में ले गया। करीब 4 साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। इस दौरान उसने एक बेटे को जन्म दिया। महिला का आरोप है कि अब जेई उसे अपने साथ रखने से मना कर रहा है। वर्तमान में जेई की तैनाती हसनपुर तहसील क्षेत्र में है। 26 जनवरी को वह जेई से मिलने उसके सरकारी आवास पर गई थी। वहां जेई और उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। एसपी ने मामले की जांच सीओ धनौरा को सौंपी है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, पीटीआई की मौत

## दुर्घटना में बाइक से सड़क पर गिरने के बाद वाहन ने कुचल दिया, निजी स्कूल में पीटीआई थे मोहित

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** रेलवे ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पीटीआई घायल हो गया। इसी दौरान वहां से गुजरे वाहन कुचलकर उसकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। घटना सोमवार देर रात की बताईं जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मोहल्ला सैफी नगर निवासी 40 वर्षीय मोहित कुमार शहर के सेंटमेरी कांवेंट स्कूल में पीटीआई थे। वह सोमवार देर रात बाइक से घर लौट रहे थे। रेलवे ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें मोहित गंभीर रूप से घायल हो सड़क पर बेहोश हो गए। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिवार वाले भी पहुंच गए। वे मोहित को अस्पताल में दिखाने की बात कहते हुए मुरादाबाद ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। देर रात पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


हादसे के बाद बड़ी संख्या में जुटे लोग। • अमृत विचार


घायल सिपाही से जानकारी करते प्रभारी निरीक्षक। • अमृत विचार

• रेलवे ओवरब्रिज पर सोमवार देर रात हुई दुर्घटना

### पिकअप ने कार में मारी टक्कर, सिपाही फंसा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के बाईपास मार्ग पर देर रात पिकअप गाड़ी एवं बैगनार कार में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। वहीं हादसे के बाद बैगनार कार में फंसे सिपाही को घंटों की मेहनत के बाद बाहर निकाल और सीएचसी में भर्ती कराया गया। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गांव रुस्तमपुर निवासी गौरव पुत्र बिजेंद्र दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल है। सोमवार को छुट्टी लेकर वह बैगनार कार से अपने घर आ रहा था। देर रात जैसे ही उसकी नगर के बाईपास मार्ग पर सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बैगनार कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सिपाही गौरव उसमें फंस गया। हादसे के बाद कोतवाली पुलिस एवं स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे और घंटे की मेहनत के बाद कार में फंसे सिपाही को बाहर निकाला और सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से घायल सिपाही को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह द्वारा बताया गया कि दो गाड़ियों की आमने-सामने की भिड़ंत में दिल्ली में तैनात सिपाही घायल हो गया है। दूसरी गाड़ी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय के सामने जलभराव के चलते छात्र परेशान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव मनौटा में विकास के दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गांव में प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने पिछले दो वर्षों से जलभराव और कीचड़ की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका शीला रानी ने बताया कि स्कूल के मुख्य द्वार पर लंबे समय से पानी भरा रहता है। बरसात में स्थिति और भयावह हो जाती है और पूरा रास्ता तालाब में तब्दील हो जाता है। छात्र-छात्राओं को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण नरेश कुमार ने बताया कि जलभराव का पानी पास के खेतों में घुसने से उनकी गेहूं की फसल खराब हो गई है। वहीं, कुसुम चौहान ने बताया कि आए दिन लोग कीचड़ में फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम प्रधान राजेंद्री देवी ने कहा कि यह सड़क ग्राम पंचायत की नहीं, बल्कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है, जिसकी शिकायत उच्च स्तर पर की जा चुकी है। पवन, पुनीत, प्रशांत, नीरज, बबीता और सुनीता सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जल निकासी और सड़क निर्माण की मांग की है।


विद्यालय के सामने भरा पानी।

• ग्राम प्रधान ने कहा, पीडब्ल्यूडी की है सड़क

## नाला बंद होने के कारण गेहूं में भरा पानी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव में नाला चौक होने के कारण किसानों की गेहूं की फसलों में पानी भर गया। पानी भरा होने के कारण फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव करन खाल के ग्रामीणों ने अपने खेतों पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए कहा है कि नगर पालिका के द्वारा जो नाला बगद नदी तक बनाया गया है। वह गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों के द्वारा गांव में ही बंद कर दिया गया है। जिससे शहर का सारा गंदा पानी किसानों के खेतो में खड़ी गेहूं की फसलों में भर गया है। ग्रामीण किसानों का कहना है गेहूं की फसल में पानी भरा होने के कारण फसले बर्बाद होने की कगार पर हैं। ग्रामीणों ने नगर पालिका से मांग करते हुए कहा है कि जल्द ही नाला खोलकर गेहूं की फसलों में भरें पानी को तुरंत निकाला जाए। किसानों ने कहा है कि अगर जल्द ही नगर पालिका के द्वारा गेहूं की फसलों से पानी नहीं निकाला गया और गेहूं की फसल बर्बाद होती है तो उसकी जिम्मेदार नगर पालिका होगी। ग्रामीणों ने कहा है कि जिला अधिकारी कार्यालय पर भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में रोहित, रोहतास सिंह, अजय कुमार, हरकेश सिंह, दिनेश कुमार, जयपाल सिंह, टेकचंद सिंह, दीपक ,आदित्य सैनी, शिव स्वरूप, अमर सिंह,ओमी,बिरजू, ठाकुर सिंह ,आशा देवी ,जगवती ,सर्वेश आदि मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते ग्रामीण। • अमृत विचार

• ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, समस्या के समाधान की मांग

## मां संतोषी मंदिर का 51वां वार्षिक उत्सव मनाया

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचारः** मंगलवार को नगर के मोहल्ला सोसाइटी स्थित मां संतोषी मंदिर के परिसर में मंदिर का 51वां वार्षिक उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर के सक्रिय सदस्यों को सम्मान किया गया। कुसुम अग्रवाल ने कहा कि मां संतोषी मंदिर में आकर एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। कुसुम सिंह, मीणा आर्य, रजनी सारस्वत, मंजू अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, राकेश वर्मा, ममता सिंहल, पूनम सिंहल, सरोज अग्रवाल, मीना शर्मा, रानी अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, श्वेता सिंघल, निम्मी अग्रवाल, मनीष, रेनू शर्मा, रजनी शर्मा, सीमा गुप्ता, अंजू शर्मा, ममता अग्रवाल, अलका अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।


पाठ करतीं महिला श्रद्धालु। • अमृत विचार

## बिना पार्किंग शादी हॉल पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद अमरोहा की सीमा मे स्थित बैंकट हॉल जो सार्वजनिक मार्ग पर पार्किंग करवाते हैं, उन पर कार्यवाही की जाएगी। ईओ डॉ बृजेश कुमार सिंह ने नगर पालिका टीम को ऐसे बैंक्वेट हॉल को चिन्हित कर उनको नोटिस देकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।


बृजेश कुमार सिंह।

मंगलवार को ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने पालिका टीम के साथ बैठक की। बताया कि नगर क्षेत्र में बढ़ती हुई वाहनो की संख्या एवं यातायात के अत्यधिक दबाव से यातायात व्यवस्था सुचारु नहीं रह पाती है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दरअसल नगर में स्थित बैंकट हॉल बिना कमर्शियल भवन की एनओसी प्राप्त किये व बिना मानकों के नियम विरुद्ध रूप से चल रहे हैं। अधिकांश बैंकट हॉल के अंदर पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण सार्वजनिक मार्गो पर वाहन खड़े किए जाते हैं जिससे मार्गो पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ईओ ने बताया कि पालिका द्वारा पूर्व में भी बारात घरों को नोटिस जारी किया गया था। लेकिन सुधार नही हुआ। लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने पालिका के कर अधीक्षक, अवर अभियंता, सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया कि शासनादेश का उल्लंघन कर संचालित बरात घरों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने बारात घरों के संचालकों को निर्देश दिए है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी सामग्री का प्रयोग न किया जाये, आयोजन उपरांत उत्सर्जित कूड़े का उचित निस्तारण किया जाये तथा मार्गो पर वाहनो की पार्किंग न कराई जाये।

• ईओ डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने नगर पालिका टीम को दिए निर्देश

### मेड़ काटने का विरोध करने पर जानलेवा हमला

**हसनपुर, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में खेत की मेड़ काटने के विवाद में दबंगों ने एक ही परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव मुवारिजपुर निवासी उमेश सोमवार की देर शाम को अपनी अपनी पत्नी पूनम और बच्चों के साथ खेत पर गए थे। वहां कुछ लोगों को मेड़ काटते देख जब उन्होंने विरोध किया, तो आरोपियों ने परिवार को पीटना शुरू कर दिया। उमेश के सिर में गंभीर चोट आई है। ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचे, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## सात निर्धन बच्चों का पुलिस ने कराया एडमिशन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाते हुए अनुकरणीय पहल की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में थाना मंडी धनौरा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत शिक्षा से वंचित सात निर्धन बच्चों का विद्यालय में दाखिला कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है।

मंगलवार को क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण तथा वरिष्ठ उप-निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने कंचन बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर ऐसे बालक-बालिकाओं को चिह्नित किया, जो विभिन्न कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे थे और शिक्षा से वंचित थे। पुलिस टीम ने इन सात बच्चों प्रीति,साक्षी, कुन्ज, शौर्य, सिद्धार्थ, गौरी और अनुराग का क्षेत्र के ग्राम वंशगोपालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में विधिवत प्रवेश कराया। महिला उप-निरीक्षक मोनिका तोमर, महिला हेड कांस्टेबल दुर्गावती, महिला कांस्टेबल नाजरा बेगम एवं महिला कांस्टेबल आरती बालियान ने न केवल बच्चों का दाखिला कराया, बल्कि उन्हें और उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक व प्रेरित भी किया। पु थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर है।

## डॉ. अंबेडकर जयंती के लिए समिति गठित


नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्य। • अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की समिति का गठन किया गया। बैठक में यह स्पष्ट रूप से तय किया गया कि समिति में शामिल प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेगा।

• सदस्यों ने जिम्मेदारियों के निर्वहन का लिया संकल्प

अध्यक्ष मास्टर जगत सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष ललित कुमार सिंह,कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ़ गुड्डू, महासचिव चंचल सागर, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, संयोजक नवल कुमार, महेंद्र सिंह आर्य, रामपाल सिंह, गोपीचंद, मास्टर जयवीर सिंह, डॉ महेश कुमार, ललिता रानी, सुशील भगत नियुक्त किए गए। बैठक में कैलाश उर्फ़ महेंद्र सिंह, बृजपाल सिंह जाटव, डॉ बबलू गौतम, थान सिंह, फतेह चंद,मास्टर मंगली सिंह, सतपाल सिंह एडवोकेट,मनोज कुमार सम्राट, ब्रह्मज्ञान मास्टर, मास्टर जगदीश शरण, सतेंद्र कुमार एडवोकेट, नरेंद्र कुमार नेताजी, रितेश कुमार,पवन कुमार, रवि सागर, यशपाल सिंह, बृजकिशोर, वीर सिंह, चंदकिरन, बाबूराम, वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## युवक का शव मिला, परिजन कह रहे हत्या

**बिजनौर,अमृत विचार :** थाना थाना नांगल क्षेत्र के गांव रायपुर खास उर्फ कोट सराय निवासी 25 वर्षीय युवक कविंद्र का शव मंगलवार सवेरे गंगा खादर में मिला। युवक सोमवार से लापता था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस क्षेत्राधिकार नितेश प्रताप सिंह ,मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार तथा नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किया पुलिस गहनता से मामले की जांच कर रही है। चर्चा है कि मृतक युवक ने अपने परिजनों को फोन पर सूचित किया था कि वह अब वापस नहीं आएगा ।परिजनों ने थाने में तहरीर दी है।

## सिपाही की नौकरी लगवाने के लिए एक लाख रुपए हड़पे

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचारः** बेटे की सिपाही की नौकरी लगवाने की ऐवज एक व्यक्ति ने किसान से एक लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित किसान ने रहरा थाने में मामले की तहरीर दी है।

गांव हाकमपुर निवासी किसान धीरज सिंह का कहना है कि 2022 में गांव निवासी गजेंद्र पुत्र कलुआ से उसके बेटे अनूप की उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही की भर्ती के लिए 6 लाख रुपए में बात हुई थी।उसने आरोपी को 3 वर्ष पहले एक लाख रुपए एडवांस दिए। इसमें 80 हजार रुपए ऑनलाइन तथा 20 हजार रुपए नगद दिए। बेटे की नौकरी न लगने के बादकरीब 3 वर्ष से आरोपी से रुपये वापस मांग रहे हैं। आरोपी पहले तो देने के लिए हामी भरता रहा लेकिन अब गाली- गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी गजेंद्र को हसनपुर पुलिस ने करीब 2 वर्ष पहले जाली नोट व नोट छापने की मशीन बरामद कर जेल भेजा था। ग्रामीणों के मुताबिक गजेंद्र दर्जनों लोगों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठी चुका है। आए दिन कोई ना कोई पीड़ित उसके घर आता रहता है। वह माता-पिता को घर छोड़कर महीनों से फरार चल रहा है।

> प्रार्थना पत्र की जांच के संबंध में मैं आरोपी गजेंद्र के घर गया था। वह बहुत बड़ा फ्रॉड है। ऐसे कई लोगों के रुपए उसने सरकारी नौकरी लगवाने की ऐवज ऐंठ रखे हैं। पहले जेल भी जा चुका है। घर पर उसके बूढ़े पिता मिले थे। आरोपी फोन भी रिसीव नहीं कर रहा है। आरोपी की पूरी कुंडली खंगाली जा रही है।
> –प्रहलाद सिंह, एसआई, थाना रहरा

स्वास्थ्य चर्चा

जीवनशैली से संबंधित होते हैं 90 प्रतिशत कैंसर, पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में कराना चाहिए सीरम पीएसए परीक्षण

# लाइफ स्टाइल में बदलाव और एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव : डॉ. अर्जुन

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। खानपान बेहतर रखने के साथ रेगुलर एक्सरसाइज करने से शरीर में अच्छे हार्मोंस पैदा होते हैं, जो कैंसर सेल को शरीर में एक्टिव होने से रोकने का कार्य करते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं को स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराना चाहिए। प्रत्येक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में सीरम पीएसए परीक्षण कराना चाहिए। यह कहना है रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. अर्जुन अग्रवाल का।

अमृत विचार से हुई बातचीत में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि 70 प्रतिशत कैंसर का इलाज लाइफ स्टाइल में बदलाव और बेहतर डॉक्टर की सलाह से ली जा रही दवाइयों से संभव है। वह कहते हैं कि कैंसर सेल कहीं बाहर से शरीर में प्रवेश नहीं करते हैं। ये हमारे शरीर के अंदर ही होते हैं, जो हमारे बिगड़े खानपान, तंबाकू और बीड़ी-सिगरेट और कई अन्य कारणों से शरीर में एक्टिव हो जाते हैं। कैंसर का एक सेल दो, चार फिर 16 होते ही तेज गति से शरीर में फैलने लगते हैं।

डॉ. अर्जुन का कहना है कि शरीर में कैंसर के जो एक्टिव सेल हैं उन्हें खत्म करने के लिए समय पर इलाज जरूरी है। प्रथम और सेकेंड स्टेज में कैंसर को 90 या 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि थर्ड और फोर्थ स्टेज में कैंसर पहुंच गया तो रोगी को ठीक होने में काफी समय लग सकता है। कैंसर विशेषज्ञ का कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर का लाइफ स्टाइल से संबंध है। हैबिट्स, तंबाकू व बीड़ी से कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। मुंह का कैंसर कॉमन है। दूसरी वजह स्मोकिंग में बीड़ी व सिगरेट है। आजकल इसका प्रचलन ज्यादा है, इससे मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, बच्चेदानी में कैंसर, खाने की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। तीसरा कारण डाइट है, हम लोगों को शुद्ध खाना खाने को नहीं मिल पाता है, पेस्टीसाइड, रसायन युक्त चीजें ज्यादा हैं। बोतल बंद पानी के दौरान माइक्रो प्लास्टिक हमारे अंदर चले जाते हैं, पर्यावरण प्रदूषण भी कैंसर का कारण बनता है। चौथा मोटापा है लेकिन एक्सरसाइज से कुछ अच्छे हार्मोंस जन्म लेते हैं, जो कैंसर सेल को पनपने से रोकते हैं। डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि कैंसर होने के कई लक्षण हैं। पहला लक्षण वेट लॉस है। किसी पुरुष या महिला में छह से 12 महीने में पांच प्रतिशत या उससे अधिक वेट लॉस होता है तो यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। दूसरा लक्षण लगातार थकान होना है। तीसरा लक्षण मुंह, नाक, थूक, बच्चेदानी, लैट्रिंग के रास्ते खून आना है। चौथा लक्षण पीलिया और पांचवां लक्षण शरीर में किसी भी जगह पानी एकत्र होना है। ऐसी स्थिति में कैंसर का चेकअप कराना चाहिए।


डॉ. अर्जुन अग्रवाल।

### बचाव के लिए ये बदलाव जरूरी

डॉ. अर्जुन ने कैंसर से बचाव के लिए कई बातें बतायी हैं। उनका कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर लाइफ स्टाइल से संबंधित हैं, हमें तंबाकू व सिगरेट छोड़ना चाहिए। हमें अच्छा खाना चाहिए, नियमित एक्सरसाइज करने की जरूरत हैं, ताकि हार्मोंस ज्यादा पैदा होते रहे, स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए, योग करना चाहिए। प्रतिदिन इतनी एक्सरसाइज करनी चाहिए ताकि खूब पसीना बाहर आ सके।

### कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी हुआ बदलाव

कैंसर के इलाज पर फोकस करते हुए डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि अब कैंसर को आधुनिक इलाज से मात दी जा रही है। कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले के समय में एक मेजर सर्जरी होती थी, अब रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी आने के बाद कैंसर को हराना और आसान हो गया है। इम्यूनोथेरेपी भी इसमें शामिल है। यह ऐसा ट्रीटमेंट है, शरीर के जिस हिस्से में कैंसर पनपता है, उसी हिस्से की निगरानी कर वहीं पर कैंसर के सेल्स को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्मून सिस्टम) को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। यह पारंपरिक कीमोथेरेपी से भिन्न है, अक्सर कम साइड इफेक्ट्स के साथ बेहतर परिणाम देता।

## पुराने डाकखाने पर जाम से लोग हलकान



पुराने डाकघर के निकट जाम में फंसे वाहन। • अमृत विचार

**हसनपुर,अमृत विचारः** नगर में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी और बेतरतीब यातायात के कारण जाम की समस्या नासूर बनती जा रही है। मंगलवार की दोपहर पुराने डाकखाने के पास ई-रिक्शों की लंबी कतारों और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ के कारण घंटों जाम लगा रहा। स्थिति यह थी कि ई-रिक्शा एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने को आमादा थे, जिससे पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर हो गया।

हैरानी की बात यह है कि इस व्यस्त चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए कोई जिम्मेदार नजर नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा चालकों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण और बीच सड़क पर सवारी उतारने-चढ़ाने से आए दिन यह स्थिति पैदा होती है। नगर की शांति और व्यवस्था को लेकर आयोजित अमन कमेटी की बैठकों में भी यह मुद्दा कई बार प्रमुखता से उठाया जा चुका है।



मैं उस समाज में रहता हूं, जहां बड़े घरों में छोटे लोग रहते हैं और छोटे घरों में बड़े लोग।
-सआदत हसन मंटो, उर्दू साहित्यकार

## व्यापार समझौता

भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साह लाजिमी है तो सवाल भी। इस डील को कुछ हलकों में 'भारत की कूटनीतिक जीत' और 'अमेरिका के झुकने' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, परंतु अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में हर निर्णय ठोस सामरिक और आर्थिक गणनाओं का परिणाम होता है, न कि भावनात्मक। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाने के पीछे कई कारक हैं। भारत–यूरोपीय संघ के हालिया समझौते और उससे पहले ब्रिटेन के साथ एफटीए ने यह संकेत दिया कि भारत वैश्विक व्यापारिक मानचित्र पर सक्रिय है। हमारी सक्रिय कूटनीति ने वाशिंगटन को संदेश दिया कि नई दिल्ली बहुध्रुवीय संतुलन साधने में सक्षम है, तो अमेरिका के लिए चीन के विकल्प के रूप में उभरते विनिर्माण केंद्र के संदर्भ में भारत को साथ रखना रणनीतिक आवश्यकता बनी।

18 फीसदी टैरिफ से बाजार में अल्पकालिक उत्साह संभव है, पर दीर्घकालिक लाभ इस पर निर्भर करेगा कि गैर-टैरिफ बाधाएं कितनी कम होती हैं और सप्लाई चेन कितनी स्थिर रहती है। टेक्सटाइल, लेदर और मरीन उत्पाद जैसे श्रमप्रधान क्षेत्रों को कुछ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, जीडीपी वृद्धि दर में बढ़ोतरी संभावित है पर वह तभी साकार होगा, जब निवेश, निर्यात और विनिर्माण क्षमता समानांतर रूप से बढ़ें। रूस से तेल आयात भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न है। भारत ने अब तक 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति अपनाई है- न तो पूर्ण निर्भरता, न पूर्ण परहेज़। इसे शून्य पर लाना न आर्थिक रूप से सरल है, न कूटनीतिक रूप से व्यावहारिक। इसी प्रकार अमेरिकी कृषि निर्यात के लिए भारतीय बाजार खोलना एक संवेदनशील विषय है। भारत का कृषि क्षेत्र आजीविका से जुड़ा प्रश्न है; अतः किसी भी रियायत का घरेलू राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर होगा। 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद का दावा वर्तमान व्यापार आंकड़ों 2024 में मात्र 212 अरब डॉलर द्विपक्षीय व्यापार के संदर्भ में अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होता है। अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नेतृत्व घरेलू दर्शकों को ध्यान में रखकर बड़े आंकड़े प्रस्तुत करता है। इस समझौते के इर्द-गिर्द सबसे अधिक अस्पष्टता दोनों पक्षों यानी ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बयानों में अंतर को लेकर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा और अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य करेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी कोई सार्वजनिक प्रतिबद्धता व्यक्त नहीं की। यह अंतर बताता है कि राजनीतिक बयान और औपचारिक समझौते में भेद होता है।

जब तक संयुक्त बयान और विस्तृत मसौदा सार्वजनिक न हो, तब तक इन दावों को अंतिम सत्य मानना जल्दबाजी होगी। हम अपने दीर्घकालिक हितों- रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उद्योग संरक्षण को सुरक्षित रखना चाहते हैं, जबकि अमेरिका के लिए यह उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत को सशक्त साझेदार बनाना चाहेगा। जब तक विस्तृत समझौता सार्वजनिक न हो, तब तक विवेकपूर्ण प्रतीक्षा ही सर्वोत्तम नीति है। राजनीतिक बयान सुर्खियां बना सकते हैं, पर राष्ट्रहित का मूल्यांकन तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## भारत में बढ़ रहा है कैंसर का दायरा

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लैंसेट की नवीनतम ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ रिपोर्ट के अनुसार, जहां वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाएं और मृत्यु दर में कमी आ रही है, वहीं भारत में इन मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में भारत में अनुमानित 15 लाख नए कैंसर मामले और 12 लाख से अधिक मौतें दर्ज की गईं।

वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाओं की दर 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 220.6 से घटकर वर्ष 2023 में 205.1 हो गई और वर्ष 2025 तक यह आंकड़ा 192.9 तक पहुंचने का अनुमान है, हालांकि जनसंख्या वृद्धि और उम्र बढ़ने के कारण वर्ष 2050 तक कैंसर के कुल मामलों और मृत्यु की संख्या में तीव्र वृद्धि की संभावना है। भारत में कैंसर की घटनाओं की दर वर्ष 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 84.8 से बढ़कर वर्ष 2023 में 107.2 हो गई, जबकि इसी अवधि में मृत्यु दर 71.7 से बढ़कर 86.9 प्रति एक लाख तक पहुंच गई।



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों पर असमान रोग भारः अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि भारत जैसे निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में कैंसर के नए मामलों में से आधे से अधिक और दो तिहाई मृत्यु होने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर लगभग 42% कैंसर मृत्यु तंबाकू, शराब, अस्वस्थ आहार और संक्रमण जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों से जुड़ी हैं। भारत में इन कारकों से संबंधित मृत्यु की हिस्सेदारी लगभग 70% तक हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक विश्वभर में लगभग 3.05 करोड़ नए कैंसर मामले सामने आ सकते हैं, जबकि कैंसर से होने वाली मृत्यु में 75% की वृद्धि होकर यह संख्या 1.86 करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर से मृत्यु के प्रमुख कारण स्तन, फेफड़े, ग्रासनली/अन्ननली है। आईएआरसी के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में लगभग दो करोड़ कैंसर के नए मामले सामने आए और कैंसर की वजह से 97 लाख लोगों की मौत हुई। अकेले भारत में 1,413,316 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें महिला रोगियों का अनुपात अधिक है।

एक अनुमान के अनुसार साल 2025 तक दुनिया भर में किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों की संख्या दो करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ रहे हैं तथा आनुवंशिक, जीवनशैली, आहार, पर्यावरण और स्वास्थ्य देखभाल कारकों के जटिल अंतर्संबंध के कारण कुछ प्रकार के कैंसर अधिक प्रचलित हो रहे हैं। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि युवा भारतीय भी उन कैंसरों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं, जो पारंपरिक रूप से वृद्ध आबादी को प्रभावित करते रहे हैं।

जागरूकता की कमी, देर से निदान और सामाजिक कलंक के कारण परिणाम और भी बदतर होते जा रहे हैं। जैसे-जैसे औषधि विज्ञान ने वैक्सीन के ज़रिए कई बीमारियों को रोकने में सफलता पाई है, वैसे ही यह आशा भी जगी है कि इनके ज़रिए कैंसर का इलाज भी संभव हो पाएगा। इस दिशा में तरक्की की ख़बरें भी आ रही हैं। अप्रैल 2024 में ब्रिटेन में पहली बार ट्रायल के तौर पर मेलानोमा कैंसर वैक्सीन मरीज़ों को दी गई। फेफड़ों के कैंसर से लड़ने के लिए बनाई गई एक वैक्सीन का सात देशों में प्रयोग या ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं फ़्लोरिडा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी वैक्सीन बनाई है, जिससे सबसे सामान्य किस्म के ब्रेन कैंसर की रोकथाम हो सकती है।

# भारत-अमेरिका टैरिफ डील और कुछ जरूरी सवाल





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

सोमवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भारत–अमेरिका रिश्तों में नई हलचल पैदा कर दी। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने भारत पर लगाया टैरिफ घटाकर 18% कर दिया है और बदले में भारत रूस से तेल खरीद बंद करने, अमेरिका से ज़्यादा तेल खरीदने और 500 अरब डॉलर तक की 'बाय अमेरिकन' खरीद के लिए राज़ी हो गया है। कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर धन्यवाद संदेश लिखा।

पहली नज़र में यह बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत जैसी लगी। शेयर बाज़ारों ने राहत की सांस ली, रुपया संभला और उद्योग जगत में उम्मीद जगी, लेकिन जैसे-जैसे विवरण सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। यह समझौता कम, राजनीतिक संकेत ज़्यादा लगता है और शायद यही वजह है कि इस वक्त भारत को उत्सव से ज़्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। अगस्त में रूस से तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25% 'पेनल्टी टैरिफ' जोड़ दिया गया- यानी कुल 50%। अब रूस वाला 25% हटाया जाएगा और कुल टैरिफ 18% रह जाएगा। सुनने में यह बड़ी राहत है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है। कपड़ा, चमड़ा, जूते और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान सेक्टर इस टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। अक्टूबर में निर्यात करीब 12% गिर चुका था और व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस लिहाज़ से 18% टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए ऑक्सीजन जैसा है। कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इससे 2026 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2–0.3 प्रतिशत अंक बढ़ सकती है।

सवाल यह भी है कि इसके बदले भारत ने वास्तव में क्या-क्या मान लिया? ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर तीन बड़े दावे किए- भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, भारत अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य तक ले जाएगा और भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज़्यादा का सामान खरीदेगा, जिसमें ऊर्जा, टेक, कृषि और कोयला शामिल है।

प्रधानमंत्री मोदी के संदेश में इन तीनों में से किसी बात की पुष्टि नहीं है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर टैरिफ घटा है और साझेदारी नई ऊंचाइयों तक जाएगी। भारत द्वारा रूसी तेल पूरी तरह बंद करने के दावे पर संदेह है। दरअसल 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत सस्ते रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था। हाल के महीनों में आयात कुछ घटा ज़रूर है, लेकिन भारत–रूस रणनीतिक रिश्तों को देखते हुए इसे पूरी तरह खत्म करना बेहद मुश्किल है।

ट्रंप का दूसरा बड़ा दावा है- 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद। ज़रा आंकड़े देखिए। 2024 में भारत–अमेरिका कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 212 अरब डॉलर था। उसी साल भारत ने अमेरिका से सिर्फ 41.5 अरब डॉलर का सामान खरीदा और सेवाओं का आयात करीब 41.8 अरब डॉलर रहा- यानी कुल मिलाकर लगभग 83 अरब डॉलर। अब सोचिए- 83 अरब से सीधे 500 अरब डॉलर। लगभग 500% की छलांग।

जानकारों का कहना है कि भारत द्वारा सभी टैरिफ शून्य करना असंभव सा लगता है, खासकर कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। भारत का इतिहास बताता है कि वह दोहा दौर से लेकर अब तक कृषि बाज़ार खोलने में हमेशा बेहद सतर्क रहा है। संभावना यही है कि भारत कुछ चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ घटाएगा, जिसे ट्रंप घरेलू राजनीति में 'जीरो टैरिफ' की बड़ी जीत की तरह पेश करेंगे।

यह समझौता सिर्फ व्यापार नहीं, भू-राजनीति से भी जुड़ा है। अगर भारत सचमुच रूसी तेल से दूरी बनाता है और अमेरिकी ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाता है, तो इसका सीधा असर उसकी रणनीतिक स्वायत्तता- वह नीति, जिसके तहत भारत किसी एक गुट में पूरी तरह नहीं बंधता, पर पड़ेगा। कांग्रेस ने भी इसी बिंदु पर सवाल उठाया है- क्या भारत धीरे-धीरे अमेरिकी खेमे की ओर झुक रहा है? यह भी याद रखना चाहिए कि हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ से ट्रेड डील की और उससे पहले ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। माना जा रहा है कि इन्हीं समझौतों ने ट्रंप पर भारत के साथ जल्दी सौदा करने का दबाव बनाया।

इस घोषणा से रुपये, शेयर बाज़ार और बॉन्ड मार्केट पर लटकी अनिश्चितता की तलवार ज़रूर हटी है। निवेशकों को संकेत मिला है कि अमेरिका–भारत रिश्तों में ठंडापन कम होगा, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सवाल बने हुए हैं। अगर भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए दरवाज़े खोलता है, तो इसका असर घरेलू किसानों पर पड़ेगा। सस्ती अमेरिकी दालें, मक्का या डेयरी उत्पाद भारतीय कृषि बाज़ार को झटका दे सकते हैं। अगर 'बाय अमेरिकन' नीति के तहत बड़े पैमाने पर आयात बढ़ता है, तो भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सेक्टर पर दबाव आ सकता है।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि यह डील ट्रंप और मोदी की 'मज़बूत दोस्ती' का नतीजा है और कुछ तकनीकी दस्तावेज़ों पर जल्द दस्तखत होंगे। यही सबसे अहम बात है। अभी तक कोई संयुक्त लिखित समझौता सार्वजनिक नहीं हुआ है, इसलिए जब तक यह साफ़ न हो जाए कि किन उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, समय-सीमा क्या होगी, कृषि जैसे संवेदनशील सेक्टर शामिल होंगे या नहीं और रूस से तेल पर भारत की वास्तविक प्रतिबद्धता क्या है, तब तक इसे अंतिम समझौता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक घोषणा ही माना जाना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम को अगर एक वाक्य में समेटें, तो यही कहा जा सकता है- भारत को जश्न मनाने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए। 18% टैरिफ निश्चित रूप से राहत है। इससे निर्यात को सहारा मिलेगा और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, लेकिन 500 अरब डॉलर की खरीद, शून्य टैरिफ और रूसी तेल पर कथित प्रतिबद्धता- ये सब अभी दावों के स्तर पर हैं। असली पेंच डिटेल में छिपा है।

भारत–अमेरिका टैरिफ डील के विवरण जैसे-जैसे सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। भारत के लिए उत्सव से ज्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

### आमने सामने



माता–पिता अक्सर वही कफ सिरप बच्चों को दे देते हैं, जो वे खुद के लिए लाते हैं। इनमें कोडीन जैसे केमिकल होते हैं, जिनका ओवरडोज जानलेवा साबित हुआ। दवाई खराब होने से कोई डेथ नहीं हुई है। इस मामले में कोई बड़ी संख्या में मौतें नहीं हुई हैं।

-गजेंद्र सिंह खिमसर
स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार

जब मंत्री खुद मान रहे हैं कि मौतें हुई हैं, तो इसकी गंभीरता को समझना चाहिए। जिस कंपनी की दवा पर सवाल उठ रहे हैं, वह कई जगह ब्लैकलिस्ट भी हुई है। मुमकिन है कि दवा पहले ठीक हो और बाद में उसकी गुणवत्ता खराब हो गई हो।

-टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान सरकार



# टूरिज्म कंट्री का सरताज बनने की तरफ भारत



अजय दयाल
हल्द्वानी

जब हम टूरिस्ट की बात करते हैं, तो जेहन में उनका घूमना-फिरना और मौज-मस्ती ही आती है, जबकि पर्यटन या पर्यटक का अर्थ व्यापक है। इनमें देशी-विदेशी ऐसे लोग भी आ जाते हैं, जो अपने व्यवसाय को किसी अन्य देश या राज्य में स्थापित करने अथवा विकसित करने की मंशा से यात्रा करते हैं। स्वाभाविक है, यात्रा करेंगे तो होटल, खानपान, घूमना-फिरना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनेंगे। जहां हम पर्यटन को चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी संज्ञा देने लगे हैं, वहीं बिजनेस टूरिज्म भी इसमें जोड़ लेना चाहिए। संभवतः टूरिस्ट शब्द की इसी व्यापकता को ध्यान में रखते हुए हुए ही केंद्रीय बजट में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं।

ताजा घोषणाओं के अनुसार, देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है। साफ है कि इसके पीछे सरकार की मंशा इंडिया को ऑल-सीजन डेस्टिनेशन और ग्लोबल टूरिस्ट-हब बनाना है। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में 2,438.40 करोड़ रुपये दिए गए हैं। लक्ष्य है कि 2047 तक 10 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आएं। 2034 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 43.25 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है। ऐसा हुआ तो हमारा देश 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार देने में सक्षम बनेगा। पर्यटन मंत्रालय की इंडिया टूरिज्म स्टैटिक्स रिपोर्ट देखें, तो पाएंगे कि इंडिया में हर साल करीब एक करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं, जिनमें से 6–7 फीसद बौद्ध पर्यटक होते हैं, इसीलिए बजट का फोकस अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट के विकास पर है।

वहीं धार्मिक पर्यटन को और गति देने के मद्देनजर टेंपल सिटी के तौर पर पहचाने जाने वाले शहरों में बुनियादी सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित की जानी है। इसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा, जम्मू-कश्मीर का जम्मू, उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे शहरों पर फोकस होगा। वहीं दक्षिण में तमिलनाडु के मदुरै और कांचीपुरम, कर्नाटक का हम्पी, आंध्र प्रदेश का तिरुपति, ओडिशा का भुवनेश्वर और पुरी को विकसित किया जाना है। इसी तरह पश्चिम बंगाल का बिश्नुपुर, मध्य प्रदेश का उज्जैन और खजुराहो, गुजरात का द्वारका और महाराष्ट्र का पंढरपुर शामिल रहेगा।

दिलचस्प तो यह है कि सरकार के थिंक टैंक ने पर्यटन उद्योग को इस बार गति देने को फुलप्रूफ योजना तैयार की है। बकायदा भारतीय पर्यटन स्थलों का डिजिटल डेटा तैयार होगा। इससे ऑनलाइन रिसर्च करने वाले विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे। उन पर्यटकों का भी योजना में ध्यान रखा जाएगा, जिनकी दिलचस्पी इतिहास जानने-समझने में होती है। ऐसे में पुरातात्विक स्थलों को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। इनमें लोथल, धोलावीरा, राखीगढ़ी, सारनाथ, लेह पैलेस, आदिचनल्लूर, हस्तिनापुर जैसे देश के 15 पुरातात्विक स्थल एक्स्पीरियंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन्स के रूप में विकसित होंगे।

स्पष्ट है कि टूरिज्म को लेकर ऐसी योजनाओं, व्यवस्थाओं से स्थानीय स्तर पर भी शोधार्थियों, इतिहासकारों, कंटेंट क्रिएटर्स, होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, स्थानीय हस्तशिल्प, होम-स्टे और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के मौके बढ़ेंगे। टूरिज्म का एक और भाग महत्वपूर्ण है। वह है एडवेंचर टूरिज्म। केवल एडवेंचर के लिए ही दुनिया भर में अपना पसंदीदा स्थान तलाशने वाले भी कम नहीं। सरकार की सोच इसी को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में माउंटेन ट्रेल्स (ट्रैकिंग के रास्ते) विकसित किए जाने की है। स्वाभाविक है इसे एडवेंचर टूरिज्म के तौर पर प्रचारित किया जाएगा। पूर्वी घाट के अरकू वैली और पश्चिमी घाट के पोधीगई मलई जैसे दुर्गम क्षेत्र भी माउंटेन ट्रेल्स बनेंगे। वहीं, ओडिशा, कर्नाटक और केरल में टर्टल ट्रेल्स बनेंगे। इन दूरगामी विकास योजनाओं से पर्यावरण संरक्षण भी होता रहेगा।

बजट में विदेशी सैलानियों के लिए भी जिस तरह उनके टूअर पैकेज टैक्सेज में सुविधा दी गई है, उससे भी सरकार की दूरगामी टूरिज्म मॉडल की गंभीरता समझ में आती है। ट्रैकिंग पर्यटन की अपार संभावनाओं को विकसित कर विदेशी सैलानियों को आकर्षित किया जाना है। खासकर जो पर्यटको की पहुंच से बहुत दूर हैं, उन्हें विकसित करने की योजना बजट में है। इस तरह दूरस्थ ग्रामीण स्थान जो लोकल लोगों के लिए महज एक पिछड़ा गांव हैं, पर्यटक स्थल बन जाएंगे।

अगर यह योजना पूरी तरह से मूर्त रूप ले लेगी, तो इससे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे तमाम शहरों और गांवों की भी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। फिर ग्रामीणों को भी घर बैठे रोजगार मिलेगा। अब सरकार की मंशा और बजट के उद्देश्यों को कितना जमीन पर उतारा जाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है।

### सोशल फोरम

## नन्हें मेहमान के लिए थम गया ट्रैफिक

थाईलैंड में सामने आया एक दृश्य केवल एक खबर नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया के दिलों को जोड़ देने वाला ऐसा पल बन गया, जिसने यह याद दिला दिया कि इंसानियत आज भी ज़िंदा है। हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही, तेज़ ट्रैफिक के बीच एक चलती गाड़ी में जीवन ने जन्म ले लिया और कुछ ही सेकंड में वह सड़क एक साधारण रास्ता नहीं, बल्कि उम्मीद और संवेदना का मंच बन गई।



अंकित भारद्वाज
ब्लॉगर

जैसे ही गाड़ी में डिलीवरी होने की खबर फैली, ट्रैफिक थम सा गया, हॉर्न की आवाज़ें ख़ामोश हो गईं और हर दिशा से लोग मदद के लिए दौड़ पड़े, मानो सभी एक ही परिवार का हिस्सा हों। मां पहले घबराई हुई थीं, दर्द, डर और अनिश्चितता उनके चेहरे पर साफ़ झलक रही थी, लेकिन उसी पल जब उन्होंने अपने बच्चे की पहली आवाज़ सुनी, तो वही चेहरा खुशी के आंसुओं से भर उठा।

वह पल ऐसा था, जहां डर ने हार मान ली और ममता ने जीत हासिल कर ली, जहां आंसू तकलीफ के नहीं बल्कि जीवन की जीत के थे। सड़क पर खड़े अजनबी लोग अचानक अपने नहीं रहे, वे सब उस नवजीवन के स्वागत में शामिल हो गए, किसी ने पानी दिया, किसी ने कपड़ा, तो किसी ने बस दुआएं। ट्रैफिक जाम उस दिन बाधा नहीं बना, बल्कि वह एक ऐसी व्यवस्था बन गया, जिसने एक मां और बच्चे को सुरक्षा की चादर में लपेट लिया।

जब बच्चे की रोने की आवाज़ गूंजी, तो वह केवल एक शिशु की पुकार नहीं थी, वह इंसानियत की जीत की घोषणा थी। उस मां की घबराहट पल भर में गर्व और खुशी में बदल गई और उसकी मुस्कान ने वहां मौजूद हर आंख को नम कर दिया। आगे जो हुआ, वह दृश्य कैमरे में कैद ज़रूर हुआ, लेकिन उसका असर सीधे दिलों में उतरा, क्योंकि कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें शब्द नहीं, सिर्फ़ महसूस किया जा सकता है।

यह घटना हमें सिखाती है कि जीवन कभी भी, कहीं भी, किसी भी हालात में जन्म ले सकता है और इंसानियत अगर साथ हो तो हर रास्ता अस्पताल बन सकता है। दुनिया चाहे कितनी भी तेज़ क्यों न भाग रही हो, कुछ पल ऐसे होते हैं, जहां समय खुद रुककर जीवन को सलाम करता है।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## समानता व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी महिलाएं

किसी भी देश के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं न केवल परिवार की आधारशिला होती हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय योगदान देती हैं। इसके बावजूद लंबे समय तक महिलाओं को आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक अवसरों में समानता नहीं मिल पाई। इसी असमानता को दूर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बनाए जाने वाले बजट में महिलाओं की विशेष आवश्यकताओं और सशक्तिकरण पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2026-27 का यूनियन बजट इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

भारतीय समाज में आज भी महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा में असमानता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, रोजगार के सीमित अवसर, वेतन में भेदभाव, घरेलू हिंसा और सुरक्षा की समस्याएं आज भी गंभीर मुद्दे हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय है। ऐसे में महिला-अनुकूल बजट की आवश्यकता इसलिए महसूस होती है, ताकि महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जा सकें, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार हो, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिले, आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिले तथा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। भारत सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 'मुद्रा योजना', 'मिशन शक्ति' जैसी अनेक योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिलता है। ये योजनाएं महिला-अनुकूल बजट की भावना को मजबूत करती हैं।



प्रो. नीलिमा गुप्ता
पूर्व कुलपति

महिलाओं को स्थाई उद्यम, बेहतर फाइनेंसिंग और सीधे बाजार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शी (सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर) मार्ट स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे महिलाऐं टिकाऊ उद्यमिता की और अग्रसर हो सकेंगी और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा। 'लखपति दीदी योजना' का विस्तार, महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिया के लिए प्रोत्साहन एक सार्थक पहल है। यह घोषणाएं समाज में अवश्य ही बदलाव लाएंगी। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों वर्गों की महिलाओं को सामान अवसर मिलेगा।

दूर-दराज से पढ़ने की लिए आने वाली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं की लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खुलने से बहुत रहत मिलेगी। छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए नए शहर में रुकने की बहुत बड़ी समस्या होती है, इस समस्या के निदान के लिए यूनियन बजट द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए हर जिले में (800) गर्ल्स हॉस्टल खुलने से छात्रों के सपनों को पंख लगेंगे।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को बढ़ावा दिया गया है, जिसमें महिला-अनुकूल बजट की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं सहायता समूहों, मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप योजनाओं और महिला उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं घरेलू उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि-आधारित व्यवसाय और सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। इससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा साकार होगी।

यह स्पष्ट है कि महिला-अनुकूल बजट आत्मनिर्भर भारत का सहायक नहीं, बल्कि उसका मूल स्तंभ है। महिलाओं के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना अधूरी है। सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखती है। महिला-अनुकूल बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# आदिवासी लोक चित्रकला को देखने का बदलना होगा नजरिया



यह भी एक रोचक तथ्य है कि जिस प्रकार नगर कला पिछली सदियों में अनेक कला आंदोलनों एवं वैचारिक द्वंद्वों से गुजरती हुई अपने समकालीन रूप तक पहुंची है, इसी प्रकार लोक–आदिवासी कला भी अनेक धार्मिक–सामाजिक परिस्थितियों से गुजरती हुई अपने वर्तमान रूप तक पहुंची है। डब्ल्यूजी आर्चर, वेरीयर एल्विन एवं अन्य विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किए गए पश्चिम बंगाल के पटुआ पटचित्र, ओडिशा के जात्री पटचित्र, महाराष्ट्र के चित्रकथी पोथी चित्र, सौंरा आदिवासियों के इडीतल भित्ति चित्र एवं बिहार के मधुबनी के भित्तिचित्र आदि के जो पुराने नमूने हैं, वे उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध अथवा बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों के हैं। इनका स्वरूप वर्तमान में इन्हीं शैलियों के प्रचलित लोक चित्रों से बहुत भिन्न है।



मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली

**आदिवासी लोक चित्रकला का व्यवसायीकरण–** आदिवासी लोक चित्रों का एक रूप सन् 1960 के दशक में तब सामने आया, जब पारंपरिक लोक-आदिवासी चित्रकला के व्यवसायीकरण के प्रयास आरंभ हुए। उस समय पहली बार आदिवासी लोक चित्रकला में बाहरी विद्वानों द्वारा वैचारिक हस्तक्षेप आरंभ हुआ। पारंपरिक लोक चित्रकारों को यह समझाया गया कि उन्हें दीवार के बजाय कागज पर चित्रकारी करनी है तथा नए विषयों को सीमित आकार में चित्रित करने का प्रयास करना है। कुछ ही समय में सामग्री और तकनीक भी बदलवाई गई। इन प्रयासों के साथ ही पारंपरिक आदिवासी लोक चित्रकला के स्वरूप में बड़ी तेजी से परिवर्तन हुए। इससे पहले तक इसमें सामूहिकता एवं परंपरा के निर्वाह और उसकी पवित्रता तथा परिशुद्धता का महत्व सर्वोपरि था। लोक चित्रकार की व्यक्तिगत प्रतिभा और कल्पनाशीलता का स्थान गौण था। लोक चित्रकार की हेसियत पिंजरे में बंद पक्षी जैसी थी, परंतु अब उसे अपने पर खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

सन 1960 के दशक तक की आदिवासी लोक चित्रकला को मैंने कुछ इस तरह समझा-अपने परंपरागत स्वरूप में आदिवासी लोक चित्रकला क्षेत्र विशेष या समुदाय विशेष के जन-सामान्य द्वारा किया गया वह कलाकर्म है, जिसके मूल में शुभ का विचार होता है और जो अवसर विशेष से जुड़े अनुष्ठान एवं मान्यताओं को संपन्न करने हेतु किया जाता है। मूलतः यह कलाकर्म आजीविका कमाने हेतु नहीं, बल्कि अपने जीवन को प्रचलित विश्वासों और मान्यताओं के अनुरूप सुख एवं शांतिमय बनाने हेतु पारलौकिक शक्तियों से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह चित्र मानव का देवी-देवताओं को संबोधन है। यह चित्रित प्रार्थनाएं हैं, जिनके माध्यम से वे इस लोक एवं परलोक के मध्य संवाद स्थापित करते हैं। अपने इष्ट देवी-देवताओं का आह्वान करते हैं, उन्हें जाग्रत करते हैं, उन्हें शांत करते हैं, उनका धन्यवाद ज्ञापन करते हैं और उनकी आराधना करते हैं। यह चित्र मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं, बल्कि आदिवासी-लोक जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं।

### पारंपरिक परिभाषा पर उठते प्रश्न

वर्तमान में, इक्कीसवीं सदी के परिवेश में प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला को क्या उसकी इस परिभाषा अथवा उसके प्रति इस पारंपरिक सोच से व्याख्यायित किया जा सकता है? मेरे लिए यह एक विचारणीय प्रश्न है। क्या हमें अब प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला के समकालीन रूप को नए सिरे से समझने और परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं है? आदिवासी लोक चित्रकला का एक बड़ा भाग जो वर्तमान में शहरी कला बाजारों अथवा प्रदर्शनियों तथा इंटरनेट पर दिखाई देता है, वह उपरोक्त पारंपरिक परिभाषा से बहुत आगे जा चुका है। अब इन्हें बनाने के लिए न तो किसी विशेष अवसर की आवश्यकता है, न अनुष्ठान, त्योहार की और न ही इनके द्वारा किसी देव का आह्वान किया जाता है और न ही शमन। यह चित्र अपने पारंपरिक सामाजिक संदर्भ अथवा उत्तरदायित्व से मुक्त होकर केवल सौंदर्य सृजन एवं अर्थोपार्जन का माध्यम बन चुके हैं। ऐसा भी नहीं है कि समूचा परिदृश्य बदल गया हो, आज भी आंतरिक ग्रामीण अंचलों में कहीं–न–कहीं यह चित्र अपनी पारंपरिक पहचान और कलेवर बनाए हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि लोककला की स्थिति अब बदल चुकी है।

### शहरी कला बाजार और चित्रों का नया स्वरूप

आदिवासी लोक चित्रों के इस समकालीन समूह में वे सभी चित्र सम्मिलित हैं, जिनका प्रचलन पारंपरिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नहीं, बल्कि शहरी बाजारों में विक्रय हेतु बनाए जाने के साथ विकसित हुआ है। यह चित्र आदिवासी–लोक कलाकारों के परंपरा–सिंचित सौंदर्यबोध एवं उनकी व्यक्तिगत कला प्रतिभा की अभिव्यक्तियां हैं। इन चित्रों ने आदिवासी–लोक कलाकारों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं एवं आदिवासी–लोक कला को एक भिन्न धरातल पर प्रतिष्ठित कर दिया है। सामान्यत: आदिवासी–लोक चित्रकला को हम इनकी परंपरा के परिप्रेक्ष्य में ही देखते रहे हैं। रूपंकर कलाओं के संदर्भ में परंपरा का आशय केवल प्रचलित चित्रभाषा, अभिप्राय, प्रतीक, छवियां, रूपाकार, शैली आदि की पुनरावृत्ति तक सीमित नहीं रहता बल्कि इनमें सतत प्रवाहित जनचेतना का भी अपना महत्व है, जो इन्हें बदलते परिवेश में भी अपने मूल से जोड़े रखती है। इस समूचे परिदृश्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आदिवासी–लोक समाजों में कलाकारों का योगदान यही है कि वे इन परंपरागत कलाकृतियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा से समकालीन रूप तथा महत्व प्रदान करते हैं।

### मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल


आदिवासी लोक कला के व्यवसायीकरण की प्रक्रिया का एक परिणाम यह हुआ कि अब तक सामुदायिक अथवा सामूहिक समझी जाने वाली आदिवासी लोक कलाओं में कलाकारों के काम को व्यक्तिगत पहचान मिलना आरंभ हुआ। कलाकारों को अपनी सामुदायिक कला परंपरा के प्रतिनिधि के साथ–साथ एक निजी पहचान भी मिली। सामूहिक कलाकर्म में व्यक्ति का उदय हुआ। पारंपरिक ढर्रे पर कलाकर्म करते हुए कलाकार की व्यक्तिगत कला प्रतिभा को पहचान मिली, लेकिन आदिवासी लोक कलाकारों की यह यात्रा इतनी आसान नहीं रही। बदलते परिवेश में उनके कलाकर्म का उद्देश्य ही बदल रहा था। अब उन्हें अपने पारंपरिक चित्रों में धार्मिक–सामाजिक विश्वासों के अनुरूप पवित्रता नहीं बनाए रखनी थी, बल्कि उन्हें अपनी पारंपरिक शैलीगत पहचान बनाए रखते हुए निजी मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल को व्यक्त करना था। अब वे समुदाय से निकलकर कला के बाज़ार में प्रवेश कर गए थे। उन्हें अब अपनी कल्पना को विस्तार देना था और नए–नए विषयों पर चित्रों का सृजन करना था। आदिवासी लोक कला को देखने का एक अलग नजरिया मिला सन् 1980 में, जब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना के साथ एक नए कला आंदोलन ने जन्म लिया। प्रसिद्ध चित्रकार एवं कलाचिंतक जगदीश स्वामीनाथन के मार्गदर्शन में यह एक ऐसा कला आंदोलन था, जो शहरी समकालीन और ग्रामीण आदिवासी लोक कला को एक साथ भारतीय समकालीन कला के दो अभिन्न अंग मानता था। यहां आदिवासी लोककला भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, जितनी शहरी आधुनिक कला। यहां परंपरा का अर्थ केवल पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि उसमें निजता और नवीनता का सहज स्वीकार था।

### असीम संभावनाएं

परिणामस्वरूप पारंपरिक आदिवासी लोक कला पर पारंपरिक पवित्रता के आग्रह की जकड़ कम होने से आदिवासी लोक कलाकारों को चित्र सृजन में उसका कथ्य और रूप कल्पित करने में अपेक्षाकृत स्वतंत्रता मिलने लगी। परंतु उन पर यह जिम्मेदारी भी आ पड़ी कि वे अभिव्यक्ति की इस स्वतंत्रता को उसी सीमा तक ले जाएं, जहां तक उनकी पारंपरिक शैलीगत पहचान विलुप्त न होने पाए। भले ही आदिवासी लोक कलाकारों को अपनी–अपनी समुदायगत विरासत में मिली परंपरा ने उन्हें कृति सृजन के लिए समान विषयवस्तु प्रदान की है या उनका सौंदर्यबोध एक ही परंपरा द्वारा सिंचित है। परंतु उनकी व्यक्तिगत कल्पनाशीलता, रंग और रूप के प्रति सहज प्रतिक्रिया, कलाकार की निजी संवेदना आदि अनेक तत्व हैं, जो उनके कलाकर्म को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसे विशिष्टता भी प्रदान करते हैं। तब एक पारंपरिक निश्चित दायरे में काम करते हुए भी असीम संभावनाएं उभरकर सामने आती हैं, जो इन कलाकृतियों में आदिवासी लोक कलाकारों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को रेखांकित करती हैं। आज अनेक आदिवासी लोक चित्रकारों ने अपनी चित्रकला की परंपरागत पहचान बनाए रखते हुए भी, अपनी व्यक्तिगत सृजनशीलता से इस पारंपरिक कला में नए आयाम जोड़े हैं, अपनी पहचान बनाई है। अत: हमें भी समकालीन आदिवासी लोक कला को देखने और समझने के नजरिये में वांछित बदलाव की जरूरत है।

## अनोखी परंपरा

# नमक मांगना भी बन सकता है मुसीबत



दुनिया के हर देश की अपनी अलग सांस्कृतिक पहचान होती है, जो वहां के रीति–रिवाजों और सामाजिक व्यवहार में साफ झलकती है। ये परंपराएं पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती हैं और स्थानीय लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं। कई बार बाहरी लोग अनजाने में इन परंपराओं का उल्लंघन कर बैठते हैं, जिससे वे असहज या मुश्किल स्थिति में फंस सकते हैं। ऐसा ही एक अनोखा सामाजिक नियम मिस्र में देखने को मिलता है, जहां भोजन करते समय अलग से नमक मांगना अपमान माना जाता है।

मिस्र की संस्कृति में भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, आतिथ्य और आपसी संबंधों का प्रतीक है। जब कोई मेजबान अपने अतिथि के लिए भोजन तैयार करता है, तो वह उसे पूरे मन और मेहनत से बनाता है। ऐसे में अगर अतिथि खाने के दौरान नमक मांग ले या पकवान में अतिरिक्त नमक डाल दे, तो इसे यह संकेत माना जाता है कि भोजन स्वादहीन है या मेजबान ने उसे ठीक से नहीं बनाया। यही कारण है कि नमक मांगना वहां मेजबान और भोजन—दोनों का अपमान समझा जाता है। अगर आप मिस्र में किसी के घर दावत पर जाते हैं, तो बेहतर यही होता है कि जो भोजन परोसा गया है, उसे उसी रूप में स्वीकार करें। चाहे स्वाद आपकी आदतों के अनुरूप न भी हो, फिर भी उसमें किसी तरह का बदलाव करना सामाजिक शिष्टाचार के विरुद्ध माना जाता है। वहां यह माना जाता है कि अतिथि का सम्मान इसी में है कि वह मेजबान के प्रयासों को बिना किसी टिप्पणी के स्वीकार करे।

यह परंपरा केवल घरों तक सीमित नहीं है। मिस्र के होटल और रेस्तरां में भी नमक मांगना लोगों को अटपटा लग सकता है। हालांकि कुछ जगहों पर टेबल पर सॉल्ट–स्प्रिंकलर रखा मिल जाता है, लेकिन स्थानीय लोग इसे शायद ही इस्तेमाल करते हैं। कई बार अगर कोई पर्यटक इसका उपयोग करता है, तो आसपास बैठे लोग हैरानी से उसे देखने लगते हैं। इसलिए मिस्र की यात्रा पर जाते समय वहां की इस सांस्कृतिक बारीकी को समझना बेहद ज़रूरी है। वहां भोजन के स्वाद से अधिक सम्मान, परंपरा और भावनाओं को महत्व दिया जाता है।

## आर्ट गैलरी



# रेम्ब्रांट वैन रिजन की 'द नाइट वाच'

द नाइट वॉच रेम्ब्रांट वैन रिजन की सबसे मशहूर पेंटिंग्स में से एक है। इसे 1642 में डच गोल्डन एज के दौरान बनाया गया था। यह पेंटिंग कैप्टन फ्रांज बैनिंग कोक के नेतृत्व वाली एक कंपनी का ग्रुप पोर्ट्रेट है। यह पेंटिंग रोशनी और परछाई (टेनेब्रिज़्म) के नाटकीय इस्तेमाल और एक स्थिर सैन्य ग्रुप पोर्ट्रेट में गति के भ्रम के लिए जाना जाता है। 1808 में इस पेंटिंग को रिज्क्सम्यूजियम में ट्रांसफर कर दिया गया। वहां यह आज भी मौजूद है। इस पेंटिंग में 34 आकृतियां हैं, जिनमें वॉलंटियर गार्ड के सदस्य, एक झंडाबरदार, एक ड्रमर और एक छोटी लड़की शामिल हैं। चित्रित लोगों का मुख्य काम अपने शहरों में रक्षक के रूप में सेवा करना था। यह सत्रहवीं सदी की डच पेंटिंग का एक प्रतीक और खास उदाहरण बनी हुई है।



### रिजन के बारे में

रेम्ब्रांट वैन रिजन एक डच चित्रकार थे। वह बारोक शैली में अपनी असाधारण कला के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने पूरे करियर में धार्मिक और पौराणिक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया और ऐसी उत्कृष्ट कृतियां बनाईं जिन्हें आज भी सराहा जाता है। उनका जन्म 1606 में हुआ और निधन 1669 में। रेम्ब्रांट की सबसे प्रसिद्ध कलाकृतियों में से एक 'द नाइट वॉच' है, जो प्रकाश और छाया पर उनकी महारत को दिखाती है। बारोक काल के चित्रकार रेम्ब्रांट ने कैरावैगियो जैसे इतालवी मास्टर्स से प्रेरणा ली। चियारोस्क्यूरो का उपयोग नाटकीय दृश्य बनाने के लिए प्रकाश और अंधेरे का कंट्रास्ट उनके काम की एक खास विशेषता बन गई। यह तकनीक न केवल 'द नाइट वॉच' में, बल्कि 'द एनाटॉमी लेसन ऑफ डॉ. निकोलेस टल्प' जैसी अन्य उल्लेखनीय पेंटिंग्स में भी देखी जा सकती है। अपनी कलात्मक प्रतिभा के लिए सराहे जाने के अलावा, रेम्ब्रांट का डच सांस्कृतिक विरासत में भी एक महत्वपूर्ण स्थान है।

## लोकायन

# तमाशा : जीवंत लोक-नाट्य परंपरा

तमाशा लोक नृत्य और नाट्य प्रस्तुति का एक विशिष्ट रूप है, जिसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी के आरंभ में महाराष्ट्र में मानी जाती है। अपने आरंभिक दौर से लेकर आज तक तमाशा न केवल महाराष्ट्र, बल्कि भारत के सबसे लोकप्रिय और जीवंत लोक कला रूपों में गिना जाता है। यह लोकनाट्य संगीत, नृत्य, अभिनय और कविता का ऐसा संगम है, जो जनसाधारण की भावनाओं को सीधे अभिव्यक्त करता है।

तमाशा की प्रस्तुति में गायन और नृत्य के साथ कई पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है। इनमें ढोलकी, तुनतुनी (एक तार वाला वाद्ययंत्र), मंजीरा, डफ, हल्गी, कड़े नामक धातु का त्रिकोण, लेजिम, हारमोनियम और गुंघरू प्रमुख हैं। ढोलकी और हल्गी की सशक्त ताल तमाशा की पहचान मानी जाती है, जो पूरी प्रस्तुति को ऊर्जा और लय प्रदान करती है।

तमाशा का गहरा संबंध महाराष्ट्र के कोल्हाटी और महार समुदायों से रहा है। इन समुदायों द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस कला को जीवित रखा गया। तमाशा का इतिहास अन्य मराठी लोक कलाओं से भिन्न है, क्योंकि इसमें लोककथाओं, कविता और नाट्य का अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में नृत्य और संगीत की परंपरा का प्रभाव तमाशा में स्पष्ट रूप से झलकता है।



मराठी लोक साहित्य पर संस्कृत साहित्य का गहरा प्रभाव भी इसकी रचनात्मकता को समृद्ध करता है।

राम जोशी (1762-1812) को तमाशा का जनक माना जाता है। वे संस्कृत पुराणों, कीर्तन और नाट्य गायन के लिए प्रसिद्ध थे। बाद में मराठी साहित्यकार मोरोपंत के साथ उनके जुड़ाव ने तमाशा को नई दिशा दी। 'शाहिर' कहलाने वाले कवि-गायक रवानी ने तमाशा के लिए अनेक प्रेम और लोकगीतों की रचना की, जिससे यह कला और अधिक लोकप्रिय हुई। तमाशा के दो अन्य रूपों-पारंपरिक पड़ा गायन और दशावतार नाट्य रूप का भी उल्लेख मिलता है। यह कला महाराष्ट्र के साथ-साथ कर्नाटक, गोवा और कोंकण क्षेत्रों में भी प्रचलित है। तमाशा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए किसी विशेष मंच की आवश्यकता नहीं होती। गांव का चौक, घर का आंगन या खुला मैदान-हर स्थान इसका रंगमंच बन सकता है। संगीतकारों के प्रवेश से आरंभ होने वाला तमाशा आज भी लोक-संस्कृति की जीवंत धड़कन बना हुआ है।

# भारतीय कला शिक्षा, लोक परंपरा और समकालीन कला

यह लगभग निर्विवाद तथ्य है कि भारत में आज भी जिस औपचारिक कला शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा है, उसकी जड़ें औपनिवेशिक काल में स्थापित ब्रिटिश मॉडल में निहित हैं। जबकि आज यह स्पष्ट हो चला है कि मद्रास, कलकत्ता, बॉम्बे और लाहौर जैसे कला विद्यालयों की स्थापना का मूल उद्देश्य भारतीय कलाकार तैयार करना नहीं, बल्कि यूरोपीय बाजारों के लिए डिजाइन, कारीगरी और दृश्य सामग्री का उत्पादन था। परिणामत: इस शिक्षा प्रणाली में भारतीय कला परंपराओं को या तो 'क्राफ्ट' कहकर हाशिये पर रखा गया या फिर उन्हें आधुनिकता–विरोधी मानते हुए पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

आश्चर्य की बात यह है कि स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी कला शिक्षा के इस ढांचे में कोई बुनियादी वैचारिक पुनर्गठन नहीं हुआ। भारतीय कला इतिहास, जो सिंधु घाटी, मौर्य, गुप्त, मध्यकालीन, लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं के माध्यम से हजारों वर्षों में विकसित हुआ। आज भी कला महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में केंद्रीय ज्ञान-स्रोत के रूप में स्थापित नहीं हो पाया है। लोक और पारंपरिक कलाएं अधिकतर वैकल्पिक, गौण या "फोक स्टडी" तक सीमित हैं, न कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में।

इसी पृष्ठभूमि में समकालीन भारतीय कला जगत में एक विरोधाभासी स्थिति उभरती है। हाल के वर्षों में अनेक ख्यात और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय कलाकार अपनी कृतियों में भारतीय शिल्प, लोक कला, आदिवासी प्रतीकों और पारंपरिक तकनीकों का खुलकर उपयोग कर रहे हैं। विशेष रूप से विदेशी प्रदर्शनियों और बिएनाले संदर्भों में यह रुझान अधिक दिखाई देता है, जहां तथाकथित "इंडियननेस" (भारतीयता) एक सांस्कृतिक पूंजी के रूप में काम करती है। यहां भारतीय शैली के वस्त्र, कढ़ाई, गोंड, मिथिला, वारली या टेराकोटा जैसे दृश्य संकेत वैश्विक कला बाज़ार में विशेष पहचान और विशिष्टता प्रदान करते हैं।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि क्या इसे चोरी कहा जा सकता है? स्पष्ट है कि यदि चोरी से आशय शैली, प्रतीक और रूपों के उपयोग मात्र से है, तो कला इतिहास बताता है कि कोई भी कला परंपरा कभी भी पूर्णतः स्वायत्त नहीं होती। ऐसे में आधुनिक कला भी उधार, रूपांतरण और पुनर्संयोजन की प्रक्रिया से उत्पन्न अवधारणा या व्याख्या है। इस अर्थ में, केवल लोक रूपों के उपयोग को चोरी नहीं कहा जा सकता, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब यह उपयोग समान शक्ति-संबंधों के भीतर नहीं होता, बल्कि एक अभिजात्य, शहरी और संस्थागत कलाकार लोक या आदिवासी कला के दृश्य संसार को अपनाता है, लेकिन उन समुदायों को श्रेय नहीं देता, उनकी ऐतिहासिक, सामाजिक या आर्थिक स्थितियों से कोई संवाद नहीं करता और न ही उनके ज्ञान को समकालीन कला शिक्षा में स्थान दिलाने की कोशिश करता है, तो ऐसे में यह प्रक्रिया सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। इस हालात में लोक कला या प्रतीक प्रेरणा नहीं, बल्कि कच्चा माल बन जाती है।



इस संदर्भ में इस धारणा को आंशिक रूप से सही कहा जा सकता है, कि अभिजात्य कला समाज लोक कलाओं से चोरी कर रहा है, क्योंकि समस्या "उधार लेने" या प्रभावित होने में नहीं, बल्कि उस संस्थागत पाखंड में है। जहां एक ओर कला महाविद्यालयों और कला संकायों में लोक कलाओं को अकादमिक ज्ञान नहीं माना जाता, वहीं दूसरी ओर समाज में सदियों से प्रचलित लोक दृश्यता समकालीन कला की प्रतिष्ठा और कला बाजार का आधार बन जाती है। जाहिर है, ऐसे में यह असंतुलन लोक परंपराओं के प्रति एक संरचनात्मक अन्याय को उजागर करता है, जिसकी जड़ों में रचा बसा होता है अभिजात्य समाज का पाखंड।

वैसे यह कहना कि सभी अभिजात्य कलाकार "चोरी" कर रहे हैं या करते हैं, महज सरलीकरण होगा, किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि जब तक भारतीय कला शिक्षा अपने केंद्र में भारतीय कला परंपरा को पुनः स्थापित नहीं करती, तब तक लोक और शिल्प कलाओं का यह उपयोग नैतिक और वैचारिक सवालों से घिरा रहेगा। आवश्यकता है संरचनात्मक सुधार, न कि केवल शैलीगत समावेशन की। इस पूरे विमर्श का निष्पक्ष आकलन करते हुए यह स्वीकार करना आवश्यक है कि समकालीन भारतीय कला में लोक और पारंपरिक कलाओं का उपयोग न तो स्वभावतः गलत है और न ही स्वतः शोषणकारी। कला का इतिहास परस्पर ग्रहण, रूपांतरण और संवाद से ही निर्मित हुआ है। समस्या वहां उत्पन्न होती है, जहां यह ग्रहण असमान शक्ति-संरचना के भीतर होता है और संस्थागत स्तर पर लोक कलाओं को समान वैचारिक दर्जा नहीं मिलता। यदि कोई समकालीन कलाकार लोक या शिल्प परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के साथ ईमानदार संवाद करता है, श्रेय और सहभागिता सुनिश्चित करता है, तो यह प्रक्रिया रचनात्मक और नैतिक कही जा सकती है। किंतु जब वही तत्व केवल वैश्विक दृश्यता या बाजार की मांग के लिए अपनाए जाते हैं, तब यह सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। ऐसे में आज सबसे आवश्यक कदम कला शिक्षा के पाठ्यक्रम मं संरचनात्मक सुधार होना चाहिए। साथ ही भारतीय लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं को केवल सैद्धांतिक अध्ययन का विषय भर नहीं, बल्कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। साथ ही कलाकारों और कला संस्थानों को भी लोक समुदायों के साथ दीर्घकालिक, समानतापूर्ण सहयोग की दिशा में बढ़ना होगा। तभी सदियों से जारी यह अंतर्विरोध रचनात्मक संवाद में बदल पाएगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,739.13 | 25,727.55 |
| बढ़त | 2,072.67 | 639.15 |
| प्रतिशत में | 2.54 | 2.55 |

सोना 1,57,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,84,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 4 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



बिजनेस ब्रीफ

### केईसी इंटरनेशनल को भारत, विदेश में 1,020 करोड़ के ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली।** केईसी इंटरनेशनल ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के नए कार्य ऑर्डर हासिल किए हैं। कंपनी ने बताया कि इन सफलताओं के साथ चालू वित्त वर्ष में कंपनी का कुल ऑर्डर प्रवाह 20,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। आरपीजी ग्रुप की कंपनी केईसी इंटरनेशनल ने एक बयान में कहा कि ये ऑर्डर निर्माण, परिवहन, पारेषण और वितरण तथा केबल और कंडक्टर जैसे विभिन्न व्यवसायों में मिले हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विमल केजरीवाल ने परियोजनाओं का विवरण साझा किया।

### टेस्ला ने भारत में ईएमआई, प्रोत्साहन योजना शुरू की

**नई दिल्ली।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी।

### आईएनएस ने अखबारी कागज की लगातार कमी पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने देश में अखबारी कागज की कमी पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इस वजह से प्रकाशकों को आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। आईएनएस ने एक बयान में कहा, भारत में अखबारी कागज की सालाना खपत लगभग 12 लाख टन है, जबकि इसका घरेलू उत्पादन पांच लाख टन से अधिक नहीं हो पाया है। नतीजतन, भारतीय मिलें कुल मांग का सिर्फ 40 प्रतिशत ही पूरा कर पा रही हैं।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद

## उद्योग जगत ने कहा- समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान देगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं नवाचार केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील मित्तल से लेकर आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और महिंद्रा समूह के अनीश शाह तक भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश परिदृश्य को बदलने की इसकी क्षमता को रेखांकित करते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। महिंद्रा ग्रुप के सीईओ और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने इसे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि पथ पर होने के साथ, यह सौदा भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को सार्थक गति प्रदान करता है।



### बेहतर शर्तें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगी : निर्यातक

**नई दिल्ली।** निर्यातकों ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका के बीच घोषित व्यापार समझौते से श्रमप्रधान और एमएसएमई क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में यह सफलता ऐसे वक्त में मिली है, जब भारतीय उद्योग उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण तनाव में थे। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार है और बेहतर व्यापारिक शर्तें अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधान उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह कदम भारत के निर्यात-प्रतिस्पर्धी रुख को पुख्ता करता है और ऐसे समय में आया है जब अमेरिका अपनी आपूर्ति शृंखला को चीन से दूर ले जा रहा है।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो निवेश और वृद्धि के लिए अपार अवसर खोलता है। मित्तल ने कहा, मुक्त व्यापार समझौतों की श्रृंखला यह प्रमाण है कि भारत वैश्विक ढांचों के केंद्र में अपनी भूमिका निभा रहा है, जिसका उद्देश्य मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यापार रूपरेखा तैयार करना है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि कम शुल्क से इन दो महान देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और निवेश तथा सहयोग के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने भी कहा कि टैरिफ में कमी एक सकारात्मक कदम है, जो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करता है और दीर्घकालिक द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में, व्यापार में खुलापन भारतीय उद्योग को विस्तार करने, नवाचार करने और नौकरियां पैदा करने में मदद करेगा। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 'एक्स' पोस्ट किया, इससे संभलकर आगे बढ़ने के लाभों का पता चलता है। जब शोर थम जाएगा, तो दो स्वाभाविक साझेदार साथ आएंगे।

अपने-अपने दावे

### भारत निर्यात होंगे अमेरिका के कृषि उत्पाद: अमेरिकी सांसद

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ घोषित व्यापार समझौते से अमेरिका के कृषि उत्पादों का विशाल भारतीय बाजार में निर्यात होगा और यह समझौता रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने में भी मदद करेगा। अमेरिकी सांसदों ने यह बात कही।



सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सीनेटर जिम रिश ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत के साथ व्यापार समझौते की शानदार उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई। उन्होंने भारत को अमेरिका का एक करीबी साझेदार बताते हुए कहा, इस नए समझौते के तहत भारत ने अमेरिकी सामान खरीदने का संकल्प लिया है। यह अमेरिका को रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने और रूसी ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत के समर्थन को कम करके यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को खत्म करने में मदद करेगा। अमेरिका की कृषि सचिव ब्रुक रॉलिन्स ने अमेरिकी किसानों के लिए एक बार फिर काम करने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नया अमेरिका-भारत समझौता भारत के विशाल बाजार में अधिक अमेरिकी कृषि उत्पादों का निर्यात करेगा, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और ग्रामीण अमेरिका में नकदी का प्रवाह होगा।

### कृषि और डेयरी क्षेत्रों के हितों से कोई समझौता नहीं: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि भारत की अमेरिका के साथ एक अच्छे करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।



गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं। गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है। प्रधानमंत्री और ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों के कारण भारत को अमेरिका के साथ अच्छा समझौता हासिल हुआ है।

### अदाणी समूह और लियोनार्डो भारत में स्थापित करेंगे हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र

मेक इन इंडिया की ओर कदम

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और इटली की प्रमुख कंपनी लियोनार्डो ने मंगलवार को भारत में एक एकीकृत हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह कदम मेक इन इंडिया के प्रयासों को बढ़ावा देने दिशा में अहम बताया जा रहा है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इस साझेदारी के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को लक्षित करेगी, विशेष रूप से लियोनार्डो के उन्नत एडब्ल्यू169एम और एडब्ल्यू109 ट्रेकर हेलीकॉप्टरों के लिए ऐसा किया जाएगा। एक बयान में कहा गया कि यह सहयोग चरणबद्ध स्वदेशीकरण, मजबूत रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षमताओं तथा व्यापक पायलट प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा। भारत में हेलीकॉप्टर की उपलब्धता काफी कम है, जहां देश की जनसंख्या के हिसाब से 250 से भी कम हेलीकॉप्टर हैं। अनुमान है कि देश को अगले 10 वर्षों तक सालाना लगभग 100 हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता होगी।

### एयर इंडिया के बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू कर दी है। यह कदम रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु के बीच एक विमान में स्विच के खराब होने के बाद उठाया गया है। इस समय एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 या ड्रीमलाइनर विमान हैं।

कंपनी के उड़ान संचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष उप्पल ने बोइंग 787 पायलटों को बताया कि विमान के ईंधन नियंत्रण स्विच की बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी गई है। एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन के लिए मामले को बोइंग के पास भेजा है। उन्होंने एक ईमेल में कहा कि जब तक हम बोइंग की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, हमारे इंजीनियरों ने सामान्य संचालन को सत्यापित करने के लिए ईंधन नियंत्रण स्विच की एहतियाती बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी है।

### मौद्रिक नीति पर आज से होगी बैठक, स्थिर रह सकती है रेपो दर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार से शुरू हो रही है। बैठक में रेपो दर को यथावत रखने की उम्मीद है।

रेपो वह दर होती है जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इसमें कटौती बैंक ऋण सस्ता होता है, साथ ही बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज में भी कमी करते हैं। तीन दिन चलने वाली बैठक के बाद 6 फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा की जाएगी। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल चार बार में रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। फरवरी 2025 में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी।

### अमेरिकी शुल्क कटौती श्रमप्रधान क्षेत्रों के लिए सकारात्मक: मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- भारत के वस्तु निर्यात में जान फूंकेगा यह समझौता

मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में कटौती से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की ऋण चुकाने की क्षमता बेहतर होगी। इन क्षेत्रों का देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है।

मूडीज ने कहा कि यह व्यापार समझौता अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में नई जान फूंकेगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु निर्यात बाजार बना हुआ है, जो 2025 के पहले 11 महीनों में भारत के कुल वस्तु निर्यात का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। मूडीज ने कहा, कम शुल्क दर रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए भी ऋण चुकाने की क्षमता के लिहाज से सकारात्मक होगी, जो शीर्ष निर्यात क्षेत्रों में शामिल हैं।

#### रूस से तेल खरीद बंद की तो बढ़ेगी महंगाई

मूडीज ने कहा कि हाल के महीनों में भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद कम की है, लेकिन इसके पूरी तरह तुरंत बंद होने की संभावना नहीं है, क्योंकि ऐसा करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बाधक हो सकता है। मूडीज ने कहा, रूसी तेल से पूरी तरह हटकर अन्य स्रोतों पर निर्भरता आपूर्ति को और कड़ा कर सकती है, कीमतें बढ़ा सकती है और इसके कारण महंगाई भी बढ़ सकती है, क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है।



# विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन

## कहा- वाशिंगटन से क्यों मिल रही जानकारी, सत्ता पक्ष ने लगाया हताशा का आरोप

अमेरिका से व्यापार समझौते पर चर्चा की मांग को लेकर भारी हंगामा और नारेबाजी

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को जोरदार ढंग से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और संसद को विश्वास में लेने, सदन के पटल पर इनके पूरे मसौदे रखे जाने के साथ इन पर व्यापक चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से वाकआउट किया। इससे पहले विपक्ष ने सदन में हंगामा व नारेबाजी करते हुए सरकार पर देश के हितों से समझौता करने का भी आरोप लगाया। सत्ता पक्ष ने यह कहकर पलटवार किया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है।

उच्च सदन में शून्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद जब सभापति सीपी राधाकृष्णन ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, उसी समय कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि इस समझौते से जुड़ी जानकारी संसद के बजाय वाशिंगटन से मिल रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर संसद को विश्वास में लेने, सदन में पूरे मसौदे रखे जाने और उन पर व्यापक चर्चा की मांग की। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने उनका समर्थन किया। सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार देर रात को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कटौती की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सच्चा दोस्त बताया।



राज्यसभा में अमेरिका के साथ हुए समझौते पर बात रखते राजद सांसद मनोज झा।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है और वह अच्छी बातों में भी बुराई देखने लगा है। उन्होंने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए तैयार है और समझौते का हर छोटा-बड़ा विवरण देने को भी तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वक्तव्य देगी। लेकिन यह तरीका लोकतंत्र के लिए घातक है और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। विपक्षी सदस्यों के हंगामा और नारेबाजी के बीच सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जब सरकार वक्तव्य दे रही है तो सदस्यों को उसे सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। इसी बीच, विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अपनी सीटों से उठकर आगे की ओर बढ़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य हर मुद्दे पर राजनीति करना है और सदन में इसका उदाहरण देखा गया।

#### तृणमूल सांसदों ने अलग से किया बहिर्गमन

हंगामे-नारेबाजी के बीच तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। टीएमसी सदस्य साकेत गोखले सदन में बैठे रहे और कुछ देर बाद बाहर चले गए। बाद में टीएमसी के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के सोमवार को एसआईआर-प्रभावित परिवारों के साथ किए गए व्यवहार के विरोध में अलग से बहिर्गमन किया। सोमवार कोपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित 'बंग भवन' के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई थी। ममता ने गृहमंत्री के इशारे पर अपने राज्य में एसआईआर से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

### सीईसी के खिलाफ ला सकते हैं महाभियोग प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर धमकी देने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद मंगलवार को सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, सोमवार को जो कुछ हुआ उसके बाद हम इस चुनाव आयुक्त से किसी भी चीज की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर विचार करने के सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा, हालांकि हमारे पास बहुमत नहीं है फिर भी प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। जनता के हित में हम पार्टी में इस विषय पर चर्चा करेंगे और इसका समर्थन करेंगे। कम से कम यह रिकॉर्ड में तो दर्ज हो जाएगा। मुख्यमंत्री यहां चुनाव आयोग के मुख्यालय में ज्ञानेश कुमार के साथ हुई अपनी मुलाकात का उल्लेख कर रही थीं, जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर सीईसी पर तीखा हमला किया। उन्होंने आयोग पर पक्षपातपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि यह प्रक्रिया राजनीतिक उद्देश्य से चलाई जा रही है। चुनाव आयोग मुख्यालय से बाहर आने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, हम आहत एवं व्यथित हैं। मैं कई वर्षों से राजनीति में हूं। मैं चार बार मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं लेकिन मैंने कभी ऐसा सीईसी नहीं देखा जो इतना अहंकारी एवं झूठा हो।



- ममता बनर्जी ने कहा- हमारे पास संसद में बहुमत नहीं, पर रिकॉर्ड में दर्ज होगा प्रस्ताव

### प्रधानमंत्री ने भयंकर दबाव में अमेरिका के साथ किया व्यापार समझौता: राहुल

- कहा- छवि का गुब्बारा फूटने के डर से मोदी ने देश और किसानों को बेच दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भयंकर दबाव में हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने इस समझौते के माध्यम से किसानों और देश को बेच दिया है और इस बात से डरे हुए हैं कि उनकी छवि का गुब्बारा कहीं फूट न जाए।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। जो व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था, उसमें कुछ बदला नहीं और कल शाम उस पर हस्ताक्षर कर दिया गया। इसके पीछे क्या कारण हैं, वो मैं जानता हूं और मोदी जानते हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी जी पर भयंकर दबाव है। उनकी छवि का जो गुब्बारा हजारों करोड़ खर्च कर बनाया गया था, वो फूट सकता है। बड़ी बात यह है कि भारत के प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हो चुके हैं। आरोप लगाया, हिंदुस्तान के किसानों को यह समझना चाहिए कि इस समझौते में आपकी मेहनत और खून-पसीने को मोदी ने बेच दिया है। उन्होंने सिर्फ आपको नहीं, देश को बेच दिया है।

#### एक तो अदाणी मामला, दूसरे एपस्टीन फाइलों में छिपा सच

राहुल गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री पर दबाव के पीछे दो बाते हैं। पहला एप्सटीन फाइल हैं जिसमें अभी बहुत सामग्री है, जिसे जारी नहीं किया गया है। इनमें जो है, उसे पूरा देश जानना चाहता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के दबाव में आने का दूसरा कारण अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ दर्ज मामला है। इस मामले के बावजूद अमेरिका अदाणी को निशाना नहीं बना रहा है। यह निशाना मोदी के वित्तीय ढांचे पर है। जो अदाणी पर मामला है, वो दरअसल नरेंद्र मोदी पर मामला है।

### कांग्रेस को बताना चाहिए वह भारत के पक्ष में है या उसके खिलाफ: अनुराग

- पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- कांग्रेस नेताओं में साफ दिख रही है देश विरोधी भावना

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस आरोप पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के दबाव में आकर समझौता किया, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को पूछा कि कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दल बताएं कि वे भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं।

संसद भवन परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद विपक्ष के कई लोग जश्न मना रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता किए जाने के बाद भी विपक्ष के लोगों ने सवाल उठाए थे। ठाकुर ने कहा, यहां सवाल यह उठता है कि विपक्ष और कांग्रेस भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ। उन्होंने कहा, यह भारत-विरोधी मानसिकता राहुल गांधी, कांग्रेस और दूसरे विपक्षी नेताओं में साफ दिख रही है, क्योंकि वे संसद को काम भी नहीं करने दे रहे हैं।

#### विकास की चिंता नहीं, देश को गुमराह कर रहे राहुल: गोयल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर देश को गुमराह कर रहे हैं, उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। मंत्री ने इस बात पर भी दुख जताया कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, उन्होंने संसद में बहुत अभद्र व्यवहार किया, माननीय स्पीकर की सीट तक पहुंच गए।

### महाराष्ट्र : पंकजा मुंडे के उड़ान भरने से पहले हेलीकॉप्टर में खराबी

**छत्रपति संभाजीनगर।** जिला परिषद चुनाव के लिए प्रचार करने जा रही महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे को ले जाने वाले हेलीकॉप्टर में उनके प्रस्थान से कुछ घंटे पहले तकनीकी खराबी का पता चला तो खलबली मच गई। खराबी को ठीक करने के बाद वह दो घंटे की देरी से रवाना हो पाईं।

मुंडे सोमवार को एक विशेष विमान से छत्रपति संभाजीनगर पहुंचीं और बाद में दिन में चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुईं। हवाई अड्डे के एक अधिकारी के मुताबिक विमानन कंपनी ने जब उसी रात नियमित निरीक्षण किया तो हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खामियां मिलीं। चिकलठाणा हवाई अड्डे के प्राधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। मुंडे ने कहा कि हेलीकॉप्टर पुराना था, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को नहीं उठाया और अपनी यात्रा जारी रखी। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार की दुखद मौत के बाद से ही हवाई यात्रा को लेकर पार्टी नेताओं में चिंता बढ़ गई है।

### काफी सस्ते में चुनाव जीत गए बिहार के ज्यादातर विधायक

पटना, एजेंसी

- सभी विधायकों का चुनावी खर्च अधिकतम सीमा से 61 प्रतिशत
- चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल ब्योरे पर एडीआर की रिपोर्ट

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच ने 243 में से 240 नवनिर्वाचित विधायकों के चुनाव खर्च का विश्लेषण किया, जिसमें यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में विधायकों ने तय खर्च सीमा से काफी कम खर्च दिखाया है। एडीआर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 240 विधायकों में से 100 विधायकों यानी करीब 42 प्रतिशत ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव खर्च सीमा के 61 प्रतिशत से भी कम खर्च घोषित किया है।

बिहार चुनाव में विधायकों के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये थी, जबकि सभी विधायकों का औसत घोषित खर्च 24.33 लाख रुपये रहा जो कुल खर्च सीमा का मात्र 61 प्रतिशत है। भाजपा के 88 विधायकों का औसत खर्च 27.36 लाख रुपये यानी 68.4 प्रतिशत रहा। जदयू के 84 विधायकों ने औसतन 25.53 लाख रुपये यानी 63.8 प्रतिशत खर्च घोषित किया। वहीं राजद के 24 विधायकों का औसत खर्च 19.57 लाख रुपये यानी 48.9 प्रतिशत और लोजपा रामविलास के 19 विधायकों का औसत खर्च 19.60 लाख रुपये यानी 49 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के 6 विधायकों ने औसतन 13 लाख रुपये यानी 32.5 प्रतिशत खर्च दिखाया, जो सबसे कम है।

इसके अलावा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के 5 विधायकों का औसत खर्च 16.89 लाख रुपये, एआईएमआईएम के 5 विधायकों का 17.37 लाख रुपये, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 4 विधायकों का 24.84 लाख रुपये और भाकपा (माले) के 2 विधायकों का औसत खर्च 17.05 लाख रुपये दर्ज किया गया। एक-एक विधायक वाली पार्टियों में माकपा विधायक का खर्च 21.39 लाख रुपये, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के विधायक का 23.74 लाख रुपये और बसपा विधायक का 18.34 लाख रुपये रहा।



> हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। हम विश्व कप जीतने की कोशिश करने जा रहे हैं और हमारा पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमें वहां के लोगों पर भरोसा है कि वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा।
>
> **मिचेल मार्श, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया**


# स्टेडियम


मुरादाबाद, बुधवार, 4 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### साई की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे खेल मंत्री मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 120 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तहत चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जवाबदेही, समय पर पूरा होने और उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने को वह तिमाही समीक्षा करेंगे।संतुलित और समावेशी खेल अवसंरचना विकास सुनिश्चित करने को नई परियोजनाएं देश भर में साइ केंद्रों में फैली हुई हैं। इसमें पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्र भी शामिल हैं। इनमें बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में एक नये सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण शामिल है।

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे डी गुकेश



**ओस्लो।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।

### ईएफआई ने बिना ट्रायल राइडर्स को दी एनओसी

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चार घुड़सवारों को बिना किसी चयन ट्रायल्स के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से जांच के दायरे में आ गया है और इससे हितों के टकराव से जुड़ी चिंताएं पैदा हो गई हैं। ईएफआई ने दो जनवरी 2026 को एनओसी जारी की थी, जिसमें 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी के रूप में प्रमाणित किया गया है और उन्हें एफईआई की तरफ से यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है। जिन राइडर्स को विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत

हरारे, एजेंसी

- प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम, पांच बार खिताब जीते

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत छठी बार खिताब जीतने की दिशा में आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी पांच मैच जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने से अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छे फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि दाएं हाथ का बल्लेबाज तीन पारियों में 46 रन ही बना सका है। भारतीय गेंदबाजी की कमान हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है।




**भारत अंडर-19 :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**अफगानिस्तान अंडर-19 :** महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन। **मैच दोपहर 1:00 बजे।**

## भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच को लेकर विवाद

# कटघरे में पीसीबी, मैच के बहिष्कार पर अदालत जा सकता है जियोस्टार

कराची/नई दिल्ली, एजेंसी



- आईसीसी ने दी चेतावनी, कहा- टूर्नामेंट का आधिकारिक प्रसारक कर सकता है कानूनी कार्रवाई
- पीसीबी ने सरकार के निर्देश पर कोलंबो में होने वाले मुकाबले के बहिष्कार का फैसला कर रखा है

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के कारण उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने मंगलवार को दी।

पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अभी तक उसने इस फैसले के कारणों को औपचारिक रूप से आईसीसी को नहीं बताया है। पहले ही सूत्रों के हवाले से खबर दी जा चुकी है कि आईसीसी पाकिस्तान का सालाना राजस्व हिस्सा (लगभग 3.5 करोड़ डॉलर) रोक सकता है और उसी रकम से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार है।

पीसीबी के सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर अड़ा रहा तो उसे वित्तीय जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमा भी झेलना पड़ सकता है। इसके अलावा आईसीसी की विवाद निपटान समिति (डीआरसी) में जाने की कोशिश भी शायद नाकाम रहे। आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो आईसीसी के फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती।

### अनुबंध के उल्लंघन पर पीसीबी को अदालत में ले जाने का प्रसारक के पास पूरा अधिकार

सूत्र ने बताया कि आईसीसी ने जब अपने सभी आयोजनों के लिए प्रसारक के साथ चार साल का करार किया था, तब उसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल थे, जिसके आधार पर प्रसारक ने आईसीसी को भुगतान किया। इसलिए प्रसारक को अनुबंध के उल्लंघन के आधार पर पीसीबी और आईसीसी को अदालत में ले जाने का पूरा अधिकार होगा। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी ने इस मामले में अन्य सदस्य बोर्डों से समर्थन मांगा था, लेकिन उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिला। कई लोगों का मानना है कि पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी 12 फरवरी को बांग्लादेश में आम चुनाव होने और मौजूदा मोहम्मद यूनुस सरकार की जगह लोकतांत्रिक सरकार बनने के बाद अपना फैसला बदल सकते हैं।

### नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता

एक सूत्र ने कहा कि नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता हैं और उन्हें राष्ट्रीय टीम के हितों की खास चिंता नहीं है। वह राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और चुनाव के बाद यू-टर्न ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच से पहले दो दिन का वक्त रहेगा और हालात बदल सकते हैं। वरना वह जानते हैं कि पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया जा सकता है।

### पीसीबी ने अब तक आईसीसी को नहीं दी है लिखित सूचना

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अन्य सूत्र ने बताया कि सरकार के निर्देश के बावजूद पीसीबी को परेशानी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी इच्छा के अनुसार भारत में नहीं बल्कि तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने सभी मैच खेल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन मई में हुए टकराव के बाद भी एशिया कप या आईसीसी के टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से भी नहीं रोका है। पीसीबी ने अभी तक लिखित रूप में आईसीसी को कोई सूचना नहीं दी है, लेकिन इस बहिष्कार के फैसले को बांग्लादेश को विश्व कप से हटाए जाने के बाद उसके समर्थन में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

# सभी टेस्ट खेलने की इच्छा से टी20 विश्व कप से बाहर हुआ : कमिंस

मेलबर्न, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने से टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए फिट होने की इच्छा से प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से नहीं उबर पाने से टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है।

कमिंस ने कहा कि यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा। एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई। ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा।

### फॉर्म में चल रहे भारत को हराना मुश्किल होगा : क्लिंगर

**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा कि जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा।

### टी20 विश्व कप के तीसरे चरण के टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप की टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की। इससे पहले 11 दिसंबर 2025 और 14 जनवरी 2026 को शुरुआती दो चरण में टिकटों की बिक्री हुई जो सफल रही। बीसीसीआई ने कहा कि नवीनतम चरण प्रशंसकों को दुनिया की शीर्ष टीमों की मौजूदगी वाले इस टूर्नामेंट के दौरान होने वाले मुकाबलों के लिए सीट सुरक्षित का एक और मौका देता है। शनिवार से शुरू होने वाला टी20 विश्व कप भारत के कुछ सबसे जाने-पहचाने क्रिकेट स्थलों पर खेला जाएगा, जिससे ऐसा माहौल बनेगा जहां प्रशंसक पूरे टूर्नामेंट के दौरान शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और टी20 प्रारूप से जुड़े जज्बे को देख सकेंगे। जैसे-जैसे मेजबान शहरों में तैयारियां आखिरी चरण में पहुंच रही हैं तो बीसीसीआई संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर आयोजन स्थलों की तैयारी, संचालन योजना और मैच के दिन के अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# गुजरात ने दिल्ली को दिया 169 रनों का लक्ष्य

वडोदरा, एजेंसी

**डब्ल्यूपीएल एलिमिनेटर**

- बेथ मूनी ने खेली 51 गेंद पर नाबाद 62 रनों की शानदार पारी

सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62 रनों की शानदार पारी के दम पर गुजरात जायंट्स ने डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 7 विकेट पर 168 रन बनाए। मूनी ने 51 गेंदों में छह चौकों के साथ पांचवें विकेट के लिए जॉर्जिया वेयरहम के साथ 46 गेंद में 61 जबकि आखिरी ओवरों में काश्वी गौतम के साथ 19 गेंद में 39 रनों की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

वेयरहम में 25 गेंद में तीन चौके और एक छक्का लगाका 35 रन बनाए जबकि काश्वी ने 18 रनों की परी में तीन चौके जड़ें। कैपिटल्स के लिए शिनेल हेनरी ने 35 रन देकर दो जबकि नंदिनी शर्मा ने 44 देकर दो विकेट लिये। मिन्नू मणि को एक सफलता मिली।

दिल्ली ने 25 अतिरिक्त रन दिये जिसमें तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेटकीपर लिजेल ली के विकेट के करीब से कीपिंग करने से कई बार बाई में चार रन चले गए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शिनेल हेनरी की गेंद पर सोफी डिवाइन (6) विकेटकीपर को कैच दे बैठी। मूनी और अनुष्का शर्मा (16) ने मारिजेन कैप के खिलाफ चौके जड़ ओवर से 17 रन बटोर कर दबाव कम करने की कोशिश की। छठे ओवर में नंदिनी ने दो गेंदों पर दो विकेट झटकें। हेनरी ने कमाल का कैच लपककर अनुष्का को चलता किया जबकि कप्तान एशलीघ गार्डनर ने खाता खोले बगैर स्नेह राणा को कैच थमा दिया। कनिका आहुजा (6) ने चौका जड़ उन्हें हैट्रिक से रोक दिया। पावरप्ले के बाद गुजरात का स्कोर 3 विकेट पर 48 रन था। दिल्ली के गेंदबाजों ने शिकंजा कस दिया जिसका फायदा मिन्नू को मिला। कनिका शॉट के लिए बाहर निकली और ली ने उनके स्टंप बिखेर दिये। मूनी ने श्री चरण की गेंद को बाउंड्री पार भेज कर चौके के सूखे को खत्म किया। वेयरहम ने कैप और नंदिनी की गेंद पर चौका जड़ा जिससे टीम ने 14 ओवर में रनों का शतक पूरा किया। वेयरहम ने मूनी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। हेनरी ने अगले ओवर में वेयरहेम को चलता करने के एक गेंद बाद भारती फुलमाली को आउट किया। मूनी ने हेनरी के खिलाफ दो चौके जड़ने के दौरान 47 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।



बेथ मूनी

# एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे
- एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने एनआरएआई के अध्यक्ष को लिखे पत्र में की पुष्टि

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

एनआरएआई ने बताया कि इसका आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। एएससी ने पत्र में कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।

**टेनिस रैंकिंग**

## अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग रखी बरकरार



एरीना सबालेंका

# सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी



कार्लोस अल्काराज

- रिबाकिना की दो पायदान की छलांग, इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रिबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रिबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

### अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया

**रॉटरडैम।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव, फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है। अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच को हराकर मेलबर्न में पहला टाइटल जीता था।

### भांबरी एटीपी युगल टॉप 20 में शामिल



युकी भांबरी

**चंडीगढ़।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भांबरी एटीपी रैंकिंग में नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। युकी ने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी थे।